नई दिल्ली
मंगलवार, 30 दिसंबर 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष,
एकादशी वर्ष : 29, अंक : 257
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 21
न्यून. 08

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## बड़ा फैसला : सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के सजा निलंबित करने के फैसले पर फिलहाल रोक लगा दी

# दुष्कर्म के दोषी पूर्व विधायक सेंगर की सजा बरकरार रहेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार उन्नाव दुष्कर्म मामले में दोषी पाए गए भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के मुकदमे पर सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत की पीठ ने सेंगर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर फिलहाल रोक लगाई जाती है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ में सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से पेश हुए ▶▶ शेष पेज 5 पर

### शीर्ष अदालत की पीठ ने सेंगर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा

### 10 साल की सजा काट रहा है सेंगर


कुलदीप सेंगर

सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली पीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो की याचिका पर सुनवाई की। इसमें दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित करने के फैसले को चुनौती दी गई थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने 23 दिसंबर को सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित कर दी थी, जिसके बाद सीबीआई ने इस फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया। हाईकोर्ट ने इस बात को रेखांकित किया था कि सेंगर पहले ही सात साल, पांच महीने की अवधि जेल में बिता चुका है। दोषी करार ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पीड़िता बोली...कुलदीप सेंगर को फांसी दिलाने तक जारी रहेगी मेरी लड़ाई


पीड़िता

उन्नाव केस में कुलदीप सेंगर की उम्रकैद की सजा पर सुप्रीम कोर्ट के रोक लगाने के बाद पीड़िता ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। मुझे सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा था। मैं यह पक्का करूंगी कि उसे मौत की सजा मिले। वहीं पीड़िता की मां ने कहा कि हम खुश हैं। हम सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करना चाहते हैं। मेरी बेटी को न्याय मिलना चाहिए। दोषी को ▶▶ शेष पेज 5 पर

## दुष्कर्म के दोषी भाजपा के पूर्व विधायक सेंगर की रिहाई पर रोक न्याय की जीत- महिला कांग्रेस



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

महिला कांग्रेस ने उन्नाव दुष्कर्म मामले के दोषी भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की सजा निलंबित करने के हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने का स्वागत किया है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने इसे पीड़िता, उसके परिवार और न्याय के लिए आवाज उठाने वाले हर व्यक्ति की बड़ी जीत बताया।

नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला उन लोगों के मुंह पर जोरदार तमाचा है, जिन्होंने हाईकोर्ट में इस लड़ाई को कमजोरी से लड़ा और अपराधी को बचाने के रास्ते निकाले। उन्होंने बताया कि सीबीआई की ढीली पैरवी के कारण दोषी को राहत मिलने की स्थिति पैदा हुई थी, लेकिन अब यह साफ हो गया है कि नाबालिग बेटी के दुष्कर्म और परिवार के लोगों की हत्या का दोषी जेल में ही रहेगा। अलका लांबा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए उनके 'बेटी बचाओ' नारे पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री 'बेटी बचाओ' का नारा तो देते ▶▶ शेष पेज 5 पर

SENSODYNE

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई डीएसी की महत्वपूर्ण बैठक


# सेनाओं की बढ़ेगी युद्धक क्षमता, 79,000 करोड़ रुपए के रक्षा सौदों को डीएसी की मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी के साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय में सोमवार का दिन बेहद गहमागहमी वाला रहा। कारण, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई मौजूदा साल 2025 की अंतिम उच्च-स्तरीय रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक थी। जिसमें सेना, वायुसेना और नौसेना जैसी देश की तीन प्रमुख सशस्त्र सेनाओं से जुड़े हुए कुल 79 हजार करोड़ रुपए के रक्षा सौदों को मंजूरी (आवश्यकता स्वीकृति, एओएन) प्रदान की गई। यहां बता दें कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई सुरक्षा चुनौतियों के बीच सैन्य बलों की युद्धक और रणनीतिक क्षमता को तेजी से मजबूत बनाने की केंद्र की कवायद को जमीनी स्तर पर साकार करने का एक बड़ा माध्यम डीएसी है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि परिषद की इस बैठक में तीनों सेनाओं और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

#### सेना के लिए स्वीकृत प्रस्ताव

डीएसी से मिली हरी झंडी वाले सेना के प्रस्तावों में तोपखाना रेजिमेंट के लिए 21वीं सदी के आधुनिक तकनीक पर निर्भर युद्ध की एक अहम विधा लॉइटर म्युनिशन सिस्टम, लो लेवल लाइट वेट रडार, पिनाका मल्टीपल लांच रॉकेट सिस्टम (एमआरएलएस) के लिए लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट गोला बारूद, एकीकृत ड्रोन पहचान और अवरोधन प्रणाली मार्क-2 (आईडीडी-एंड-आईएस) मुख्य रूप से शामिल हैं।



### वायुसेना, नौसेना की यूं बढ़ेगी ताकत

मंत्रालय के मुताबिक, डीएसी ने भारतीय वायुसेना के लिए जिन रक्षा सौदों को मंजूरी दी है। उनमें अस्त्र एमके-2 मिसाइलें, स्वचालित टेकऑफ लैंडिंग रिकॉर्डिंग सिस्टम, फुल मिशन सिम्युलेटर और एसपीआईसीई-1000 लॉन्ग रेंज गाइडेंस किट मुख्य हैं। इसके अलावा समुद्री सेना यानी नौसेना के लिए डीएसी ने बैठक के दौरान बोलार्ड पुल (बीपी) टग्स, उच्च-आवृत्ति ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### अति विध्वंसक रूप लेगा पिनाका रॉकेट

पिनाका रॉकेट सिस्टम के लिए लंबी दूरी के निर्देशित गोला बारूद इसकी सटीक मारक क्षमता को बढ़ाएंगे। जिससे उच्च-मूल्य वाले लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से निशाना बनाया जा सकेगा। पिनाका रॉकेट सिस्टम एक स्वदेशी सिस्टम है, जिससे बहुआयामी युद्ध सामग्री के साथ अत्यंत शक्तिशाली रॉकेट को लांच किया जा सकता है। जो 75 किलोमीटर की दूरी तक निशाना लगा सकता है। सेना ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### आसान होगा तेजस विमान पायलटों का प्रशिक्षण

मंत्रालय ने बताया कि वायुसेना के लिए डीएसी ने जिन प्रस्तावों को मंजूरी दी है। उनमें शामिल फुल मिशन सिमुलेटर खासतौर पर स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस के पायलटों के प्रशिक्षण को किफायती और सुरक्षित तरीके से बेहतर बनाएगा। स्पाइक-1000 (एसपीआईसीई) वायुसेना की लंबी दूरी गाइडेंस किट की सटीक मारक क्षमता को बढ़ाएगा। बढ़ी हुई रेंज वाली अस्त्र मार्क-2 मिसाइलें लड़ाकू विमानों की क्षमता को बड़े स्टैंड ऑफ ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### आईओआर में नौसेना की बढ़ेगी निगरानी

डीएसी ने नौसेना के लिए जिस हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग रेंज रिमोटली पायलेटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम को मंजूरी दी है। उसके बल के जंगी बेड़े में शामिल होने के बाद हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) क्षेत्र में निरंतर खुफिया जानकारी, निगरानी मजबूत होगी। जबकि टोही और विश्वसनीय समुद्री क्षेत्र जागरूकता को भी यह सुनिश्चित करेगा। वहीं, बीपी टग्स से नौसेना के जहाजों और पनडुब्बियों को संकरे जलक्षेत्र, बंदरगाहों में बर्थिंग, ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### दिव्यास्त्र, शक्तिबाण यूनिटों की बढ़ेगी ताकत

सेना की दिव्यास्त्र और शक्तिबाण यूनिटें तोपखाना रेजिमेंट का आधुनिक रूप हैं। डीएसी द्वारा लाइटरिंग म्युनिशन के साथ स्वीकृत किए गए लाइटरिंग म्युनिशन सिस्टम का इलेक्ट्रॉनिक युद्धक्षेत्र के माहौल में इन दोनों यूनिटों में प्रयोग किया जाएगा। दिव्यास्त्र बैटरी में पारंपरिक तोप के साथ ड्रोन और लाइटरिंग म्युनिशन (दुश्मन के इलाके में मंडराकर सही समय पर वार करता है) जोड़े जाएंगे। जबकि शक्तिबाण पूरी तरह से तकनीक पर आधारित यूनिट है, जिसमें तोप नहीं होगी। केवल ड्रोन और उच्च-तकनीक पर आधारित हथियार होंगे। यह दुश्मन पर तुरंत सटीक निशाना लगाने में सक्षम होंगे। लाइटरिंग म्युनिशन सिस्टम से समूचे युद्धक्षेत्र में दुश्मन के अहम सामरिक लक्ष्यों को सटीकता से नष्ट करना आसान होगा। ये एक बड़ा फोर्स मल्टीप्लायर होगा। जिससे मनोवैज्ञानिक रूप से दुश्मन के मन में डर बिठाने और व्यापक नुकसान से भी बचा जा सकेगा। भारतीय सेना ने लाइटरिंग म्युनिशन के स्वदेशी सिस्टम की खरीद की शुरुआत की है। जिसे उक्त दोनों यूनिटों में शामिल किया जाएगा।

### क्रिसमस पर देश में हुई छिटपुट तोड़फोड़ के मामले पर पाक के विदेश मंत्रालय की टिप्पणी को रणधीर जायसवाल ने किया खारिज

## अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न को लेकर बदनाम पाकिस्तान, भारत को न दे ज्ञान: जायसवाल



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान है की सुधरता ही नहीं, उसके अपने देश में लंबे वक्त से बड़े पैमाने पर जारी अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के मामलों की चर्चा दुनियाभर में होती रहती है। जिसके बाद भी वो भारत पर उंगली उठाने से बाज नहीं आता।

ताजा मामला 25 दिसंबर को क्रिसमस के दौरान देश में कुछ जगहों पर हुई हल्की-फुल्की तोड़फोड़ से जुड़ा हुआ है। जिसे लेकर पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि भारत में अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न एक गंभीर चिंता का विषय है। जवाब में सोमवार को मीडिया द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दो टूक अंदाज में कहा कि वो पड़ोसी देश के फर्जी और मनगढ़ंत आरोपों को सिरे से खारिज करते हैं। एक देश (पाकिस्तान) जिसका इस मामले में खुद का रिकॉर्ड ही असल सच्चाई को बयान करने के लिए काफी है। विभिन्न धर्मों को मानने वाले अल्पसंख्यकों का खौफनाक और सुनियोजित उत्पीड़न पाकिस्तान से जुड़ा एक सर्वविदित तथ्य है। जिसे किसी भी सूरत में झुठलाया या बदला नहीं जा सकता है।


#### हर बार भारत से मुंह की खाता पाक

यहां बता दें कि ये पहला मौका नहीं है। जब पाकिस्तान ने भारत पर अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न का झूठा आरोप मढ़ने की कोशिश की है। इससे पहले भी वो कई बार संयुक्त राष्ट्र के मंच पर भी ऐसी हिमाकत कर चुका है। जिसका उसे वैश्विक मंच से लेकर देश के अंदर तक करारा जवाब दिया गया है।

### खबर संक्षेप

#### कोहरे के कारण 128 उड़ानें रद्द, 8 डायवर्ट

**नई दिल्ली।** घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने की वजह से दिल्ली एयरपोर्ट पर आने एवं जाने



वाले कुल 128 विमानों की यात्रा को रद्द करना पड़ा। वहीं 8 विमानों को दूसरे एयरपोर्ट की तरफ डाइवर्ट किया गया। इसके साथ ही लगभग 200 विमानों ने दिल्ली एयरपोर्ट से सोमवार को देरी से उड़ान भरी। वहीं दिल्ली स्टेशन पर सोमवार को लगभग 100 गाड़ियां देरी से पहुंची और लगभग तीन दर्जन रेलगाड़ियां देरी से रवाना हुई।

#### भारत की पहली स्वदेशी एमआरआई मशीन

**नई दिल्ली।** भारत ने अपनी पहली स्वदेशी एमआरआई मशीन बना ली है। यह उपलब्धी



वॉक्सलग्रिड्स नाम के स्टार्टअप के संस्थापक अर्जुन अरुणाचलम और उनकी टीम को मिली है। उनका स्टार्टअप श्रीधर वेम्बू की कंपनी जोहो द्वारा समर्थित था। इसके अलावा यह एमआरआई स्कैनर विदेशी मशीनों की तुलना में 40% सस्ता भी होगा। स्टार्टअप जोहो द्वारा समर्थित था। इस स्कैनर को फिलहाल नागपुर के पास चंद्रपुर कैंसर केयर फाउंडेशन में लगाया गया है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. कामत ने दी संगठन की पूरी टीम को बधाई



## डीआरडीओ ने किया 'पिनाका' रॉकेट का पहला सफल परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सोमवार को ओडिशा की एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर से लंबी दूरी के गाइडेड पिनाका रॉकेट (120 किलोमीटर रेंज) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. समीर.वी. कामत ने इसके लिए डीआरडीओ की समूची टीम को बधाई दी है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने बधाई संदेश में कहा, सफलता के साथ डिजाइन और निर्मित यह रॉकेट सशस्त्र सेनाओं की क्षमता में वृद्धि करेगा। उन्होंने इसे एक गेम चेंजर की संज्ञा भी दी है। वहीं, डॉ. कामत जो इस परीक्षण के साक्षात गवाह भी बने, उन्होंने संगठन की पूरी टीम को परीक्षण यानी मिशन से जुड़े हुए सभी उद्देश्यों को सफलता के साथ प्राप्त करने के लिए बधाई दी। परीक्षण को डीआरडीओ द्वारा रेंज में लगाए गए विभिन्न उपकरणों की मदद से व्यापक रूप से जांचा गया। पिनाका रॉकेट का डिजाइन स्वदेशी रूप से एआरडीई ने एचईएमआरएल और इमारत प्रयोगशाला के साथ मिलकर तैयार किया है।

### एक्स पर लिखे माफीनामे में कहा, मेरे बयान को गलत समझा, मैं माफी चाहता हूं

## जब सरकार ने दिखाए तेवर तो बदल गए भगोड़े ललित मोदी के सुर, छेड़ा 'माफी राग'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व अध्यक्ष और देश के भगोड़े आर्थिक अपराधी ललित मोदी को बीते दिनों लंदन में हुई विजय माल्या की जन्मदिन पार्टी में सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड करने के चक्कर में लेने के देने पड़ गए...अंत में इसके लिए उन्हें सोमवार को न केवल भारत की सरकार से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी पड़ी। बल्कि ये भी कहना पड़ा कि उनके बयान को सही ढंग से समझने में चूक हुई है, बयान में उनका आशय किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### भगोड़ों को वापस लाएंगे: जायसवाल

ललित मोदी का ये वीडियो एक्स पर तेजी से वायरल हुआ और उसी के साथ विदेश मंत्रालय के कानों तक भी बात पहुंच गई। बीते सप्ताह शुक्रवार को पत्रकारों ने मीडिया ब्रीफिंग में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से इसे लेकर तीखे सवाल पूछे। जिसका बेहद सख्त अंदाज में जवाब देते हुए जायसवाल ने कहा, 'भारत के जो भी भगोड़े हैं। सरकार उन्हें हर हाल में देश वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस संबंध में कई देशों के साथ नई दिल्ली का संवाद जारी है। केंद्र उनको वापस लेकर आएगा। जिससे इन अपराधियों को यहां स्वदेश में न्यायिक प्रक्रिया के दौरान जांच में शामिल होना पड़ेगा'।

### अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का संगठनात्मक स्तर पर अहम फैसला

## लंबे समय बाद हुआ संदीप दीक्षित का राजनीतिक पुनर्वास, मिली 'रचनात्मक कांग्रेस' की कमान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक स्तर पर एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए संदीप दीक्षित को रचनात्मक कांग्रेस का



अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। इससे पहले यह इकाई आउटरीच सेल के नाम से जानी जाती थी। पूर्वी दिल्ली के सांसद, मुख्यमंत्री रहीं शीला दीक्षित के पुत्र संदीप दीक्षित का लंबे समय के बाद राजनीतिक पुनर्वास हुआ है। पहले उन्हें एआईसीसी का प्रवक्ता बनाया गया था। लेकिन संगठन के फ्रेम में ऐसी कोई ठोस जिम्मेदारी उनके पास नहीं थी। अब उन्हें एक प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी देकर उनके नेतृत्व को कसौटी पर कसने का काम शीर्ष नेतृत्व ने किया है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### विभिन्न वर्गों से सार्थक संवाद स्थापित करेंगे

रचनात्मक कांग्रेस को एक समर्पित मंच के रूप में विकसित करने का निर्णय शीर्ष नेतृत्व ने लिया है, जिसका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों से सार्थक संवाद स्थापित करना है। रचनात्मक कांग्रेस नागरिक समाज समूहों, विषय विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, आंदोलनों से जुड़े कार्यकर्ताओं और मुद्दा-आधारित संगठनों के साथ संवाद का एक मजबूत मंच बनाने की जिम्मेदारी संदीप दीक्षित के पास होगी। इसका मुख्य उद्देश्य नीतिगत मुद्दों और सामाजिक सरोकारों पर व्यापक और अर्थपूर्ण चर्चा को प्रोत्साहित करना है।



डॉ. हिमांशु द्विवेदी

## तंजानिया...जहां वन और जीव, पर्यटन का ही नहीं, जीवन का भी अहम हिस्सा

जीवन में दो विषयों ने हमेशा ही बहुत आकर्षित किया। पहला वन और दूसरा वन्य जीव। जहां तक वनों की बात है तो तो यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि कान्हा नेशनल पार्क से बेहतर कोई नहीं। आकाश की ऊंचाई नापने को आतुर और सूरज की किरणों को दाखिल होने से रोकने की कोशिश में जुटे असंख्य साल वृक्षों की मौजूदगी रगों में रक्त के प्रवाह को सहज ही बढ़ा देती है। लेकिन, वन्य जीवों के संबंध में हालात पूरी तरह जुदा हैं। इस मामले में हमारा अतीत जितना भी गौरवशाली रहा हो पर लज्जित वर्तमान और आशंकित भविष्य ही सच्चाई है। जारी...

यात्रा वृत्तांत

नई- नई मानव बस्तियां बसाने, वनों को उजाड़ कर उनके नीचे से खनिज संपदा पाने और विलासिता व धनोपार्जन की ख़ातिर बेहिसाब वन्यजीवों के शिकार ने हमारे देश में कई वन्य प्राणियों को लुप्त या लुप्तप्राय ही कर दिया। तीन-तीन दिन तक कान्हा समेत तमाम नेशनल पार्क में सुबह शाम बाघ की तलाश करने के बाद भी सैलानियों का असफल लौटना आम बात है। इसके ठीक उलट हालात हैं भारत से छह हजार किलोमीटर दूर अफ्रीकी देश तंजानिया के। प्रथम विश्व युद्ध से पहले जर्मनी और उसके बाद ब्रिटिश उपनिवेश के रूप में जीने को मजबूर रहा इस देश को आजादी की सांस लिए पांच दशक ही बीते हैं। हिंद महासागर के मुहाने पर मौजूद प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर यह देश अभी अपने पैरों पर खड़ा होने की जद्दोजहद से ही गुजर रहा है। कच्चे मकान और टूटी सड़कों की भरमार है। कानून व्यवस्था का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि देश की व्यापारिक राजधानी समझे जाने वाले दार ए सलाम शहर में अधिकांश जगहों के लिए सलाह यही दी जाती है कि सूरज ढलने के साथ ही आपका अपने होटल में रहना ही बेहतर है। इसके बाद भी यहां दुनियाभर से पर्यटकों आना वर्ष भर लगा ही रहता है। इसकी एक मात्र वजह है इस देश में बेहिसाब वन्य जीवों का होना। बिग फाइव अर्थात सिंह, हाथी, गेंडा, तेंदुआ और वनभैंसा को ▶▶ शेष पेज 5 पर


*वन्य जीवों की भरमार के बीच तंजानिया ने राष्ट्रीय पशु के रूप में जिराफ को तय किया है। अपनी लंबी गर्दन के कारण विशिष्ट पहचान रखने वाले इस शाकाहारी जीव को शांत, सौम्य और अहिंसक स्वभाव के कारण सराहा जाता है। 5 से 6 मीटर की ऊंचाई और हजार किलो से ज्यादा वजनी इस जीव को अपनी पतली- पतली टांगो पर चलते देखना हैरत में डाल देता है। तंजानिया के तमाम नेशनल पार्क में सहजता से ही दिख जाने वाले इस जीव को मारना जघन्य अपराध है।*

# संपत्ति विवाद को लेकर की बुजुर्ग ससुर की पीट-पीटकर हत्या

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के बिंदापुर इलाके में संपत्ति विवाद को लेकर अपने बुजुर्ग ससुर की पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में 32 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस को 27 दिसंबर को सुबह करीब 10.46 बजे बिंदापुर के मनसाराम पार्क में हुई हत्या के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसके बाद एक टीम को घटनास्थल पर भेजा गया। पुलिस ने बताया कि मृतक नरेश कुमार (62) वायुसेना के सेवानिवृत्त कर्मी थे और वह घर की छत पर बेहोश पड़े मिले। उनकी पुत्रवधू गीता (परवीन की पत्नी) ने पुलिस को बताया कि उन्हें पीटा गया था और वह छत पर बेहोश पड़े थे। पुलिस ने बताया कि नरेश को अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

घटनास्थल पर एक अपराध दल और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) के विशेषज्ञों को बुलाया गया, जिन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था, जिसके कारण गीता अक्सर अपने ससुर से झगड़ा करती थी। नरेश की पत्नी का अगस्त में निधन हो गया था और गीता के पति हैदराबाद में काम करते हैं। बिंदापुर पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि जांच जारी है।

### रेस्तरां के प्लास्टिक शेड से गिरकर छात्र की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के गुजरांवाला इलाके में एक रेस्तरां के प्लास्टिक शेड से गिरकर एक किशोर की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उसे शनिवार को घटना के संबंध में सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि घायल किशोर कबीन (16) को उसके दोस्त अस्पताल ले गए हैं। कबीन 11वीं कक्षा का छात्र था और इसी इलाके का निवासी था। पुलिस के अनुसार, कबीन अपने सहपाठियों आर्यमन, कबीर और यश त्यागी के साथ रेस्तरां आया था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, ₹प्रारंभिक पूछताछ से पता चला है कि यह समूह सीढ़ियों से इमारत की छत पर पहुंचा था। कबीन वहां बगल की दुकानों के बीच गैलरी को ढकने के लिए लगाए गए एक प्लास्टिक शेड पर चढ़ गया।₹ अधिकारी ने बताया, ₹शेड कबीन का वजन नहीं सह सका और टूट गया, जिससे वह नीचे जमीन पर गिर पड़ा। उन्होंने बताया कि ऊंचाई से गिरने के कारण किशोर को गंभीर चोटें आईं और अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि घटना के सही क्रम का पता लगाने के लिए अपराध जांच टीम और फोरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

# बहुराज्यीय साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़, दो लोगों को किया गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने एक अनिवासी भारतीय (एनआरआई) महिला से 30 लाख रुपये की ठगी सहित साइबर धोखाधड़ी के अलग-अलग मामलों में दो लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जांच में 'डिजिटल अरेस्ट' के माध्यम से ठगी, फर्जी निवेश योजनाओं और कई राज्यों में कई फर्जी खातों के जरिये धनशोधन में शामिल एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है, जिसमें करोड़ों रुपये की रकम का लेन-देन हुआ है। अधिकारियों के अनुसार, पहला मामला भारतीय मूल की एक अमेरिकी नागरिक का है, जिसे दिल्ली पहुंचने के कुछ ही समय बाद निशाना बनाया गया था। उन्होंने बताया कि छह दिसंबर को महिला को एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से कॉल आया था।

फोन करने वाले व्यक्ति ने सैन फ्रांसिस्को दूतावास का अधिकारी होने का दावा किया और कहा कि उन्हें अमेरिका में दोबारा प्रवेश करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसके बाद महिला की दिल्ली पुलिस मुख्यालय के अधिकारी होने का दावा करने वाले व्यक्ति से बात कराई गयी और पुलिस की वर्दी पहने धोखेबाजों ने बार-बार वीडियो कॉल किए। उन्होंने बताया कि महिला को कथित तौर पर धमकाया गया और दबाव डालकर 30 लाख रुपये एक फर्जी बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लिये गए। अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई तथा पुलिस टीम ने पाया कि धोखाधड़ी से प्राप्त राशि पंजाब की एक कंपनी के खाते में जमा की गई और तुरंत कई अन्य खातों में अंतरित कर दी गई, जिसके बाद कुछ ही मिनटों में अलग-अलग राज्यों से निकाल भी ली गई। पुलिस ने मोहाली एवं चंडीगढ़ में छापेमारी की और वरुण नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जो साझेदारों में से एक था और जिस खाते में रुपये गये, उसका अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता था। पुलिस के मुताबिक, छापेमारी के दौरान 38 एटीएम कार्ड, 51 चेकबुक, कई मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, 2.45 लाख रुपये नकद और एक 'एसयूवी' कार जब्त की गई। दूसरे मामले में, दिल्ली के एक निवासी को एक फर्जी निवेश योजना के माध्यम से कथित तौर पर 31.45 लाख रुपये का चूना लगाया गया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित को एक व्हाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से बहला-फुसलाकर एक फर्जी ट्रेडिंग ऐप्लिकेशन इंस्टॉल करने के लिए मजबूर किया गया। पुलिस के मुताबिक, उसे ज्यादा मुनाफे का वादा कर छह अलग-अलग बैंक खातों में रुपये अंतरित करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस ने बताया कि रुपये के अंतरित होते ही व्हाट्सऐप ग्रुप खत्म हो गया और ऐप्लिकेशन ने काम करना बंद कर दिया। पीड़ित ने बाद में पुलिस से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर अपराध शाखा को जांच सौंप दी गयी।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी की पहचान अर्जुन सिंह (39) के रूप में हुई है, जो गुजरात के सुरेंद्र नगर का निवासी है। पुलिस ने बताया कि उसके दो अन्य साथी फरार हैं और उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।

# शिक्षकों को खास ड्यूटी सौंपने का शिक्षा निदेशालय ने नहीं दिया कोई निर्देश : दिल्ली सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- कुत्तों के मामले में हर संस्थान को प्राथमिकता के आधार पर एक नोडल अधिकारी करना होगा नियुक्त

शिक्षकों को कुत्तों को गिनने की खास ड्यूटी दिए जाने वाली जानकारी को गलत बताते हुए दिल्ली सरकार ने कहा कि शिक्षा निदेशालय द्वारा ऐसा कोई भी निर्देश स्कूलों को जारी नहीं किए गए हैं। दिल्ली सरकार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के सात नवंबर 2025 के आदेश के अनुसार आवारा कुत्तों से परेशान शहर, बच्चे चुका रहे हैं कीमत शीर्षक पर शहरी विकास विभाग के सचिव की अध्यक्षता में 12 नवंबर 2025 को और 20 नवंबर 2025 को दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद 27 नवंबर 2025 को जारी मिनट्स के भाग तीन में दिए गए निर्देशों को लागू करने का निर्देश दिया था, जो खासकर शैक्षणिक संस्थानों और खेल परिसरों में आवारा कुत्तों के प्रवेश को रोकने के संबंध में था। इसके बाद शिक्षा निदेशालय ने 20 नवंबर 2025 और 05 दिसंबर 2025 को शिक्षा निदेशालय के तहत सभी कार्यालयों, स्कूलों, स्टेडियमों के प्रमुखों को सर्कुलर जारी किए। साथ ही, संबंधित अधिकारियों/स्थानीय निकायों, जैसे दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी), दिल्ली छावनी बोर्ड (डीसीबी), भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को 24 नवंबर 2025 और 10 दिसंबर 2025 को पत्र/सर्कुलर जारी किए गए, ताकि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में निवारक और सुरक्षा उपायों को लागू कर सकें। जारी किए गए निर्देशों के अनुसार, शिक्षा निदेशालय के तहत सभी कार्यालयों, स्कूलों और स्टेडियमों के प्रमुखों के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों/स्थानीय निकायों को निम्नलिखित उपाय करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें आवारा कुत्तों के संबंध में सभी सार्वजनिक और निजी शैक्षणिक संस्थानों और खेल परिसरों की एक पूरी और विस्तृत सूची प्रदान करना शामिल है।

वहीं सुरक्षा उपायों के तहत संस्थानों में आवारा कुत्तों को अंदर आने या रहने से रोकने के लिए चारदीवारी, गेट और बाड़ को मज़बूत करना। हर संस्थान के लिए प्राथमिकता के आधार पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त करना, मुख्य प्रवेश द्वार पर नोडल अधिकारी की जानकारी प्रमुखता से प्रदर्शित करना।संबंधित क्षेत्राधिकार वाले स्थानीय निकाय के साथ ऐसी जानकारी साझा करना शामिल है।

# 'अटल' के अंत्योदय संकल्प को केंद्र और दिल्ली सरकार कर रही है पूरा : इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के अंत्योदय संकल्प को केंद्र और दिल्ली सरकार पूरा कर रही हैं और अन्त्योदय से ही विकसित भारत-विकसित दिल्ली का लक्ष्य पूरा होगा यह बात दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री एवं उत्तर पश्चिमी दिल्ली के प्रभारी रविंद्र इंद्राज सिंह ने सोमवार को बवाना विधानसभा में आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन एवं बादली विधानसभा क्षेत्र में अटल सुशासन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। मंत्री इंद्राज ने कहा कि पूरा देश भारत के विकास पुरुष अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष मना रहा है। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भारत को 21वीं सदी के लिए तैयार करने वाली कई ऐतिहासिक पहलें हुईं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत हुई, जो विश्व की सबसे बड़ी सड़क परियोजनाओं में से एक है। पोखरण परमाणु परीक्षण के माध्यम से भारत अग्रणी सामरिक शक्ति बना। टेलीकॉम क्रांति और इंटरनेट के माध्यम से डिजिटल भारत की नींव रखी गई। शिक्षा को मौलिक अधिकार का दर्जा मिला। उन्होंने 'जय जवान-जय किसान-जय विज्ञान' का नारा दिया और संसद में राजनीतिक शुचिता और मर्यादित संवाद की परंपरा को नई ऊंचाइयां दीं। मंत्री इंद्राज ने कहा कि पिछले दस महीनों में दिल्ली सरकार अन्त्योदय की दिशा में दिव्यांगों एवं बुजुर्गों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। उच्च देखभाल की आवश्यकता वाले दिव्यांगजनों के लिए 6 हजार रुपये प्रतिमाह सहायता योजना शुरू की गई है, जिससे जरूरतमंदों को सम्मानजनक जीवन मिल सके। पश्चिम विहार में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सावित्री बाई फुले ओल्ड एज होम शुरू हुआ। तिमारपुर में दृष्टिबाधित छात्राओं के लिए अटल दृष्टि होम शुरू हुआ। नरेला में अटल आशा होम में बौद्धिक रूप से दिव्यांगजनों के लिए आधुनिक पुनर्वास सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इंद्राज ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के अन्त्योदय के संकल्पों को मोदी सरकार पूरा कर रही है।

# सड़क पर जानबूझकर झगड़ा करके सामान चुराने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में पुलिस ने एक ऐसे गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है जो भीड़-भाड़ वाले बाजारों में सड़कों पर जानबूझकर राहगीरों से टकराकर झगड़ा शुरू करते थे और इस बीच उनके कीमती सामान चुरा लेते थे। यह जानकारी पुलिस ने सोमवार को दी। पुलिस ने बताया कि दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से एक कुख्यात अपराधी है। पुलिस ने बताया कि दोनों पर राजधानी में इसी तरह की चोरी की कई घटनाओं में शामिल होने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों में से एक जानबूझकर किसी व्यक्ति से टकराता और झगड़ा शुरू करता था, जबकि इस बीच उसका साथी चुपके से नकदी या कीमती सामान चुरा लेता था और फिर दोनों घटनास्थल से भाग जाते थे। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह मुख्य रूप से भीड़-भाड़ या लगभग सुनसान क्षेत्रों में राहगीरों को निशाना बनाता था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, "इस गिरोह का तरीका तब सामने आया जब बड़ाहिंदू राव इलाके के पास क्रिसमस के दिन की चोरी की एक घटना की जांच की जा रही थी, जिसमें फरीदाबाद के 55 वर्षीय कार डीलर के 40,000 रुपये नकद चोरी हो गए थे। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने टकराने के बाद झगड़ा करके ध्यान भटकाने का नाटक किया। उन्होंने कहा कि जैसे ही पीड़ित व्यक्ति का ध्यान भटका, नकदी उसकी जेब से निकाल ली गई। उन्होंने बताया कि पीड़ित ने बाद में पैसे गायब होने का पता चलने पर एक प्राथमिकी दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण करके यह पता लगाया कि आरोपियों ने भागने के लिए किस मार्ग का इस्तेमाल किया। उन्होंने बताया कि चेहरे की पहचान तकनीक की मदद से आरोपियों में से एक की पहचान हनी के रूप में हुई, जो सदर बाजार इलाके का कुख्यात अपराधी है। अधिकारी ने कहा कि हनी और उसका साथी बादल, दोनों को 27 दिसंबर की रात उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया। उनसे चोरी किए गए पैसे भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्होंने इसी तरीके का उपयोग करके चोरी की कई घटनाएं की थीं। पुलिस ने बताया कि आगे की जांच की जा रही है।

# दिल्ली शब्दोत्सव केवल आयोजन नहीं, भारत की ज्ञान परंपरा का जीवंत मंच है : कपिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 2 से 4 जनवरी तक होगा 'दिल्ली शब्दोत्सव' का आयोजन

राजधानी में 2 से 4 जनवरी 2026 तक मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 'दिल्ली शब्दोत्सव 2026' का आयोजन भव्य तरीके से किया जाएगा। इस बात की घोषणा सोमवार को दिल्ली के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने प्रैसवार्ता में की। आयोजन प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलेगा। प्रैसवार्ता में विधायक राजकुमार भाटिया, श्री राजीव तुली (सुरुचि प्रकाशन) तथा वरिष्ठ पत्रकार हर्षवर्धन त्रिपाठी उपस्थित रहे। महोत्सव का उद्घाटन समारोह 2 जनवरी को अपराह्न 2 बजे से 3:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तथा कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कपिल ने कहा कि दिल्ली शब्दोत्सव 2026 केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक, साहित्यिक और वैचारिक चेतना का उत्सव है। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय महोत्सव में देशभर से 100 से अधिक प्रतिष्ठित वक्ता भाग लेंगे। आयोजन स्थल मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में तीन दिनों के भीतर 40 से अधिक पुस्तकों का विमोचन, 6 भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा 2 बड़े कवि सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही दिल्ली एवं एनसीआर की 40 से अधिक विश्वविद्यालयों के छात्र इस उत्सव में सक्रिय सहभागिता करेंगे।महोत्सव के प्रचार-प्रसार एवं छात्र सहभागिता को सशक्त बनाने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में 'डीयू एंबेसडर कार्यक्रम' प्रारंभ किया गया है।

# जनता के काम में बाधा डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- मुख्यमंत्री के निर्देश पर कापसहेड़ा का सब रजिस्ट्रार व महरौली का तहसीलदार सस्पेंड
- कापसहेड़ा में डीड राइटर का लाइसेंस किया रद्द

दिल्ली सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस नीति को एक बार फिर स्पष्ट करते हुए जनता से सीधे जुड़े राजस्व विभाग के अधिकारियों पर कड़ी और त्वरित कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर कापसहेड़ा के सब-रजिस्ट्रार और महरौली के तहसीलदार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई उनके विरुद्ध लगातार मिल रही शिकायतों और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के आधार पर की गई है। वहीं मुख्यमंत्री के आदेश पर कापसहेड़ा में पदस्थ एक डीड राइटर का लाइसेंस भी निरस्त कर दिया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि दिल्ली सरकार की नीति बिल्कुल स्पष्ट है, भ्रष्टाचार के प्रति किसी भी स्तर पर कोई सहनशीलता नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी सीधे जनता के कार्यों से जुड़े हैं, उनसे ईमानदारी, संवेदनशीलता और जवाबदेही की अपेक्षा की जाती है। यदि कोई अधिकारी लापरवाही बरतता है या भ्रष्टाचार में लिप्त पाया जाता है, तो उसे सेवा में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें जनता ने इसलिए चुनकर भेजा है कि हम आम जन के कार्यों को प्रभावी ढंग से करें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। जो अधिकारी या व्यवस्था इसमें बाधा उत्पन्न करेगी, उसके खिलाफ कठोर और प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह कार्रवाई एक उदाहरण है और आगे भी यदि किसी भी विभाग या अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आती हैं, तो सरकार बिना किसी दबाव या भेदभाव के सख्त कदम उठाएगी। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार में केवल वही अधिकारी कार्य करेंगे, जो ईमानदारी और जनसेवा की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

## निगम वार्ड समितियों के अध्यक्षों ने अपने-अपने ज़ोन के पेश किए बजट प्रस्ताव

# जनहितकारी और व्यावहारिक बजट किया जाएगा तैयार : सत्या शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने वित्त वर्ष 2025-26 के संशोधित बजट अनुमान एवं 2026-27 के बजट अनुमानों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इसी क्रम में सोमवार को स्थायी समिति की विशेष बैठक का आयोजन में विभिन्न ज़ोनल वार्ड समितियों के अध्यक्षों ने अपने-अपने ज़ोन के बजट प्रस्ताव प्रस्तुत किए। सिटी-सदर पहाड़गंज, वेस्ट, सेंट्रल, केशवपुरम, सिविल लाइंस, रोहिणी, करोल बाग, साउथ, नजफगढ़, शाहदरा नॉर्थ, शाहदरा साउथ ज़ोन एवं नरेला के बजट प्रस्ताव पेश किया गए। वहीं, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि सभी जोनल वार्ड समितियों से प्राप्त सुझावों को सम्मिलित करते हुए एक जनहितकारी और व्यावहारिक बजट तैयार किया जाएगा। बजट केवल आय-व्यय का दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे शहर, कॉलोनियों और नागरिकों की अपेक्षाओं, आवश्यकताओं और विकास को दिशा देने वाला रोडमैप है। उन्होंने कहा कि आय और व्यय के असंतुलन को दूर करने के लिए वित्तीय घाटे को कम करते हुए विभिन्न माध्यमों से आय बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि विकास परियोजनाओं के लिए पर्याप्त बजट प्रावधान किया जा सके और निगम पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ न पड़े। वहीं, आम आदमी पार्टी के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि भाजपा शासित एमसीडी से मांग है कि बजट केवल कागजी औपचारिकता नहीं, बल्कि दिल्लीवासियों को बेहतर सुविधाएं देने का ठोस माध्यम होना चाहिए।

### राजस्व बढ़ाने हेतु विभिन्न संभावित स्रोतों पर चर्चा

जोनल वार्ड समितियों के अध्यक्षों ने विभिन्न सुझाव दिए और विशेष रूप से दो बिंदुओं पर ज़ोर दिया। अतिरिक्त राजस्व संसाधनों की खोज एवं विस्तार, तथा व्यय में अनुशासन और पारदर्शिता सुनिश्चित करना। बैठक में ज़ोनल वार्ड समितियों के अध्यक्षों ने निगम के राजस्व बढ़ाने हेतु विभिन्न संभावित स्रोतों पर भी प्रकाश डाला, जिनमें सामुदायिक भवनों का अधिकतम उपयोग, नई आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियों को चिन्हित कर उन्हें कर दायरे में लाना शामिल है।

### राजस्व स्रोतों को सरल और सुव्यवस्थित बनाने पर दिया जोर

संपत्ति कर, विज्ञापन शुल्क, पार्किंग शुल्क, लाइसेंस शुल्क जैसे पारंपरिक राजस्व स्रोतों को सरल और सुव्यवस्थित बनाकर अधिक से अधिक नागरिकों को ईमानदारी से कर अदा करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल, डिजिटल भुगतान एवं सिंगल-विंडो सिस्टम को बढ़ावा दिया जाए। इन सभी प्रयासों में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि बजट में आम नागरिक पर अतिरिक्त कर भार न पड़े।

### निगम में दिल्लीवासियों से जुड़े अहम मुद्दों को मजबूती से उठवाया : नेता विपक्ष

बजट बैठक को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के दूरदर्शी नेतृत्व में बजट बैठक के दौरान दिल्लीवासियों से जुड़े अहम मुद्दों को मजबूती से उठवाया। सिटी एसपी ज़ोन अध्यक्ष विकास टांग, करोलबाग ज़ोन अध्यक्ष पुनीत राय, पश्चिम ज़ोन अध्यक्ष निर्मला कुमारी एवं रोहिणी ज़ोन चेयरमैन अमृत जैन ने अपने-अपने ज़ोन का वर्ष 2025-26 के संशोधित बजट तथा 2026-27 का अनुमानित बजट प्रस्तुत किया। नेता विपक्ष नारंग ने कहा कि भाजपा शासित एमसीडी से मांग है कि बजट केवल कागजी औपचारिकता नहीं, बल्कि दिल्लीवासियों को बेहतर सुविधाएं देने का ठोस माध्यम होना चाहिए।

# अरावली पर्वत माला पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला दिल्ली वालों की जीतः यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने अरावली पर्वत माला का लेकर हो रहे विरोध व कुलदीप सेंगर को मिली जमानत के मामलों पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा फिलहाल रोक लगाने स्वागत किया। यादव ने कहा कि अरावली की परिभाषा को लेकर 20 नवंबर के फैसले पर माननीय सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। इस निर्णय का समस्त दिल्ली वासियों की ओर से हृदय से स्वागत है। यह दिल्लीवासियों समेत सभी पर्यावरण प्रेमियों की जीत है। दूसरे मामले पर बोलते हुए यादव ने कहा कि कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत पर रोक लगाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भी सभी को स्वागत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला बलात्कारियों के संरक्षण में खड़ी भाजपा की हार और उन्नाव की बेटी तथा उसके परिवार और उसके साथ खड़ी हर आवाज की जीत है। यादव इन फैसलों को दिल्ली वालों के विरोध की जीत बताई।

**खबर संक्षेप**

## डीटीसी के नए 212 ए रूट में 8 मेट्रो स्टेशन शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने अपने पुराने रूट 212 का युक्तिकरण करते हुए नया रूट 212 ए की शुरुआत की है। इस नए रूट में अब 8 नए मेट्रो स्टेशन और जुड़ गए है जबकि तीन स्टेशन पहले से ही जुड़े हुए थे। इस बारे में डीटीसी का दावा है कि इससे यात्रियों को पहले की तुलना में और अधिक सुविधा व सुलभ यात्रा का लाभ मिलेगा। इस बारे में डीटीसी के एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन सेवा को अपग्रेड किया जा रहा है। जिसमें कई चुनिंदा रूटों को अपडेट करने का कार्य भी किया जा रहा है। अधिकारी के अनुसार वर्तमान में डीटीसी ने अपने पुराने रूट 212 को अपडेट करते हुए रूट 212 ए के तहत इसकी शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि आपकी यह नया रूट यात्रा को मेट्रो स्टेशनों से बेहतर तरीके से जोड़ेगा और बड़ी समस्या कही जाने वाली लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को पहले की तुलना में और अधिक मजबूत करेगा। नए रूट संचालन व्यवस्था के तहत 212 ए के लिए 9 बसें लगाई है। अब इस नए रूट पर कुल 8 मेट्रो स्टेशन शामिल होंगे, जिनमें नए मेट्रो स्टेशन के रूप में मौजपुर-बाबरपुर, जाफराबाद, वेलकम, शाहदरा और मानसरोवर पार्क भी शामिल हो जाएगें।

## 'समाज के कार्यक्रम समाज और देश को बढ़ाने का करते हैं कार्य'

**नई दिल्ली।** किसी भी समाज के सकारात्मक और प्रेरणादायक कार्यक्रम समाज और देश को बढ़ाने का कार्य करते हैं और हर समाज से ही देश प्रगति की तरफ बढ़ता है। दिल्ली प्रजापति महासभा द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में उत्तम नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक पवन शर्मा ने समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम उन बेटों और बेटियों के लिए प्रेरणा है, जिन्होंने कठिन परिश्रम से पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। ऐसे आयोजन समाज की नई पीढ़ी को आगे बढ़ने का मार्ग दिखाते हैं। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ रविवार को किया गया और कार्यक्रम की अध्यक्षता ओम प्रकाश प्रजापति ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में श्यामलाल प्रजापति उपस्थित रहे।

### सावदा घेवरा के खाली फ्लैटों की हो रही मरम्मत

# नए साल में गरीबों को मिलेगी अपने फ्लैट्स की चाबी : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार नए साल में राजधानी के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के नागरिकों को सम्मानजनक और सुविधायुक्त जीवन उपलब्ध कराने के अपने संकल्प पर आगे बढ़ते हुए गरीबों को सावदा घेवरा में उन्हें अपना आवास मुहैया कराएगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार सावदा घेवरा में जवाहर लाल नेहरू शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) योजना के अंतर्गत वर्ष 2012 से 2020 के बीच कुल 7 हजार 620 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया गया है, जिनमें से 6 हजार 476 आवास अभी रिक्त हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इनमें से 2500 खाली फ्लैटों की मरम्मत के लिए 27.50 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं, ताकि इन्हें बसाने योग्य बनाया जा सके। उम्मीद की जा रही है कि अगले वर्ष सुविधाओं से लैस इन फ्लैट्स का आवंटन शुरू कर दिया जाएगा। बाकी बचे फ्लैटों का मरम्मत कार्य अगले चरण में किया जाएगा। मुख्यमंत्री का कहना है कि दिल्ली सरकार चरणबद्ध तरीके से सभी ईडब्ल्यूएस कॉलोनियों में स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक भवन, बाजार और परिवहन सुविधाओं का विकास कर रही है। मुख्यमंत्री का कहना है कि इसी क्रम में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) की मौजूदा ईडब्ल्यूएस आवासीय कॉलोनियों में सामुदायिक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य केवल मकान बनाकर जिम्मेदारी पूरी करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि गरीब और वंचित वर्ग को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, जल, हरित क्षेत्र और रोजगार से जुड़ी सुविधाएं भी एक साथ उपलब्ध हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे तो सावदा घेवरा के 1.5 किलोमीटर के दायरे में बस स्टॉप, सामुदायिक भवन, डाकघर, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र और बस्ती विकास केंद्र जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। वहीं 3 किलोमीटर के दायरे में मेट्रो स्टेशन, पुलिस चौकी, पुलिस थाना और अतिरिक्त शैक्षणिक व स्वास्थ्य संस्थान उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सुविधाओं को कॉलोनी के आंतरिक ढांचे से बेहतर ढंग से जोड़ने की जरूरत है, ताकि निवासियों को उनका पूरा लाभ मिल सके।

### 'पूर्व सरकारों ने सावदा घेवरा में गरीबों को बसाने में नहीं दिखाई रुचि'

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि सावदा घेवरा ईडब्ल्यूएस आवासीय कॉलोनी लगभग 37.81 एकड़ भूमि पर कुल 7 हजार 620 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया गया। लेकिन पूर्व सरकारों ने इस कॉलोनी में गरीबों को बसाने में रुचि नहीं दिखाई, जिस कारण अधिकतर फ्लैटों को मरम्मत की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस कॉलोनी में 100 प्रतिशत सीवरेज नेटवर्क उपलब्ध है, अब यहां बुनियादी सुविधाएं तेजी से उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार हमारी सरकार की सोच केवल पक्के मकान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि हम चाहते हैं कि गरीब परिवारों को ऐसी कॉलोनियों में बसाया जाए, जहां उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, जल आपूर्ति, हरित क्षेत्र और आजीविका से जुड़ी सभी बुनियादी सुविधाएं एक साथ उपलब्ध हों।

### सभी डूसिब कॉलोनियों में अधूरी सामुदायिक सुविधाओं को प्राथमिकता से किया जाए पूरा

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सावदा घेवरा सहित सभी डूसिब की ईडब्ल्यूएस कॉलोनियों में अधूरी सामुदायिक सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल आवास परियोजना नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समावेशी शहरी विकास का अभियान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों के लिए बनाए गए कई आवास वर्षों तक खाली पड़े रहे, जिससे सार्वजनिक संसाधनों की हानि हुई और जरूरतमंद परिवार अपने अधिकार से वंचित रहे। हमारी सरकार इस स्थिति को बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। हम ईडब्ल्यूएस कॉलोनियों में अधूरी पड़ी सामुदायिक सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर रहे हैं।

### पार्क, जल प्रबंधन व अन्य जरूरी सुविधाओं पर जोर

मुख्यमंत्री के अनुसार सावदा घेवरा में हरित क्षेत्रों और पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखते हुए 39 आवासीय पार्क विकसित किए गए हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 22 हजार वर्ग मीटर से अधिक है। इसके साथ ही दो भूमिगत जल टैंक, बूस्टर स्टेशन और ओवरहेड वाटर टैंक की व्यवस्था की गई है, जिससे जल आपूर्ति को स्थायी और सुचारु बनाया जा सके। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए चार ढलाव बनाए गए हैं, जिनमें कचरा पृथक्करण की सुविधा भी शामिल है। कॉलोनी में कई अहम सुविधाएं अभी निर्माणाधीन अवस्था में हैं। यहां दो प्राथमिक विद्यालयों में से एक का निर्माण पूरा हुआ है। इसी तरह एक डिस्पेंसरी या अस्पताल प्रस्तावित है। वहीं यहां लोकल शॉपिंग सेंटर, सर्विस मार्केट, मिल्क बूथ और थ्री-व्हीलर व टैक्सी स्टैंड जैसी सुविधाएं विकसित करने की प्रक्रिया चल रही है।

## कोहरे के कारण 100 से अधिक उड़ानें रद्द, 200 लेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली एनसीआर में सोमवार सुबह घने कोहरे के पहरे ने हवाई उड़ानों से लेकर रेल व सड़क परिवहन को अस्त व्यस्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कोहरे के कारण जीरो तक सिमटी विजिबिलिटी की वजह से दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर लगभग 120 से अधिक उड़ानें रद्द हुई और करीब 200 से अधिक उड़ाने अपने तय समय से लेट हुई।

वहीं रेलवे मार्ग भी घने कोहरे की मार से बच नहीं सका और दिल्ली आने व जाने वाली दर्जनों रेल सेवाएं अपने तय समय से देरी से आवागमन करते दर्ज हुई। वहीं दिल्ली के कई क्षेत्रों में सड़क परिवहन भी बुरी तरह प्रभावित हुआ, वाहनों को हेड लाइट जलाकर चलने के बाद भी रेंगते हुए चलना पड़ा। दिल्ली हवाई अड्डा संचालक डायल (दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड) ने अपने अधिकृत सोशल मंच एक्स पर एक पोस्ट में यात्रियों को जानकारी प्रदान की। वहीं हवाई यात्रा से संबंधित फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइट रडार 24डॉटकॉम के अनुसार कोहरे की मार से लगभग 200 उड़ानों में देरी दर्ज की गई।

## विकासपुरी के वार्ड 107 में दो कूड़ा घरों को किया जाए स्थानांतरित : सूद

### शहरी विकास मंत्री ने किया निरीक्षण, एमसीडी को वित्तीय रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए 175 करोड़ का दिया जा चुका है अनुदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने सोमवार को विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या–107 में डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के सामने तथा पीएम सोसायटी के समीप स्वच्छता व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री सूद ने नगर निगम के उपायुक्त को निर्देश दिए कि दोनों स्थानों के कूड़ा ढलावों के सामने शीघ्र व्यू-कटर लगाए जाएं और इन दोनों कूड़ा ढलों को रिहायशी क्षेत्र से हटाकर किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुव्यवस्थित राजधानी के संकल्प के लिए निरंतर बहुस्तरीय प्रयास कर रही है। इसी क्रम में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु स्वयं मुख्यमंत्री जी सहित सभी मंत्रीगण नियमित रूप से निरीक्षण कर विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। मंत्री सूद ने बताया कि दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली नगर निगम को वित्तीय रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए 175 करोड़ रुपये का अनुदान दिया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, दिल्ली नगर निगम को 500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव दिल्ली सरकार के कैबिनेट में विचाराधीन है। सूद ने कहा कि दिल्ली में धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने तथा सड़कों की वैज्ञानिक पद्धति से सफाई करने के लिए दिल्ली के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन उपलब्ध कराई जा रही है।

इससे न केवल सफाई कार्य तेजी से होगा, बल्कि कम मानव संसाधन में अधिक प्रभावी परिणाम प्राप्त किए जा सकेंगे। शेष मानव संसाधन का उपयोग अन्य आवश्यक सेवाओं में किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे शहर की जनसंख्या बढ़ रही है, वैसे-वैसे कचरे का उत्पादन भी बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में कचरे का वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित निपटान अत्यंत आवश्यक है, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हमारी सरकार स्वच्छता को केवल एक अभियान नहीं, बल्कि नागरिक सुविधाओं और जनस्वास्थ्य से जुड़ी सर्वोच्च प्राथमिकता मानती है। दिल्ली के प्रत्येक क्षेत्र में स्वच्छता सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध क्रियान्वयन किया जा रहा है। जमीनी स्तर पर किए जा रहे निरीक्षणों का उद्देश्य व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति की समीक्षा कर दिल्ली वालों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना है।

## आप नेताओं ने गाजीपुर टोल प्लाजा पर किया प्रदर्शन

### *भाजपा शासित एमसीडी से की सभी टोल प्लाजा बंद करने की मांग*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में प्रदूषण फैला रहे भाजपा शासित एमसीडी के टोल प्लाजा को बंद करने की सोमवार को गाजीपुर टोल प्लाजा पर जोरदार प्रदर्शन किया। "आप" के वरिष्ठ नेता व एमसीडी में नेता नेता विपक्ष अंकुश नारंग के नेतृत्व में दिल्ली सरकार और एमसीडी के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन है कि दिल्ली के अंदर प्रदूषण बहुत ज्यादा हो गया है, इसलिए टोल प्लाजा पर गाड़ी रोककर टोल टैक्स न वसूला जाए, लेकिन भाजपा इस गाइडलाइन को मानने को तैयार नहीं है। सिर्फ चंद पैसों के कारण इन्होंने बच्चों और बुजुर्गों को इस प्रदूषण के अंदर मरने के लिए छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि टोल टैक्स नाके पर रोजाना एक से डेढ़ किमी लंबी भीड़ लगती है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि इससे कितना प्रदूषण होता होगा। यह जगह प्रदूषण का 'हॉटस्पॉट' बनकर रह गई है। दिल्लीवासी आज परेशान हैं और आंकड़े बताते हैं कि औसतन चार में से तीन लोग बीमार हैं। हमें भाजपा की लापरवाही की वजह से रोजाना 15 सिगरेट के बराबर धुआं अपने फेफड़ों में लेना पड़ रहा है। इस दौरान अंकुश नारंग ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण के चलते सभी टोल नाकों पर वाहनों को रोक कर उनसे टैक्स वसूलने पर रोक लगाया है, लेकिन एमसीडी वाहनों से लगातार वसूली कर रही है। इसके चलते टोल नाके प्रदूषण के हॉटस्पॉट बन गए हैं और इसका खामियाजा दिल्ली की जनता भुगत रही है।

## गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय ने मनाया प्रकाश पर्व

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय ने श्री गुरु गोबिंद सिंह के 359वें प्रकाश पर्व को श्रद्धा और आत्मिक उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर परिसर में भक्ति, चिंतन और सामूहिक सद्भाव का वातावरण था, जब विश्वविद्यालय समुदाय गुरु साहिब के जीवन, नेतृत्व और आदर्शों को याद करने के लिए एकत्रित हुआ। आईपीयू प्रशासन ने बताया कि मनिंदर सिंह और उनके जत्थे द्वारा सजी गयी सुमधुर कीर्तन और भावपूर्ण अरदास ने गुरु साहिब के शाश्वत संदेश और आत्मिक विरासत को प्रतिध्वनित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर महेश वर्मा ने श्री गुरु गोबिंद सिंह को एक दृष्टिवान नेता के रूप में वर्णित किया, जिनका जीवन अध्यात्म, नैतिक साहस और सामाजिक कल्याण का एक दुर्लभ संगम था। उन्होंने जोर दिया कि गुरु साहिब का नेतृत्व सत्य को आत्म से ऊपर रखने के सिद्धांत में निहित था, जो समाज को याद दिलाता है कि सच्चा नेतृत्व विनम्रता, त्याग और मानवता की सेवा से शुरू होता है।

## दिल्ली सरकार आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर लांच करेगी आईजीएमएस : पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- इंटेलिजेंट ग्रीवांस मॉनिटरिंग सिस्टम (आईजीएमएस) से शिकायतों का तेजी से होगा समाधान, सरकारी कामकाज की जवाबदेही और बेहतर बनेगी

पारदर्शी और परफॉर्मेंस आधारित गवर्नेंस की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्ली सरकार आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर बहुत जल्द आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित इंटेलिजेंट ग्रीवांस मॉनिटरिंग सिस्टम (आईजीएमएस) लांच करेगी। इस बात की जानकारी सोमवार को दिल्ली के मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दी।

उन्होंने कहा कि यह प्लेटफार्म दिल्ली के ग्रीवांस मॉनिटरिंग सिस्टम को एक यूनिफाइड डिजिटल डैशबोर्ड में इंटीग्रेट करेगा, जिससे बेहतर एनालिसिस, समस्याओं का तेजी से समाधान के साथ और बेहतर पब्लिक सर्विस डिलीवरी संभव होगी। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि वर्तमान में राजधानी दिल्ली के नागरिक पब्लिक ग्रीवांस मैनेजमेंट सिस्टम समेत कई अन्य सिस्टम के जरिए शिकायतें दर्ज कराते हैं, जिनमें सार्वजनिक शिकायत प्रबंधन प्रणाली (पीजीएमएस) सहित कई पोर्टल शामिल हैं। हालांकि हर पोर्टल का अपना एक खास उद्देश्य होता है, लेकिन उनके अलग-अलग काम करने से अक्सर देरी, काम में दोहराव और पूरी निगरानी की कमी जैसी चुनौतियां सामने आती हैं। उन्होंने कहा कि आईआईटी कानपुर द्वारा विकसित किया गया नया आईजीएमएस, सुरक्षित एपीआई और एडवांस्ड एआई/एमएल टूल्स का इस्तेमाल करके इन प्लेटफॉर्म्स को आसानी से इंटीग्रेट करेगा। मंत्री पंकज ने कहा कि इस पहल का मकसद दिल्ली के शिकायत निवारण सिस्टम में और ज़्यादा पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता लाना है। मंत्री पंकज ने कहा कि हम दिल्ली के नागरिकों को बेहतर सेवा देने के लिए नई टेक्नोलॉजी को अपना रहे हैं।

### न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की गिरावट

# फिर बढ़ा दिल्ली की हवा में जहर, गंभीर श्रेणी में पहुंचा एक्यूआई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सोमवार को घने कोहरे व प्रदूषण की मार से परेशान दिल्ली की हवा में जहर की मात्रा बहुत ज्यादा बढ़ गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक दिल्ली में सुबह का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 459 दर्ज किया गया है, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है।

दिल्ली में घने कोहरे के साथ-साथ प्रदूषण भी गंभीर स्तर पर पहुंच गया। दिनभर राजधानी के ऊपर जहरीली धुंध की मोटी परत व प्रदूषण की परत छाई रही। सुबह दिल्ली का औसत एक्यूआई 402 रहा, जो बाद में बढ़कर 459 तक दर्ज हआ। सीपीसीबी) के मुताबिक दिल्ली के अलग-अलग क्षेत्रों की बात करें तो जहांगीरपुरी की स्थिति सबसे खराब रही वहां का एक्यूआई 466 दर्ज किया गया जो स्वास्थ्य के लिहाज से बेहद चिंता का विषय है। वहीं यमुना पार आईटीआई शाहदरा की स्थिति भी बेहद खराब रही जहां एक्यूआई 438 दर्ज किया गया। इसके अलावा प्रमुख स्टेशनों में से कईयों ने 400 से अधिक एक्यूआई दर्ज किया। इनमें सत्यावती कॉलेज 418, रोहिणी 408, पंजाबी बाग 402, पटपड़गंज 359, आनंद विहार 357, डीटीयू दिल्ली 335 और सोनिया विहार 330 एक्यूआई दर्ज किया गया। वहीं प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली में सोमवार को न्यूनतम तापमान में करीब दो डिग्री की गिरावट से कुछ राहत जरूर कही जा सकती है। बावजूद इसके दिल्ली में न्यूनतम तापमान डबल डिजिट में 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

### दिल्ली सरकार ने खतरनाक वायु गुणवत्ता से निपटने के लिए गठित की विशेषज्ञ समिति

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने वायु गुणवत्ता संकट से निपटने के उपाय सुझाने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकार की पांच सूत्रीय प्रदूषण नियंत्रण रणनीति के तहत यह समिति गठित की गई है। इस रणनीति में नए तरीके अपनाना, धूल और ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से निपटान, प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के खिलाफ कार्रवाई, वाहनों से होने वाले उत्सर्जन में कमी लाना और दिल्ली को हरित व स्वस्थ बनाने के लिए दीर्घकालिक प्रयास शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, विशेष विशेषज्ञ समिति में 11 सदस्य हैं, जिनमें पूर्व सचिव, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के पूर्व अध्यक्ष, पर्यावरण एवं वन विभाग के सचिव, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के प्रतिनिधि और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-कानपुर व आईआईटी-दिल्ली जैसे संस्थानों के विशेषज्ञ शामिल हैं।

## 'कांग्रेस ने प्रदूषण के समाधान पर की चर्चा'




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दिल्ली में गंभीर हो चुकी प्रदूषण की समस्या पर सोमवार को वायु लोक संसद का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न दिग्गजों ने प्रदूषण पर संवाद से समाधान विषय पर गंभीरता से चर्चा की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में जनपथ स्थित वेस्टर्न कोर्ट सभागार में वायु लोक संसद में प्रदूषण के कारणों व निवारण को लेकर दिग्गजों ने अपने विचार रखे। इस बारे में प्रदेश अध्यक्ष यादव ने कहा कि दिल्ली की सांसों को बचाने की जिम्मेदारी लेते हुए कांग्रेस ने लोक संसद में प्रदूषण पर संवाद से समाधान पर चर्चा की है।

इस संसद में दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षक, कैंसर, अस्थमा, स्त्री रोग विशेषज्ञ, आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी, छात्र, अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता, सफाई कर्मचारी, सुरक्षा कर्मी आदि शामिल रहे, जिन्होंने दिल्ली में स्वच्छ हवा के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए है।

## इंद्रजीत सिंह यादव व उससे जुड़ी संस्थाओं के 10 ठिकानों पर ईडी का सर्च ऑपरेशन

# 5 लग्जरी कार, 17 लाख की नकदी, बैंक लॉकर समेत डिजिटल डिवाइस जब्त

मनी लॉन्ड्रिंग की जांच इंद्रजीत सिंह यादव की अवैध उगाही, प्राइवेट फाइनेंसरों के जबरन लोन सेटलमेंट, हथियारों से धमकाने और ऐसी अवैध गतिविधियों से कमीशन कमाने के संबंध में शुरू की गई। ईडी ने हरियाणा पुलिस व यूपी पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट, 1959, बीएनएस, 2023 और आईपीसी, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत इंद्रजीत सिंह यादव और उनके सहयोगियों के खिलाफ दर्ज 15 से अधिक मुकदमों व चार्जशीट के आधार पर जांच शुरू की थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), गुरुग्राम जोनल ऑफिस की टीम ने इंद्रजीत सिंह यादव व उनसे जुड़ी संस्थाओं के ठिकानों पर 26 दिसंबर से 27 दिसंबर तक दिल्ली, गुरुग्राम और रोहतक में 10 स्थानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया। यह सर्च ऑपरेशन इंद्रजीत सिंह यादव से जुड़े लोगों व संस्थाओं के खिलाफ चल रहे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चलाया। यह मामला प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत दर्ज मामलों में चलाया गया है। मनी लॉन्ड्रिंग की जांच इंद्रजीत सिंह यादव की अवैध उगाही, प्राइवेट फाइनेंसरों के जबरन लोन सेटलमेंट, हथियारों से धमकाने और ऐसी



अवैध गतिविधियों से कमीशन कमाने के संबंध में शुरू की गई। ईडी ने हरियाणा पुलिस व यूपी पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट, 1959, बीएनएस, 2023 और आईपीसी, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत इंद्रजीत सिंह यादव और उनके सहयोगियों के खिलाफ दर्ज 15 से अधिक मुकदमों व चार्जशीट के आधार पर जांच शुरू की थी।

### यूएई से काम कर रहा 15 मुकदमों में वांछित इंद्रजीत सिंह

इंद्रजीत सिंह यादव हरियाणा पुलिस के विभिन्न मामलों में वांछित हैं और वर्तमान में फरार हैं और यूएई से काम कर रहे हैं। ईडी की जांच में पता चला कि अपोलो ग्रीन एनर्जी लि. और अन्य जैसे कुछ कॉर्पोरेट घरानों ने कथित तौर पर डिघल, झज्जर स्थित निजी फाइनेंसरों से नकद में बड़ी रकम उधार ली और सुरक्षा के तौर पर पोस्ट-डेटेड चेक जारी किए। जांच में यह भी सामने आया कि इंद्रजीत सिंह यादव ने एक बाहुबली और जबरन वसूली करने वाले के रूप में काम किया। इन मोटी रकम वाले प्राइवेट लोन, लेनदेन और वित्तीय विवादों के जबरन सेटलमेंट में मदद की, जो करोड़ों रुपए के थे। ये सेटलमेंट कथित तौर पर धमकियों, डराने-धमकाने व विदेशों से संचालित संगठित अपराध सिंडिकेट की संलिप्तता के साथ हथियारों का इस्तेमाल करते हुए गिरोहों की मदद से किए गए थे। इस प्रक्रिया में, आरोपी इंद्रजीत सिंह यादव ने कथित तौर पर इन कॉर्पोरेट घरानों से कमीशन के रूप में सैकड़ों करोड़ रुपए कमाए।

### रकम का इस्तेमाल लग्जरी जीवनशैली में किया

यादव ने अवैध रूप से करोड़ों रुपए जुटाए। इस रकम का इस्तेमाल कथित तौर पर अचल संपत्तियों, लग्जरी गाड़ियों और शानदार जीवनशैली के लिए किया। जबकि इनकम टैक्स रिटर्न में कम इनकम दिखाई गई। सर्च ऑपरेशन के दौरान टीम ने पांच लग्जरी कारें, बैंक लॉकर, 17 लाख रुपए नकद, विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस को जब्त किया गया।

## खबर संक्षेप

### संगठनात्मक मजबूती को लेकर प्रदेश दौरा



**फरीदाबाद।** कन्डेरे समाज प्रदेश अध्यक्ष नंदकिशोर कन्डेरे के नेतृत्व में संगठनात्मक मजबूती, सामाजिक एकता और भावी रणनीति को लेकर प्रदेश दौरे का कार्यक्रम तय किया गया है। इसके अंतर्गत समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, समाजसेवी एवं कार्यकर्ता जिलों में बैठकें ,संवाद आयोजित कर रहे है। सभी पदाधिकारी प्रदेश भ्रमण पर हैं। दौरा 27 दिसंबर से शुरू हो चुका है। जिसका समापन 31 दिसंबर को मलेरना गांव बल्लभगढ़ में आयोजित कार्यक्रम के साथ होगा।

### कार चालान के नाम पर 3,74 हजार की ठगी

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए कार चालान की एपीके की फाइल भेज, ठगी करने के एक मामले में खाता उपलब्ध करवाने वाले



आरोपी पुनीत को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके व्हाट्सएप पर कार के चालान से संबंधित मैसेज आया। जब उसने फाइल को खोल तो उसके खाता से 3,74,500 रुपए कट गए। जिस शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

### 3 आरोपी गिरफ्तार, 3 देसी कट्टे बरामद

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा की टीमों ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में 3 आरोपियों को गिरफ्तार



कर 3 देसी कट्टे बरामद किए है। टीम ने समीर को देशी कट्टा सहित सुरजकुण्ड रोड एरिया से एवीटीएस की टीम ने मोहम्मददीन को देशी कट्टा सहित गांव फतेहपुर तगा फरीदाबाद से व अपराध शाखा टीम ने उस्मान को देसी कट्टा सहित चुंगी रोड पल्ला एरिया से गिरफ्तार किया है।

## राज्य मंत्री राजेश नागर ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक, कहा-

# जनहित से जुड़े विकास कार्यों में कोई ढिलाई नहीं चलेगी

सड़क, स्वच्छता और स्ट्रीट लाइट पर दिए सख्त निर्देश

मंत्री राजेश नागर ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि गांवों में स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए और जल निकासी की व्यवस्था को मजबूत किया जाए, जिससे बरसात या अन्य कारणों से उत्पन्न होने वाली समस्याओं से ग्रामीणों को राहत मिल सके।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जिले में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा को लेकर आज खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में लोक निर्माण विभाग, पब्लिक हेल्थ, पंचायत विभाग, एफएमडीए तथा एचएसवीपी के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना, लंबित परियोजनाओं पर जवाबदेही तय करना तथा आम नागरिकों से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करना रहा।

### विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करें




बैठक में पीडब्ल्यूडी से संबंधित सड़कों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिन सड़कों की मरम्मत आवश्यक है तथा जिन नई सड़को का निर्माण प्रस्तावित है, उनके संबंध में अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य समयसीमा के भीतर और निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुसार पूरे किए जाएं, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

पंचायत विभाग के अंतर्गत गांवों में ओवरफ्लो हो रहे जोहड़ों, जलभराव की समस्याए गांवों की साफ-सफाई तथा नालियों की नियमित सफाई को लेकर भी बैठक में विशेष चर्चा हुई। राज्य मंत्री राजेश नागर ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि गांवों में स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए और जल निकासी की व्यवस्था को मजबूत किया जाए, जिससे बरसात या अन्य कारणों से उत्पन्न होने वाली समस्याओं से ग्रामीणों को राहत मिल सके।

### गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो ठेकेदार को अपने खर्च पर उसे ठीक करना होगा

एफएमडीए के अधिकारियों के साथ उन सड़को और चौराहों को लेकर बातचीत हुई, जिनका निर्माण संयुक्त रूप से किया जाना है या जो एफएमडीए के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। राज्य मंत्री राजेश नागर ने यह भी स्पष्ट किया गया कि विभागों के बीच बेहतर समन्वय के साथ कार्य किए जाएं, ताकि परियोजनाओं में अनावश्यक देरी न हो। इसके साथ ही शहर में स्ट्रीट लाइटों की समस्याए विशेष रूप से रात के समय लाइटों के ठीक से न जलने की शिकायतों पर भी चर्चा हुई और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए गए।

राज्य मंत्री राजेश नागर ने विकास कार्यों में हो रही लेटलतीफी को गंभीरता से लिया गया। उन्होंने एफएमडीए के कुछ टेंडरों के तहत जिन कार्यों की समयसीमा 30 दिसंबर तक तय थी, उनके समय पर पूरा न होने पर कड़ा रुख अपनाया गया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है या अधिकारियों की वजह से कार्य में देरी होती है, तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर ऐसे ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि टेंडर की शर्तों के अनुसार कार्य की एएमसी अवधि 3 या 5 वर्ष के दौरान यदि गुणवत्ता में कोई कमी पाई जाती है, तो संबंधित ठेकेदार को अपने खर्च पर उसे ठीक करना होगा।

समीक्षा बैठक डीसी आयुष सिन्हा, एडीसी सतबीर मान, सीईओ जिला परिषद शिखा सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## 5 भूखण्डों की नीलामी से जीडीए को 7.04 करोड़ रुपए की आय

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की सोमवार को हिन्दी भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद में विभिन्न योजनाओं के रिक्त आवासीय एवं व्यवसायिक भूखण्डों की नीलामी आयोजित की गई।पाँच भूखण्डों की नीलामी से जीडीए को 7.04 करोड़ की आय हुई। इस नीलामी के माध्यम से कौशाम्बी योजना, ब्लॉक-ए के 04 आवासीय भूखण्डों से 6.71 करोड़ रुपए तथा यू.पी. बॉर्डर, पाकेट-ए के 01 दुकान भूखण्ड से 0.33 करोड़ रुपये की संभावित आय प्राप्त हुई। इस प्रकार कुल 7.04 करोड़ रुपये की आय प्राधिकरण को प्राप्त होने की संभावना है।

इस नीलामी में कन्वीनियेंट शॉपिंग, दुकान, मिक्स लैंड यूज, शिक्षण संस्थान, हॉस्पिटल/नर्सिंग होम भूखण्डों के साथ-साथ शास्त्रीनगर योजना में स्थित लाल बहादुर हॉकी स्टेडियम (हॉकी ग्राउंड एवं नेट प्रैक्टिस एरिया) के तीन वर्ष के संचालन हेतु लीज/अनुबन्ध की नीलामी भी सम्मिलित रही।

नीलामी की कार्यवाही अपर सचिव पीके सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें विशेष कार्याधिकारी/प्रभारी व्यवसायिक, सहायक अभियंता, लेखाकार एवं प्रभारी पुलिस निरीक्षक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रथम विधायक तेज सिंह के नाम पर गाजियाबाद में 1 गेट की मांग

गाजियाबाद।

राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार इंदरजीत सिंह टीटू ने शहर के पुराने गेटों में से किसी एक का नाम पूर्व विधायक सरदार तेजा सिंह के नाम पर रखने की मांग की है। उन्होंने वर्तमान जनप्रतिनिधियों को इस संबंध में पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने कहा है कि गाजियाबाद के पहले विधायक तेजा सिंह की पुण्यतिथि है। ऐसे महान शख्सियत की जिन्होंने पन्द्रह साल सेवा की प्रथम विधायक के रूप में गाजियाबाद की एक गेट उनके नाम पर रखा जाना चाहिए।

### खाताधारक गिरफ्तार, खाते में आए थे 5 लाख

## मुंबई क्राइम ब्रांच का कर्मचारी बनकर की गई थी 30 लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

साइबर थाना एनआईटी की टीम ने गिरफ्तारी का डर दिखाकर ठगी करने के एक मामले में खाताधारक को बरेली को गिरफ्तार किया है।

एनआईटी में रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि 16 जून 2025 को उसके पास एक कॉल आया, जिसने बताया कि मुंबई क्राइम ब्रांच से इंस्पेक्टर बोल रहा है तथा उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसके बाद एक अन्य नंबर से पुलिस ऑफिसर की विडियो कॉल आई और कहा कि शिकायतकर्ता जेट एयरवेज मनी लॉड्रिंग केस मे आरोपी है तथा उसे हॉउस अरेस्ट किया गया है व डिजीटल अरेस्ट के ऑर्डर उसके पास भेज देंगे। उसको इस केस में 6 करोड़ 80 लाख रुपए



देने पड़ेंगे व उसके केस की प्रोसीडिंग्स व्हाट्अप के माध्यम से विडियो कॉल पर ही की जाएगी। जहां पर उसके सीनियर ऑफिसर और जज साहब उससे बात करेंगे और इस बारे में न तो किसी को बताना है और न ही घर से बाहर जाना है। इसके बाद उन्होंने केस के निपटारे के लिए 50 लाख रुपए की मांग की। शिकायतकर्ता ने ठगों द्वारा बताए खाता में 30,2,000 रुपए भेज दिए। साइबर थाना एनआईटी में मामला दर्ज किया गया।

### पुलिस ने कैब ड्राइवर को हिरासत में लिया

## नशे में धुत कैब चालक ने एक दर्जन को रौंदा, स्कूटी चकनाचूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सेक्टर-4 मार्केट के पास नशे में धुत एक कैब चालक ने जमकर आतंक मचाया गया। कैब ड्राइवर ने एक दर्जन से ज्यादा स्कूटी, बाइक, साइकिल सवार सहित दो गाडिय़ों को भी टक्कर मार दी। इसमें से दो स्कूटी तो पूरी तरह से चकनाचूर हो गई। जब कैब एक गाड़ी से टकराने के बाद फंस गई तो मौके पर पहुंचे लोगों ने कैब ड्राइवर की जमकर पिटाई कर दी और इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मौके पर पहुंची सेक्टर-4 चौकी पुलिस ने कैब ड्राइवर को हिरासत में ले लिया और उसका मेडिकल कराया। सेक्टर-4 चौकी प्रभारी के मुताबिक, इस घटना में लोगों को गंभीर चोटें नहीं लगी हैं। फिलहाल किसी ने भी इसकी शिकायत नहीं दी है जिसके कारण मामला दर्ज नहीं हो सका है।

### स्कूटी सवार महिला के पैर पर गहरी चोट लगी




जानकारी के मुताबिक, देर शाम को एक कैब ड्राइवर नशे में धुत होकर सेक्टर-4 मार्केट के पास से जा रहा था। इस दौरान वह बाइक व स्कूटी को टक्कर मारकर भागता रहा। नशे में होने के कारण वह गाड़ी को सड़क पर इधर-उधर दौड़ाता रहा। मार्केट पार करने के बाद उसने गाड़ी को एक ओर घुमा दिया जिसके कारण एक स्कूटी उसमें पूरी तरह से कुचल गई। बताया जा रहा है कि स्कूटी सवार महिला के पैर पर गहरी चोट लगी है जिसे अस्पताल पहुंचाया गया। इसके अलावा टक्कर लगने से घायल साइकिल सवार घरेलू नौकरानी व एक अन्य स्कूटी सवार महिला को अस्पताल पहुंचाया गया। मौके पर पहुंची महिला पुलिसकर्मियों ने भी घायल महिलाओं की मदद की और उन्हें अस्पताल पहुंचाया। इस पूरे घटनाक्रम की एक व्यक्ति ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दी।

### लोगों ने ड्राइवर की जमकर लात घूंसों से पिटाई की

वहीं, इस घटना से गुस्साए लोगों ने नशे में धुत ड्राइवर की भी जमकर लात घूंसो से पिटाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ड्राइवर को लोगों के गुस्से से बचाया और उसे हिरासत में ले लिया। सेक्टर-4 चौकी प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2)(ii) Cr. P.c. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अफशान वार्शी पुत्र** शाहज़ाद, **निवासः** म.नं. 581, एफ ब्लॉक, गली नं. 2, जनता मज़दूर कॉलोनी, वेलकम, नॉर्थ दिल्ली एवं C-24, गली नं. 2, जे.जे. कॉलोनी, जाफराबाद, नॉर्थ–ईस्ट दिल्ली ने **FIR No.601/2024 U/s 137(2), 74,127(2), 61(2), 115(2), 351(2) भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता & 10,17 POCSO & 76 भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता थानाः वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अफशान वार्शी** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अफशान वार्शी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.601/2024 U/s 137(2), 74,127(2), 61(2), 115(2), 351(2) भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता & 10,17 POCSO & 76 भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता थानाः वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अफशान वार्शी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
आकांक्षा व्यास
जेएमएफसी-06, कमरा नं. 80, POCSO Court
6वाँ तल, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/17538/NE/2025
(Court Notice)

## ग्रामीणों की मांग को जल्द पूरा करवाएं

# भाजपा की सरकार बनाने में पूरी ताकत लगाने वाले अब लोगों को उजाड़ने में लगा रहे ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

गुर्जरों के बड़े गांव बड़ौली में पिछले 29 दिन से चौधरी बीरपाल गुर्जर प्रदेश अध्यक्ष धनसिंह कोतवाल राष्ट्रीय किसान यूनियन के संयोजन में चल रहे धरने में शामिल होने आज एक बार फिर कांग्रेस पार्टी किसान सेल के जिलाध्यक्ष मास्टर ऋषिपाल अपना समर्थन देने पहुंचे और लोगों का हौंसला बढ़ाने पहुंचे। उन्होंने धरने पर बैठे लोगों से कहा कि बड़े शर्म और आश्चर्य की बात है कि भाजपा की सरकार बनाने में पूरी ताकत लगाने वाले लोगों को उजाड़ने में भाजपा सरकार पूरी ताकत लगा रही है।

मास्टर ने कहा कि भाजपा सरकार भाजपा के विधायक मंत्री और सरकार में बैठे बड़े अफसर बहुत ही नकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए सभी मिलकर एकजुट होकर लोगों को उजाडऩे में लगे



हुए हैं। उनके घर तोडऩे में लगे हुए हैं उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है जबकि बड़ौली गांव के लोगों की मांग शत-प्रतिशत जायज है और उनकी स्वयं की जमीन है। उन्होंने जमीन का मुआवजा भी नहीं लिया है तो फिर सरकार कौन से कानून के तहत उनके मकान तोड़वा रही है और उनकी जमीन को प्लॉट काटकर दूसरे लोगों को बेच रही है।

### मंत्री कृष्णपाल गुर्जर को मांगों के संबंध में ज्ञापन दिया

चौधरी वीरपाल गुर्जर ने मास्टर ऋषिपाल को बताया कि केंद्रीय राज्य मंत्री चौधरी कृष्णपाल गुर्जर को बड़ौली निवासियों की मांगों के बारे में ज्ञापन दिया है, जिसके बाद मंत्री ने लोगों को विश्वास दिलाया है कि मुख्यमंत्री से बात कराएंगे और लोगों की मांगों को पूरा करवाएंगे। उसके बाद मास्टर ऋषिपाल ने सभी लोगों के साथ मिलकर चौधरी कृष्णपाल गुर्जर का आभार व्यक्त किया और एक बार फिर सबकी तरफ से निवेदन किया ग्रामीणों की मांगों को जल्दी से जल्दी पूरा करवाएं। धरनारत सभी मांग पूरी होने के बाद आराम से अपने घर में इस सर्दी के मौसम में आराम फरमा सके।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**
(ई–टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | दिल्ली डिवीजन पर सिग्नलिंग इक्विपमेंट्स की अर्थिंग (Earthing) में सुधार के संबंध में सिग्नलिंग का कार्य। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | Rs. 3,99,17,072.70/- |
| धरोहर राशि (₹) | Rs. 3,49,600.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने की दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 29.12.2025 / निविदा खुलने का दिनांक 20.01.2026 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

निविदा संख्याः 558-Sig-16-M-TENDER-1468 दिनाँक : 29.12.2025 4017/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी /
(84–भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल कश्यप पुत्र संजय कश्यप पता द्वितीय तल, ए–ब्लॉक, अरोड़ा हार्डवेयर गली नं.9, कमल विहार, कमालपुर, बुराड़ी ने एफआईआर सं. 292/2025 धारा 109.1/61.2/3.5 भारतीय न्याय संहिता–2023 के तहत** थानाः सराय रोहिल्ला, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राहुल कश्यप** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राहुल कश्यप** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं. 292/2025 धारा 109.1/61.2/3.5 भारतीय न्याय संहिता–2023 के तहत** थानाः सराय रोहिल्ला, दिल्ली **के उक्त राहुल कश्यप** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
रंगत धीरा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04
केन्द्रीय, कमरा नं.37,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/17578/N/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शाहजहां एसके पुत्र बाईजान एसके निवासी एफ–6, झुग्गी नं. 553 एचजीआई लेबर, राज पार्क, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 540/21 अन्तर्गत धारा 12/9/55 जी एक्ट, थाना राज पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शाहजहां एसके** मिल नहीं रहा है और मुझे सामाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शाहजहां एसके** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 540/21 अन्तर्गत धारा 12/9/55 जी एक्ट, थाना राज पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शाहजहां एसके** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.02.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ईब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 107, प्रथम तल,
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/17187/OD/2025
(Court Matter)

**खबर संक्षेप**

## पीएम से मिले बिहार भाजपा अध्यक्ष सरावगी



**पटना।** बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने पीएम नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनसे आशीर्वाद लिया व बिहार के विकास समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। सरावगी ने पीएम मोदी को उपहार स्वरूप मां जानकी की जन्मस्थली पुनौरा धाम की तस्वीर वाला मोमेंटो व मधुबनी पेंटिंग बनी शॉल भेंट की।

## यूपी में 12वीं तक के स्कूल 1 जनवरी तक बंद



**लखनऊ।** बढ़ती ठंड को लेकर योगी सरकार ने फैसला लिया है। प्रदेश में बढ़ती ठंड के मद्देनजर एक जनवरी तक 12वीं तक के स्कूल बंद करने का ऐलान किया है। इसे लेकर सीएम ने अफसरों को निर्देश जारी किए हैं। भीषण शीतलहर के चलते सीएम ने राज्य के आईसीएसई, सीबीएसई, यूपी बोर्ड के सभी स्कूलों को एक जनवरी तक बंद करने के निर्देश दिए हैं।

## 2.20 करोड़ छात्रों को मिला शिक्षा का 'कवच'

लखनऊ। सीएम योगी के नेतृत्व में सरकार ने वर्ष 2025 में सामाजिक न्याय की अवधारणा को धरातल पर उतारते हुए पिछड़ा वर्ग कल्याण की योजनाओं में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और डिजिटल कौशल के त्रिकोणीय मॉडल ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए भ्रष्टाचार पर अंतिम प्रहार कर पारदर्शिता की नई मिसाल पेश की है।




# तंजौर शैली में बनी सोना-हीरे जड़ित श्रीराम की प्रतिमा स्थापित

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव शुरू हो गया है। इसमें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। साथ ही नामचीन कलाकार सुर साधना करेंगे। सोने व हीरे से जड़ित भगवान श्रीराम की भव्य प्रतिमा राम मंदिर परिसर में विधिवत स्थापित की गई।

**रामलला का प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव शुरू**

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर सोमवार से पांच दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव का शुभारंभ हो गया। इस दौरान राम जन्मभूमि परिसर में स्थित अंगद टीला पर बनाए गए भव्य पंडाल में पहले दिन श्रीरामचरित मानस पाठ शुरू हुआ। श्री श्री मां आनंदमयी मानस परिवार के सदस्यों की ओर से श्रीरामचरित मानस के बालकांड का संगीतमय पाठ किया जा रहा है। यह पाठ अनवरत पांच दिन तक चलेगा।

### गुरु घासीदास विवि के कलाकारों ने प्रस्तुत की रामलीला का मंचन





इसी कड़ी में दोपहर में श्रीरामकथा का शुभारंभ हुआ। जगद्गुरु स्वामी रामदिनेशाचार्य की ओर से रामकथा का रसपान कराया जा रहा है। इसके साथ ही गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ के कलाकारों की ओर से रामलीला का मंचन किया जाएगा। 31 दिसंबर से दो जनवरी तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस दौरान शाम को प्रख्यात गायक सुरेश वाडेकर, अनूप जलोटा और तृप्ति शाक्या की ओर से रामलला की सुरों से आराधना की जाएगी।

### सुरक्षा व भीड़ प्रबंधन के विशेष इंतजाम

31 दिसंबर को मुख्य समारोह आयोजित होगा। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। इस दौरान रक्षा मंत्री की ओर से राम मंदिर परिसर के अन्नपूर्णा मंदिर में ध्वजारोहण भी किया जाएगा। प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव के अवसर पर बड़ी संख्या में देश दुनिया के श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। रामलला के दर्शन-पूजन का दौर जारी है। सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के विशेष इंतजाम किए गए हैं।

### अयोध्या में एक और गौरवपूर्ण क्षण

प्रभु श्रीराम के देश-दुनिया के भक्तों के लिए अयोध्या में सोमवार को एक और गौरवपूर्ण क्षण देखने को मिला। कर्नाटक से लाई गई सोने व हीरे से जड़ित भगवान श्रीराम की भव्य प्रतिमा राम मंदिर परिसर में विधिवत स्थापित की गई। इसका अनावरण भी बड़े श्रद्धाभाव से किया गया।

## उभयपक्षों के साथ संवाद कर समाधान की राह निकाले

# भू-माफिया और बाहुबलियों पर करें कठोर कार्रवाई मुख्यमंत्री योगी ने अफसरों को दिए सख्त निर्देश

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अधिकारियों को आदेश दिया कि वे जमीन हड़पने वाले बाहुबलियों और भू-माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें। गोरखपुर में जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान सोमवार को उन्होंने करीब डेढ़ सौ लोगों की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को उनके समाधान का निर्देश दिया। इस दौरान कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा यदि कोई दबंग, माफिया किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। गरीबों को उजाड़ने वाले कतई न बख्शे जाएं। जहां पैमाइश की जरूरत हो, वहां पैमाइश कराकर विवाद का निस्तारण कराया जाए। पारिवारिक विवाद के मामलों में उन्होंने उभयपक्षों के साथ संवाद कर समाधान की राह निकालने के लिए निर्देशित किया।

> सीएम योगी ने कहा कि यदि कोई दबंग, माफिया किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। गरीबों को उजाड़ने वाले कतई न बख्शे जाएं। जहां पैमाइश की जरूरत हो, वहां पैमाइश कराकर विवाद हल कराया जाए।

### घबराइए मत, हर समस्या का समाधान कराएंगे



प्रचंड ठंड के बावजूद जनता दर्शन में आए फरियादियों से सीएम योगी ने उनकी कुर्सियों के पास जाकर बात की। सीएम ने सभी लोगों से कहा-''घबराइए मत, हर समस्या का समाधान कराएंगे, सरकार सबकी भरपूर मदद करेगी।' जनता दर्शन में अधिकारियों से सीएम योगी ने कहा कि पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और तत्परता से उसका समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण कराएं। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी।

### रुद्राभिषेक कर लोक मंगल कामना की प्रार्थना की

मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह रुद्राभिषेक कर देवाधिदेव महादेव से लोकमंगल की प्रार्थना की। हवन के साथ रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कर उन्होंने सभी नागरिकों के सुख-समृद्धि की कामना की। वर्ष 2025 के अंतिम सोमवार की सुबह गोरखनाथ मंदिर के अपने आवास के प्रथम तल स्थित शक्तिपीठ में सीएम ने भगवान भोलेनाथ को विल्वपत्र, दुर्वा, मदार पत्र, कमल पुष्प समेत अनेकानेक पूजन सामग्री अर्पित करने के बाद जल और दूध से रुद्राभिषेक किया। मठ के विद्वत आचार्यगण एवं पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक संपन्न कराया। रुद्राभिषेक के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन किया। विधि विधान से पूर्ण हुए रुद्राभिषेक अनुष्ठान के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय और शांतिमय जीवन की मंगलकामना की।

## योगी की टीम में हो सकता है बड़ा बदलाव

# मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा ने उड़ा दी कई मंत्रियों की नींद



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी भाजपा अध्यक्ष के पद पर पंकज चौधरी की ताजपोशी के बाद अब सबकी निगाहें योगी मंत्रिमंडल के विस्तार पर है। एक यह कि क्या गुजरात का प्रयोग यूपी में भी दोहराया जाएगा। इसी चर्चा ने तमाम मंत्रियों की नींद उड़ा दी है, तो बहुतों की उम्मीदों को पंख लगा दिए हैं। कुर्सी बचाने और पाने की चाहत वालों ने दौड़ शुरू कर दी है। संभावना जताई जा रही है कि टीम योगी में बड़ा बदलाव फरवरी माह में हो सकता है।

### भाजपा यूपी में मिशन-2027 की तैयारियां और तेज की

नए साल के आगाज के साथ ही भाजपा यूपी में मिशन-2027 की तैयारियां और तेज कर देगी। संगठन से लेकर सरकार तक सबकुछ दुरुस्त करने की तैयारी है। संगठन के प्रमुख बदलाव के बाद अब जिलों और संगठनात्मक मंडलों में टीम बनाने की कवायद शुरू की जा रही है। भाजपा ने 2022 का विधानसभा चुनाव स्वतंत्रदेव सिंह के प्रदेश अध्यक्ष रहते लड़ा था और पूर्ण बहुमत से सरकार में वापसी की थी। भाजपा ने 2027 के चुनाव में जाने से पहले पंकज चौधरी के रूप में फिर कुर्मी चेहरे को प्रदेश संगठन की कमान सौंपकर पुराना टोटका फिर दोहराया है।

### खुल सकती है कई विधायकों की लाटरी

2022 के विधानसभा चुनाव में जाने से कुछ माह पहले भी मंत्रिमंडल विस्तार हुआ था। जातीय गुणा-गणित के तहत कई चेहरों को टीम योगी में शामिल किया गया था। मगर इस बार चर्चाएं थोड़ी अलग है। दरअसल प्रदेश सरकार में कई मंत्रियों के कामकाज को लेकर तमाम शिकायतें हैं। कुछ से दिल्ली दरबार खुश नहीं है, तो कइयों की कार्यशैली से मुख्यमंत्री नाराज हैं। ऐसे में चर्चाएं योगी मंत्रिमंडल में बड़े बदलाव को लेकर है। ऐसा यदि हुआ तो तमाम विधायकों की लाटरी खुल सकती है।

## पहले पेज का शेष

### दुष्कर्म के दोषी पूर्व...

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने की अपील की। पीठ ने कहा कि वह इस मामले की जांच करेगी क्योंकि इस मुकदमे पर विचार करना आवश्यक है। शीर्ष अदालत ने साफ किया कि कि उच्च न्यायालय के 23 दिसंबर के आदेश के आधार पर सेंगर को हिरासत से रिहा नहीं किया जाएगा। मामले की सुनवाई चार सप्ताह करने की बात कहते हुए सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा, इस मामले में महत्वपूर्ण कानूनी प्रश्नों पर विचार किया जाना है।
**दलीलें सुनी, कोर्ट ने कहा फैसले पर रोक जरूरी:** सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ये मामला बच्ची के साथ भयावह दुष्कर्म का है। दोषी पर आईपीसी की धारा 376 और पॉक्सो कानून की धारा पांच और छह के तहत आरोप तय किए गए हैं। अदालत ने इस बात को नोट किया कि अपराध के समय पीड़िता की आयु 15 साल 10 माह थी। तमाम दलीलों को सुनने के बाद चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- हम हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने के पक्ष में हैं।
**पीड़ित पक्ष ने कहा...हमें सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा:** इससे पहले उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता और उसकी मां ने रविवार को जंतर मंतर पर कुलदीप सिंह सेंगर को मिली जमानत के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी बड़ी संख्या में हाथों में बैनर व तख्तियां लिए पहुंचे। पीड़िता की मां ने बताया कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा है और उन्हें उम्मीद है कि वहां से उन्हें न्याय मिलेगा। उन्होंने बताया कि उनपर केस वापस लेने का दवाब बनाया जा रहा है। हम बिना किसी डर के अपनी कानूनी लड़ाई लड़ना चाहती है और इसके लिए उसे सुरक्षा की जरूरत है। पीड़िता ने कहा मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील करती हूं कि मुझे इस तरह सुरक्षा दी जाए, जिससे मैं निडर होकर अपनी लड़ाई लड़ सकूं।

### 10 साल की सजा...

दिए गए पूर्व भाजपा विधायक ने दिसंबर 2019 के निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। फिलहाल, इस मामले में भाजपा से निष्कासित नेता जेल में ही रहेंगे क्योंकि वह पीड़ित के पिता की हिरासत में मौत के मामले में भी 10 साल की सजा काट रहे हैं। अदालत ने इस मामले में उन्हें जमानत नहीं दी है। बता दें कि उन्नाव दुष्कर्म और इससे जुड़े अन्य मामले 1 अगस्त, 2019 को सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर उत्तर प्रदेश की एक निचली अदालत से दिल्ली स्थानांतरित कर दिए गए थे।

### पीड़िता बोली...

मौत की सजा मिलनी चाहिए। वहीं, सुनवाई से पहले पीड़िता के लिए न्याय की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट के बाहर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने कहा कि हम न्यायपालिका पर पूरा भरोसा रखते हैं और हम चाहते हैं कि कुलदीप सेंगर वापस जेल जाए, बल्कि उसे मौत की सजा दी जाए। महिला कार्यकर्ता योगिता भयाना ने भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से पहले कहा था कि पीड़िता को उम्मीद है कि उसे न्याय मिलेगा। उसकी सेहत स्थिर है, और वह अभी कोर्ट में मौजूद है क्योंकि वह अपनी लड़ाई खुद लड़ना चाहती है। मुझे यकीन है कि सुप्रीम कोर्ट इस लड़की को न्याय देगा।

### दुष्कर्म के दोषी भाजपा...

हैं, लेकिन जिन भाजपा नेताओं पर बेटियों के खिलाफ गंभीर अपराधों के आरोप लगते हैं, उन्हें बचाने का काम किया जाता है। उन्होंने कहा कि कुलदीप सिंह सेंगर को जमानत मिलने के बाद जब पीड़िता अपनी मां के साथ इंडिया गेट पर धरने पर बैठी थी, तो भाजपा और उसके समर्थकों ने उसका मजाक उड़ाया था। उन्होंने उन्नाव मामले के साथ-साथ अंकिता भंडारी, हाथरस और बिलकिस बानो जैसे मामलों का जिक्र करते हुए भाजपा को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि उन्नाव के पीड़ित परिवार के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने मुलाकात की थी और परिवार को पार्टी की ओर से हर तरह की कानूनी, आर्थिक और सामाजिक मदद का भरोसा दिलाया था। लांबा ने बताया कि महिला कांग्रेस की वकीलों और कार्यकर्ताओं ने भी इस लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाई, जिसके दौरान कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। कांग्रेस नेता ने बताया कि आगामी बजट सत्र के दौरान भी इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जाएगा। उन्होंने मांग की कि बेटियों के हत्यारों एवं बलात्कारियों को पैरोल या जमानत देने का तमाशा बंद होना चाहिए और कानून में बदलाव कर ऐसे दोषियों को उम्रकैद नहीं, बल्कि फांसी की सजा दी जानी चाहिए।

### वायुसेना, नौसेना ...

सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो (एचएफ एसडीआर) मैनपैक और पट्टे पर हाई एल्टीट्यूड लॉग रेंज (एचएएलई) रिमोटली पायलेटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम (आरपीएएस) की खरीद के लिए एओएन दिया गया है।

### अति विध्वंसक रूप...

ने इसकी मारक क्षमता को स्वदेशी से बढ़ाया है और अब ये रॉकेट 120 किलोमीटर की दूरी तक मौजूद लक्ष्यों तक निशाना लगा सकता है। इसके अलावा लो लेवल लाइट वेट रडार छोटे आकार की, कम ऊंचाई पर उड़ने वाली मानवरहित हवाई प्रणालियों (एमआरएलएस) का पता लगाकर उन पर नजर रखेंगे। जबकि उन्नत मारक क्षमता वाली एकीकृत ड्रोन पहचान और अवरोधन प्रणाली मार्क-2 सामरिक युद्ध क्षेत्र और भीतरी इलाकों में सेना की महत्वपूर्ण संपत्तियों की रक्षा करेगी।

### आसान होगा तेजस विमान ...

रेंज से दुश्मन के विमानों को बेअसर करने के लिए बढ़ाएंगी। इसके अलावा स्वचालित टेक-ऑफ लैंडिंग रिकॉर्डिंग सिस्टम के वायुसेना का हिस्सा बनने से लैंडिंग और टेक-ऑफ की उच्च-स्तरीय, हर मौसम में स्वचालित रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराकर एयरोस्पेस सुरक्षा वातावरण में मौजूद कमियों को दूर किया जा सकेगा।

### आईओआर में नौसेना ...

अनबर्थिंग तथा युद्धाभ्यासों में सहायता मिलेगी। एचएफ-एसडीआर बोर्डिंग और लैंडिंग ऑपरेशन के दौरान लंबी दूरी के सुरक्षित संचार को बढ़ाएगा।

### जब सरकार ने दिखाए...

का नहीं था। दरअसल, मोदी ने माल्या की जन्मदिन में बनाए गए वीडियो को 22 दिसंबर को अपने एक्स अकाउंट पर साझा करते हुए देश की सरकार और जांच एजेंसियों पर एक प्रकार से तंज कसते हुए कहा था कि 'हम दोनों (ललित मोदी, विजय माल्या) भारत के दो सबसे बड़े भगोड़े हैं। आप मीडिया वालों के लिए एक बार फिर इंटरनेट को हिला देता हूं, जलन के साथ देखते रहिए'।
**मोदी के माफीनामे का सार:** ललित मोदी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि अगर मेरे बयान से किसी की भावनाओं को (भारत सरकार) ठेस पहुंची हो तो मैं उसके लिए माफी चाहता हूं। मेरे बयान का वो अर्थ कतई नहीं था, जैसा कि उसे समझा गया। किसी भी तरह की गलतफहमी के लिए मैं पुनः क्षमा चाहता हूं। बताते चलें कि आईपीएल के संस्थापक और भगोड़े आर्थिक अपराधी ललित मोदी को भारतीय जांच एजेंसियों को 1999 के फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (फेमा) के उल्लंघन और कालेधन को वैध बनाने (मनीलॉड्रिंग) के मामले को लेकर तलाश है। जबकि विजय माल्या वर्तमान में बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस के लोन से जुड़े मामले में धोखाधड़ी और धनशोधन के आरोप में फरार है। दोनों को जांच एजेंसियां भारत वापस लाने में जुटी हुई हैं। ऐसा समझा जाता है कि विजय माल्या ब्रिटेन में जमानत पर बाहर है। भारत द्वारा लगातार की गई उसकी प्रत्यर्पण की मांग को वो खारिज करता रहा है। ललित मोदी 2010 से और विजय माल्या 2016 से लंदन में रह रहे हैं।

### लंबे समय बाद हुआ...

**जमीनी स्तर के सुझाव मिलेंगे:** कांग्रेस का मानना है कि इस मंच के माध्यम से पार्टी को जमीनी स्तर की समझ, विविध दृष्टिकोण और वैचारिक सुझाव प्राप्त होंगे, जिससे नीतियों को अधिक समावेशी और जनहितकारी बनाया जा सकेगा। रचनात्मक कांग्रेस पार्टी और समाज के बीच एक सेतु का कार्य करेगी और विचार-विमर्श की संस्कृति को सशक्त बनाएगी। संदीप दीक्षित की नियुक्ति को कांग्रेस संगठन में बौद्धिक और वैचारिक विस्तार की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। पार्टी नेतृत्व को उम्मीद है कि उनके अनुभव और दृष्टिकोण से रचनात्मक कांग्रेस अपनी भूमिका को प्रभावी ढंग से निभाएगी और कांग्रेस की नीतिगत सोच को और मजबूती मिल सकेगी।

### तंजानिया...जहां...

देखने की चाहत में लाखों लोग यहां हर साल खिंचे आते हैं और यह जमीन किसी को निराश नहीं करती। दुनिया भर में चर्चित सालाना 'द ग्रेट माइग्रेशन ' केन्या और तंजानिया के बीच ही होता है। दुर्लभ हो चुके वन्य प्राणियों को देखने की चाहत लिए इस समय तंजानिया में ही हूं। भारत से आने में बहुत अधिक दुश्वारी नहीं है क्योंकि मुंबई से दार अस सलाम के लिए सीधी फ्लाइट उपलब्ध है। एयर तंजानिया की यह फ्लाइट सुबह छह बजे उड़ान भरकर स्थानीय समय अनुसार सुबह साढ़े नौ बजे यहां पहुंचा देती है। भारत के मुकाबले यहां घड़ी की सुईयां ढाई घंटे पीछे रहती हैं। भारतीयों के लिए वीजा आन अराइवल की सुविधा है, इसलिए जेब में थोड़े से पैसे आते ही आप यहां का रुख कर सकते हैं। समय है और थकान है तो एक दिन दार अस सलाम में बिताना बेहतर है। यह शहर आपको बहुत हद तक मुंबई का अहसास करायेगा। भारतीय रेस्त्रां की कोई कमी नहीं है। कम पैसों में अच्छा भारतीय भोजन अच्छी जगहों पर सहज उपलब्ध है। भारतीयों की उपस्थिति इतनी प्रभावी है कि एक सड़क का नाम ही इंडियन स्ट्रीट है। यहा एक रेस्टोरेंट है दालचीनी। पूरी तरह शाकाहारी हालांकि स्टाफ अफ्रीकी है। पंद्रह हजार शिलिंग का भुगतान करने पर हमें एक थाली मिली। घबराने की बात नहीं है। भारतीय मुद्रा में यह बमुश्किल पांच सौ रुपए ही है।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.PC. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **राजीव, पुत्र:** कमलेश, पताः सन्नी का मकान, नजदीक दादा भैया मन्दिर, गांव बवाना, दिल्ली, ने **FIR No.: 37/2022, U/s: 379/411 IPC,** थानाः बवाना, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **राजीव,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **राजीव,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 37/2022, U/s: 379/411 IPC,** थानाः बवाना, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **राजीव,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सार्थक पंवार, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05,
जिला पश्चिम, कमरा न.114
रोहिणी कार्ट, दिल्ली

DP/17490/ON/2025
(Court Matter)

**निविदा सूचना संख्या: CON/2025/DEC/09, दिनांक: 19-12-2025 के लिए शुद्धिपत्र - 1**

निविदा संख्या: CE/CON/KK/MIS/2025/08 के विपरीत निविदा सूचना संख्या: CON/2025/DEC/09 के लिए शुद्धिपत्र - 1 जारी किया गया है। विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

मुख्य अभियंता/कॉन/केआईआर
डीएल प्रोजेक्ट/मालीगाँव
पूर्वोत्तर सीमा रेल
निर्माण संगठन
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी**

अभियोग स. -178 दिनाक 31.05.2025 धारा 137,87, BNS थाना शहर जिला रेवाड़ी

गुमशुदा की पहचानः-

नाम- नन्दनी पुत्री संजय कुमार साहनी निवासी सोनावार्ड चकमहथी सयस्तीपूर बिहार हाल किरायेदार नरेन्द्र गली नं.-8 यादव नगर रेवाड़ी पुलिस चौकी कानोड गेट थाना शहर रेवाड़ी जिला रेवाड़ी। कद - 5 फुट हुलिया- रंग सावला, गोल चेहरा, गुलाबी रंग का सुट, नीले रंग की जींस, काले रंग की चप्पल कद 5 फुट, उम्र 16 साल दिनांक-31.05.2025 से घर अपना सामान लेकर के चली गई। जिस संबंध में FIRNO-178 दिनांक 31.05/2025 धारा 137,87, BNS दर्ज रजिस्टर्ड किया गया है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं चला है। यदि किसी थाने में या किसी व्यक्ति को इस बारे सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर फोन करके सूचित करे।



सम्पर्क नम्बर-1. अनुसंधानकर्ता -7056666138
2. प्रबंधक अफसर शहर रेवाडी- 7056666121
3. कंट्रोल रूम रेवाड़ी- 01274-225156, 9306952004

पीआरडीएच-1084/11/4286/2026/41556/88/7 दि. 29.12.25

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

मु.नं. 800 दिनांक 28.12.2025 धारा 140 (3) बी.एन.एस. थाना खरखौदा जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान
नाम- अभय।
पिता का नाम - राजेश।
पता वासी गांव पहलादपुर किड़ोली जिला सोनीपत हरियाणा।
उम्र 17 वर्ष।
कद - 5 फुट 5 ईन्च।
हुलिया- रंग गेंहुआ, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आंखे, गले में चाँदी की चेन पहने हुए हैं।
पहनावा- हल्के नीले रंग की टोपे वाली जेकेट, स्लेटी रंग का कोट, स्लेटी का रंग पजामा व पैरों में काले रंग के जूते पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.12.2025 को अभय पुत्र राजेश वासी वासी गांव पहलादपुर किड़ोली जिला सोनीपत हरियाणा, बिना किसी को कुछ बताए घर से कहीं चला गया है। अब तक घर वापिस नहीं आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना मो. नं. - 7419410536
अनुसंधान कर्ता मो. नं.-8683819531
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/4288/2026/41559/88/7 दि. 29.12.25

**अभियुक्ता की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **सोनिया** पत्नी सचिन, निवासी मकान संख्या ए-182, गली संख्या 09, पक्की खजूरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 125/2016 धारा 323/341/506 भा.द.सं. थाना खजूरी खास, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सोनिया** मिल नहीं रही है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सोनिया** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 125/2016 धारा 323/341/506 भा.द.सं. थाना खजूरी खास, दिल्ली की उक्त अभियुक्ता **सोनिया** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **11.02.2026** को हाजिर हो।

आदेशानुसार: सुश्री कनिका अग्रवाल,
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-03,
कमरा नं. 22, उत्तर-पूर्व जिला,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली।

DP/17508/NE/2025

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प कैथल | आरडी 172.75 से 174.75 कि.मी. (आईडी-6917) तक कैथल जिले में असंध राजौंद कैथल पटियाला रोड (राजौंद कस्बा भाग) (एसएच-11) की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 09.01.2026 | 589.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896320998 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज करनाल | गांव समाना बहु ब्लॉक नीलोखेड़ी जिला करनाल में सोम तीर्थ के पुनरोद्धार और निर्माण हेतु (बकाया कार्य) संशोधित आकलन (केडीबी स्कीम) + 1 कार्य। | 24.12.2025 03.01.2026 | 27.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल | धनचोली माइनर के कि.मी. 0.920/आर से गांव तालाबों रामबास (जंगलात वाली और घाटी वाली जोहड़ी) भरने के लिए डीआई प्रैशराइज्ड पाइप लाइन को बिछाना। | बंद होने की तिथि 01.01.2026 | 147.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 DIRECxen-wsnrl.irr@gov.in |
| 4 | शहीद हसन खान मेवाती (एसएचकेएम) राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | नैरो बैंड वायलेट बी फोटोथैरेपी, मल्टीयूटिलिटी फोटोथैरेपी यूनिट की खरीद के लिए निविदा। | 31.12.2025 12.01.2026 | 1.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/100/41558/I/88/7 दि. 29.12.25

हरिभूमि
# सहेली




# स्त्री की संपन्न दृष्टि वाला नया साल

नव-वर्ष का आगमन.. नई आशाओं का सवेरा, भीतर नई ऊर्जा का संचार। इससे भला स्त्रियां कैसे अछूती रहेंगी। इनके लिए नूतन वर्ष नए अर्थ लिए आता है। वे ऐसे धरातल तैयार करती हैं, जिसमें स्त्री की अपनी संपन्न दृष्टि हो, उनकी अस्मिता हो, उनका आत्म-सम्मान हो।

आवरण कथा

कल्पना मनोरमा, साहित्यकार

नया साल कोई हिसाब नहीं, बल्कि समय की वह दहलीज है, जहां प्रकृति स्वयं पुराना उतारकर नए के प्रति आकर्षित होकर उसकी ओर बढ़ती है। पेड़ अपने गिरे पत्ते नहीं चुनते। नदियां पीछे छूटे मोड़ों को नहीं गिनतीं। वे तो नए उत्साह में प्रवाह में बने रहना जानती हैं। प्रकृति का हर नया चक्र यह सिखाता है कि नया आना कोई घटना नहीं, बल्कि एक स्वाभाविक आग्रह है। जीवन की जिद, जो बिना शोर किए आगे बढ़ती रहती है। इसी आग्रह के साथ नया साल आता है। वह एक संभावना की तरह उपस्थित होता है, जिसमें पुराना स्वतः पीछे छूटने लगता है। यह समय स्मृतियों का बोझ ढोने के लिए नहीं, बल्कि चयन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। क्या साथ रखना है और क्या छोड़ देना है।

**वर्तमान को खोलें नए अर्थों के लिए:** नया साल हमें यह अनुमति देता है कि हम कष्टकारी अनुभवों पर मिट्टी डालें और वर्तमान को नए अर्थों के लिए खोलें। यहीं से स्त्री की संपन्न दृष्टि आकार लेती है। वह इस प्राकृतिक आग्रह को पहचानती है। उसकी उमंग किसी प्रतिरोध से नहीं, बल्कि जीवन की उसी सहज गति से जन्म लेती है, जो हर मौसम को बदलने का साहस देती है। स्त्री जानती है कि आगे बढ़ने के लिए कठोर होना जरूरी नहीं, कभी-कभी भरोसा ही सबसे बड़ी शक्ति बन जाता है, इस बात पर कि जीवन की संभावना अब भी शेष है।

**नए साल में तैयार होते हैं नए धरातल:** स्त्री बीते साल से कुछ अनुभव, कुछ चोटें, कुछ सीखें लेकर अपने नए साल का धरातल तैयार करती है। लेकिन अब नए जमाने की स्त्री, पुराने को सहेजकर नहीं रखती। जो कष्टकारी था, उसे भूलने का संकल्प भी उसकी संपन्न दृष्टि का ही हिस्सा है। भूलना यहां पलायन नहीं है, बल्कि चयन है। वह जानती है कि हर याद को सहेजना आवश्यक नहीं। कुछ स्मृतियों को छोड़ देना ही आगे बढ़ने की शर्त बन जाता है। इसलिए नया साल उसके लिए प्रार्थना से ज्यादा, क्षमा करने का अभ्यास भी बन जाता है।

**विनम्र भाव से नए साल का करें स्वागत:** आज की पढ़ी-लिखी सचेत स्त्री अपने आपको यह अनुमति देती है कि जो अधूरा रह गया, उसे अपराधबोध में बदलने की बजाय सीख में बदले। नए के लिए स्त्री की विनम्रता उल्लेखनीय होती है। यह विनम्रता आत्मसमर्पण नहीं, बल्कि जीवन के प्रति खुलापन है। वह यह स्वीकार करती है कि सब कुछ उसके नियंत्रण में नहीं होगा, फिर भी वह प्रयास से पीछे नहीं हटती। इस विनम्रता में अहंकार का त्याग है, पर आत्मसम्मान की कमी नहीं।



स्त्री नए साल से अपेक्षाएं रखती है, पर उन्हें आदेश की तरह नहीं, संवाद की तरह रखती है। जैसे जीवन से कह रही हो, 'मैं तैयार हूं, तुम जो भी लाओगे, मैं सीखते हुए स्वीकार करूंगी।'

**भीतर से सजने-संवरने का अवसर:** नया साल स्त्री को अपने आप को सजाने-संवारने की ओर भी उन्मुख करता है। यह सजना केवल बाहरी नहीं होता। हालांकि वह कपड़ों, रंगों और आईने के सामने खड़े होने के छोटे-छोटे उत्सवों को भी महत्व देती है, लेकिन असली साज-संवार भीतर की होती है। विचारों की, इच्छाओं की और उस आत्मविश्वास की, जो समय के साथ परिपक्व हुआ है। वह अपने चेहरे पर उम्र की रेखाओं को अस्वीकार नहीं करती। बल्कि वह उन्हें अनुभव का मानचित्र मानती है। सजना उसके लिए स्वयं को स्वीकार करने की प्रक्रिया है, न कि किसी मानक में ढलने की कोशिश या किसी तारीफ पाने का उपक्रम।

**कुछ नया हासिल करने की ताकत रखती है स्त्री:** स्त्री की जिद भी साधारण नहीं होती। वह कुछ नया हासिल करने की ताकत रखती है। यह बात उम्र के साथ बदलते हुए सालों में और स्पष्ट हो जाती है। यह जिद नौकरी, लेखन, अध्ययन, कला या किसी भी व्यक्तिगत लक्ष्य में भी प्रकट हो सकती है। स्त्री बड़े घोषणापत्र नहीं बनाती। वह रोजमर्रा के निर्णयों में अपने संकल्प को जीती है। समय पर 'नहीं' कहना, अपने श्रम की कीमत मांगना, अपनी रुचियों के लिए समय निकालना। ये सब उसकी उपलब्धियां हैं। स्वयं को अनदेखा न करना स्त्री सीख रही है।

**शांत मन से प्रसन्नता की पुनर्खोज:** स्त्री के भीतर प्रसन्नता की पुनर्खोज जारी है। जो बदलते हुए सालों में उजागर होती है। बदलाव की यह प्रसन्नता शोरगुल वाली नहीं होती। पुराने साल की थकान को पीछे छोड़ते हुए, स्त्री नया साल उम्मीद के साथ देखती है। वह जानती है कि चुनौतियां फिर आएंगी, पर वह उनसे डरकर नहीं, तैयारी के साथ मिलती है। उसकी संपन्न दृष्टि उसे यह सिखाती है कि हर संकट स्थायी नहीं होता, और हर बदलाव में संभावना छिपी होती है। वह अब स्वयं को पीड़िता की भूमिका में सीमित नहीं करती। वह कर्ता बनकर आगे बढ़ती है। अपने जीवन की, अपने निर्णयों की साक्षी बनती है।

**स्त्री के आत्म-सम्मान का उत्सव नया साल:** अंततः स्त्री की संपन्न दृष्टि वाला नया साल आत्म-सम्मान का उत्सव कहलाता है। यह उस स्त्री का साल है, जो अपने अतीत से सीखती है। वर्तमान में सजग रहती है और भविष्य के लिए विनम्र आशा रखती है। वह अपने बच्चों के लिए आशीष बनती है और स्वयं के लिए हमदर्द भी। वह सजती है, संवरती है, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आज वह अपने भीतर की रोशनी को पहचानने लगी है।

**समय का बदलना भर नहीं है नव वर्ष:** स्त्री हर पतझड़ के बाद अपने भीतर वसंत को पुनः जी उठती है, टूटकर भी खिल जाना ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। नया साल उसके लिए समय का बदलना भर नहीं। यह अपने आप से किया गया एक शांत, दृढ़ वादा है कि वह जीवन को पूरी उपस्थिति के साथ जिएगी, और हर दिन को अपनी संपन्न दृष्टि से नया अर्थ देगी। और यह बात वह किसी और से नहीं, सबसे पहले अपनी संतति से बार-बार कहेगी। धीरे-धीरे ही सही, दुनिया बदलती जाएगी। खूबसूरत होती जाएगी।

अस्तु..।



## बच्चों के प्रति सद्भावनाओं का विस्तार

स्त्री की संपन्न दृष्टि बच्चों तक स्वतः पहुंचती है। नया साल उसके लिए बच्चों के प्रति सद्भावनाओं का विस्तार है। उनके लिए सुरक्षित आकाश, निर्भय प्रश्न और सहज हंसी की कामना है। वह चाहती है कि बच्चे केवल सफल न हों, बल्कि संवेदनशील भी हों। केवल तेज न हों, बल्कि करुणामय भी हों। वह जानती है कि बच्चों की खुशी उसकी अपनी खुशी से अलग नहीं है, लेकिन वह यह भी सीख चुकी है कि बच्चों के नाम पर स्वयं को मिटा देना आवश्यक नहीं। इसलिए वह उनके साथ-साथ अपने लिए भी जगह बनाती है। वह अपने सपनों के लिए सचेत होती है।

# बच्चों के लिए स्पेशल बनाएं न्यू ईयर

नए साल का इंतजार और उसका स्वागत बच्चे भी भरपूर उत्साह से करते हैं। आप उनके लिए न्यू ईयर सेलिब्रेशन और आने वाले साल को बहुत स्पेशल बना सकती हैं। इसके लिए आप यहां बताए जा रहे सजेशंस को फॉलो कर सकती हैं।

बच्चे और आप

नृपेंद्र अभिषेक नृप



नव वर्ष के स्वागत का उत्सव, बच्चों के लिए न केवल मौज-मस्ती और खेलने-कूदने का अवसर होता है, बल्कि उनके विकास, शिक्षा और नैतिक मूल्यों में सुधार, उनको नई दिशा देने, नई शुरुआत करने का भी समय हो सकता है।

**किताब पढ़ने को करें प्रेरित:** नव वर्ष के अवसर पर आप अपने बच्चों को उपहार के रूप में किताबें दे सकती हैं। प्रेरणादायक कहानियों, ऐतिहासिक घटनाओं और नैतिक मूल्यों पर आधारित किताबें बच्चों में ज्ञान और रचनात्मकता का संचार करती हैं। यही नहीं अगर उनके साथ आप किताबें पढ़ें तो उनमें पढ़ने की रुचि और बढ़ेगी।

**खेलें आउटडोर गेम्स:** आजकल अधिकतर बच्चे फिजिकल एक्टिविटीज और आउटडोर खेलों से दूर हो रहे हैं। इससे उनमें कई समस्याएं पैदा हो सकती हैं। ऐसे में नए साल में आप स्वयं बच्चों के साथ खेलते हुए उन्हें आउटडोर गेम्स खेलने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। इससे उनमें ऊर्जा-उत्साह बना रहेगा। बैडमिंटन, क्रिकेट या फुटबॉल जैसे खेलों के माध्यम से न केवल उनका शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि टीम भावना, नेतृत्व क्षमता का भी विकास होगा।



**टैलेंट को उभारें:** नव वर्ष के अवसर पर बच्चों के लिए नृत्य, गायन या ड्रामा आयोजित किए जा सकते हैं। यह न केवल उनके टैलेंट को सामने लाने का माध्यम बनेगा, बल्कि आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगा। उनके टैलेंट को पहचानकर आने वाले साल में उनको और प्रोत्साहित करें।

**पिकनिक-ट्रैवलिंग:** न्यू ईयर सेलिब्रेशन के तौर पर बच्चों को नेचर के करीब या चिड़ियाघर या ऐतिहासिक स्मारकों के पास घुमाने ले जा सकती हैं। आप आने वाले साल में भी जब मौका मिले, अपने बच्चों को ऐसी जगहों पर घुमाने जरूर ले जाएं। ऐसा करना न केवल उनके ज्ञान को बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें प्रकृति और इतिहास के महत्व को समझने का अवसर भी देगा।

**सोशल वर्क:** बच्चों को दूसरों की हेल्प और सोशल वर्क के लिए प्रेरित करने की शुरुआत भी नए साल पर की जा सकती है। जरूरतमंद बच्चों को पुराने कपड़े, खिलौने और किताबें दान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। यह उन्हें दूसरों के प्रति सहानुभूति और मदद का भाव सिखाने में बहुत सहायक साबित होगा।

**पर्यावरण के प्रति जागरूकता:** नए वर्ष पर आप अपने बच्चों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। नव वर्ष स्वागत कार्यक्रम के अवसर पर 'हर बच्चे के लिए एक पौधा' जैसे कार्यक्रम बच्चों को रुचिकर लगेंगे। ऐसी गतिविधि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व को सिखाएगी।

**स्वच्छता अभियान:** बच्चों को अपने आस-पास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाने के साथ-साथ उनके अंदर जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करेंगी।

**योग-व्यायाम:** बच्चों के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए योग और व्यायाम वर्कशॉप आयोजित करना कारगर होगा। नव वर्ष की पहली सुबह इसके माध्यम से आप बच्चों को पूरे साल स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

# सकारात्मकता के साथ नव वर्ष में करें प्रवेश

नव वर्ष हमें यह अवसर देता है कि बीते वर्ष में हुई गलतियों को सुधार कर, प्रयासों में रह गई कमी को पहचान कर और सोच में समाई नकारात्मकता को दूर कर हम नई उमंग, नए उत्साह और सकारात्मकता के साथ जीवन में आगे कदम बढ़ाएं। इसके लिए अपनी जीवनशैली और सोच में हमें कुछ परिवर्तन करने होंगे।

जीवनशैली

डॉ. मोनिका शर्मा



नया साल, उम्मीदों और उमंगों की पोटली लेकर आता है। साथ ही नई शुरुआत का हौसला भी लाता है। नव वर्ष, कुछ नए कदम बढ़ाने का मुफीद मौका भी होता है। ऐसे में कुछ छोटे-छोटे बदलावों से हमारी जिंदगी पहले से खूबसूरत बन सकती है।

**बढ़ाएं मेल-जोल:** रिश्ते करीबी हों या दूर के, आज के दौर में लोगों का आपसी मेल-जोल कम ही होता है। यहां तक कि एक ही छत के नीचे रहने वाले लोगों में भी दूरियां आ रही हैं। ऐसे में आने वाले साल में अपनों के साथ मेल-जोल बढ़ाने की सकारात्मक शुरुआत कीजिए। यह समय रहते समझिए कि रिश्तों में जुड़ाव के लिए समय निकालना जरूरी है। वरना एक समय ऐसा भी आता है, जब इंसान के पास समय तो होता है पर रिश्ते कहीं पीछे छूट जाते हैं। अब तो करीबी रिश्तों से लेकर आस-पड़ोस तक मेल-जोल की प्रवृत्ति नहीं दिखती, जबकि यही आपसी जुड़ाव हमारी संस्कृति की पहचान रही है। इस साल जिंदगी की भागम-भाग से कुछ लम्हे रिश्तों को सींचने-सहेजने के लिए निकालिए। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार मजबूत सामाजिक संबंधों वाले लोगों के लंबे समय तक जीवित रहने की संभावना, उन लोगों की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक होती है, जिनके सामाजिक संबंध कम होते हैं। साथ ही स्ट्रेस में कमी, बेहतर मनोदशा, क्रॉनिक डिजीज के जोखिम में कमी और क्वालिटी लाइफ जैसे लाभ तो मिलते ही हैं। ऐसे में बढ़ती सामाजिक-पारिवारिक दूरियों के इस दौर में मिल-जुलकर बैठने-बतियाने के लिए फुर्सत निकालने का रेजोल्यूशन जरूर कीजिए।

**भुलाएं बीती बातें:** बीती कड़वी बातों को भुलाना, रिश्तों में नया रंग भरने की एक खूबसूरत शुरुआत हो सकती है। कई बार रिश्तों में अनबन हो जाती है। ना चाहते हुए भी दूरियां आ जाती हैं। लेकिन जिंदगी इतनी बड़ी नहीं होती कि ऐसे तकलीफदेह वाकयों को हमेशा के लिए रिश्तों में दर्द और दुःख की वजह बना दिया जाए। बीते कल की बातों को भूलना इसीलिए भी अहम है कि समय के साथ संबंधों में आए बदलावों को समझने और साथ चलने के लिए यही पहला कदम है।

**मिलकर खुशियां मनाएं:** साझी खुशियों को जीते हुए रिश्तों में दोबारा नयापन लाया जा सकता है। इतना ही नहीं खुशनुमा साथ, बिखरे रिश्तों को भी जोड़ सकता है। एनर्जी से भरपूर और उत्साहित महसूस करने के लिए साझेपन का भाव जरूरी है। हर वर्ष आने वाली वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में शेयर्ड हैप्पीनेस एक अहम फैक्टर होता है। किसी भी देश के लोगों का एक-दूसरे के लिए हेल्पफुल होना, मिल-बांटकर रहना हैप्पीनेस का एक महत्वपूर्ण पहलू बनकर सामने आता है। ऐसे में नए साल में तय कीजिए कि आप अपनों के साथ मिलकर खुशियां मनाएंगी।



## सेहत संवारिए

'अच्छा स्वास्थ्य, अंदरूनी शक्ति, शांत मन और आत्मविश्वास लाता है, जो बहुत महत्वपूर्ण है।' यह कहना है दलाई लामा का। जीवन से जुड़े हर भाव को खुशनुमा ढंग से जीने के लिए अच्छी हेल्थ सबसे जरूरी है। कहते भी हैं कि जिंदगी जीने में और स्वस्थ जिंदगी जीने में बहुत फर्क होता है। आजकल मोटापा, हृदय रोग, किडनी से जुड़ी समस्याएं और कैंसर जैसी व्याधियां कम उम्र में ही देखने को मिल रही हैं। ऐसे में समय पर सेहत से जुड़ी परेशानी को लेकर सतर्क होना जरूरी है। शारीरिक सक्रियता और मानसिक शांति का मेल स्वस्थ जीवन की बुनियाद है। इन संकल्पों के साथ नए वर्ष में प्रवेश करें तो निश्चित ही यह वर्ष हर मायने में खुशहाल होगा।

# न्यू ईयर पार्टी के लिए पाएं न्यू मेकअप लुक

मेकअप

निकिता चौहान

नए साल के आने की खुशी में लोग पार्टी खूब एंज्वॉय करते हैं। आप भी ऐसी किसी पार्टी में जरूर शामिल होंगी। पार्टी में अट्रैक्टिव दिखने के लिए डिजाइनर आउटफिट के साथ आपका फेस लुक भी ग्लोरियस होना चाहिए। इस के लिए आपको अपने मेकअप लुक पर पूरा ध्यान देना होगा।

**सबसे पहले बेस बनाएं:** मेकअप करने से पहले इस बात का ध्यान रखें कि आपके फेस पर नमी न रहे। इसके लिए टिशू पेपर या वेट वाइप्स से अच्छे से फेस क्लीन करें। फेस को नमी देने के लिए अच्छा-सा मॉयश्चराइजर लगाएं। अपने मेकअप को ज्यादा देर तक रखने और फेस को स्मूथ बनाने के लिए प्राइमर लगाएं। इसके बाद अपनी स्किन के कलर के अनुसार फाउंडेशन लगाएं। आंखों के डार्क सर्कल्स, फेस पिगमेंटेशन और दाग-धब्बों को कवर करने के लिए कंसीलर का इस्तेमाल करें। इन स्टेप्स से आपका बेस मेकअप परफेक्ट और पूरी तरह नेचुरल लगेगा।



**ऐसे करें आई मेकअप:** हमारे ओवर ऑल लुक को कंप्लीट करने के लिए आंखों का मेकअप परफेक्ट होना जरूरी है। न्यू ईयर पार्टी के लिए ब्लैक या सिल्वर स्मोकी आई लुक बहुत स्टाइलिश लगेगा। अगर आप हल्का शिमर चाहती हैं तो गोल्ड, सिल्वर या शिमरी आईशैडो लगाएं। विंग्ड आई लुक पाने के लिए आईलाइनर का इस्तेमाल करें। यह आपकी आंखों को अट्रैक्टिव बनाएगा। सबसे आखिरी में मस्कारा लगाकर अपनी आई लैशेस को वॉल्यूम दें। यह आपकी आई लैशेज को घना दिखाएगा।

**हाइलाइटर लगाएं:** आई मेकअप के बाद आप अपने हाइलाइट पॉइंट्स पर हाइलाइटर जरूर लगाएं। हाइलाइटर आपके फेस को ग्लोइंग लुक देता है। ध्यान रखें कि हाइलाइटर को चीक बोन, नोज की टिप और आईब्रो के नीचे के हिस्से पर लगाएं।

**ब्लश है जरूरी:** ब्लश आपकी स्किन को नेचुरल लुक देता है। ब्लश से पूरा मेकअप लुक कंप्लीट होता है। आप अपनी स्किन टोन के हिसाब से ब्लश चूज करें। इस बात का ध्यान जरूर रखें कि ब्लश को ज्यादा डार्क न लगाएं। ब्लश को लगाते समय हल्के हाथों से लगाएं, इससे आपका ब्लश डार्क नहीं होगा और यह नेचुरल लगेगा।

**लगाएं न्यूड लिपस्टिक:** लिपस्टिक लगाने से पहले ध्यान रखें कि लिप्स पर आउटलाइन करने के लिए लिप लाइनर का इस्तेमाल करें। आजकल न्यूड लिपस्टिक का ट्रेंड बहुत है। अपने स्किन टोन के हिसाब से लिपस्टिक का प्रयोग करें।

**मेकअप सेटिंग स्प्रे:** अपने मेकअप को लंबे समय तक सेट रखने के लिए मेकअप सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करें। मेकअप सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करके आप अपने न्यू ईयर पार्टी लुक को लंबे समय तक बनाए रख सकती हैं, जिससे आपका मेकअप काफी देर तक ताजगी से भरा दिखेगा।

(ब्यूटी एक्सपर्ट तरन्नुम खान से बातचीत पर आधारित)

भावनाएं

# नूतन वर्ष नए सपने-नई उम्मीदें

नए साल में हम नई आशा के साथ नई योजनाएं बनाते हैं ताकि अपनी पहचान को बढ़ाएं। **सहेली** ने अपने-अपने क्षेत्र की कई जानी-मानी महिलाओं से पूछा कि वे नए साल के आगमन को कैसे देखती हैं, बीता साल उनके लिए कैसा रहा और नए साल में उनकी क्या योजनाएं हैं?

### नया साल याद दिलाता है हर सुबह खुद में बदलाव लाने का मौका देती है

रीता गंगवानी, ग्रूमिंग एक्सपर्ट



**मेरे लिए** नया साल शोर-शराबे का उत्सव नहीं, बल्कि ठहरकर सोचने का अवसर है। यह वह समय होता है, जब मैं खुद से पूछती हूं कि मैंने बीते साल में क्या सीखा, क्या छोड़ा और क्या-क्या समझा? मैं नए साल का स्वागत आभार और एक स्पष्टता के साथ करती हूं। पुरानी थकान को पीछे रखकर, जीवन को थोड़ा और समझदारी से जीने का संकल्प लेकर आगे बढ़ती हूं। मेरे लिए नया साल यह याद दिलाता है कि हर सुबह खुद में बदलाव लाने का मौका देती है। बीते साल की बात करूं, तो उसे किसी एक उपलब्धि या घटना से नहीं, बल्कि अपने भीतर आए बदलाव से याद रखूंगी। यह साल मुझे सिखा गया कि हर बात पर प्रतिक्रिया देना जरूरी नहीं और खुद को समझना भी एक बड़ी उपलब्धि है। मैंने इस साल धैर्य स्वीकार कर आत्मसम्मान का अर्थ थोड़ा और गहराई से समझा। यही मेरे लिए इस साल की सबसे यादगार सीख है। नए साल में मेरा संकल्प है-खुद के साथ समझौता नहीं करना। मैं अब दूसरों की अपेक्षाओं के अनुसार खुद को छोटा नहीं करूंगी और न ही अपनी सीमाओं के लिए कोई सफाई दूंगी। मेरा लक्ष्य है, जीवन को तेज नहीं, बल्कि सार्थक बनाना। कम काम करना है, पूरे मन से करना। कम लोगों से जुड़ना है, लेकिन सच्चे रिश्ते बनाना है। मैं चाहती हूं कि जब यह साल खत्म हो, तो मैं यह कह सकूं कि मैंने अपने सच के साथ ईमानदारी बरती।

### नए साल में हम नई उमंग के साथ नए अवसर तलाशते हैं : सेजल शाह, एक्ट्रेस



**इन दिनों** सेजल शाह सोनी सब के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में मधुमिता माहेश्वरी का रोल निभा रही हैं। उनके लिए नया साल एक नई शुरुआत का प्रतीक है। सेजल कहती हैं, 'जो बीत गया, उसे पीछे छोड़कर नए साल में हम नई उमंग के साथ नए अवसर तलाशते हैं ताकि हम आगे बढ़ें, तरक्की करें। नए साल में मेरी सबसे पहले यही कोशिश होगी, अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दूं। अपने खान-पान के प्रति सजग रहूं। बाहर का न खाऊं और अधिक से अधिक घर का पौष्टिक भोजन करूं। व्यस्त दिनचर्या के बावजूद खुद के लिए समय निकालकर नियमित व्यायाम करूं। इन दिनों स्वास्थ्य को लेकर मैं बहुत ज्यादा सतर्क हूं, क्योंकि हाल ही में मेरे पति को ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। इसने मुझे एहसास दिलाया कि गलत खान-पान और अव्यवस्थित जीवनशैली किस तरह हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है। नए साल में मेरा संकल्प है, मैं अपनी दिनचर्या और स्वास्थ्य पर पहले से कहीं ज्यादा ध्यान दूंगी। जहां तक मेरे काम का सवाल है, तो इस मोर्चे पर मैं खुद को खुशनसीब मानती हूं कि मुझे 'पुष्पा इंपॉसिबल' में मधुमिता माहेश्वरी जैसा सशक्त किरदार निभाने का अवसर मिला। नए साल में इस किरदार में एक नया आयाम जोड़ा जा रहा है। इसके कुछ ग्रे शेड्स इसे और रियल बनाएंगे। मैं हमेशा कुछ अलग और नया करने में विश्वास करती हूं। मैंने यह महसूस किया है कि कोई भी किरदार, चाहे पॉजिटिव हो या नेगेटिव, अगर उसे पूरी शिद्दत से निभाया जाए, तो बहुत प्रभावशाली हो जाता है। उम्मीद है, जिस तरह अभी तक दर्शकों का 'पुष्पा इंपॉसिबल' को प्यार मिला है, आगे भी मिलता रहेगा।'

प्रस्तुतिः अंशु सिंह

# सामूहिक विवाह समारोह सामाजिक समरसता और मितव्यता का संदेश देने का प्रभावी माध्यम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सामूहिक विवाह समारोह सामाजिक विभेद और फिजूल खर्ची जैसी बुराइयों की जगह सामाजिक समरसता और मितव्यता का संदेश देने का प्रभावी माध्यम हैं। समाज में सभी को ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करने में अपना योगदान देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने भी अपने डॉक्टर बेटे का विवाह सामूहिक विवाह समारोह में ही किया। बिना ऊंच-नीच और जात-पात के भेद के होने वाले सामूहिक विवाह समारोहों का आनंद अद्भुत है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर जिले के क्षिप्रा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा सह 251 जोड़ों के सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति के 16 संस्कारों में पाणिग्रहण संस्कार का विशेष महत्व है। यह संस्कार ही परिवार परंपरा की निरंतरता का आधार बनता है। पाणिग्रहण संस्कार का संतों के सानिध्य और सामूहिक विवाह के आनंद के साथ संपन्न होना विशेष संयोग और सौभाग्य का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हम विवाह और मृत्यु भोज जैसे आयोजनों में फिजूल खर्ची को रोककर अपनी बचत और संसाधनों का उपयोग बच्चों को पढ़ाने-लिखाने और परिवार की बेहतरी में करें। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी उपस्थित जनसमुदाय को प्रेरित किया।

## सोलह संस्कारों में पाणिग्रहण संस्कार का है विशेष महत्व



सामूहिक विवाह समारोह का दृश्य।

**फिजूल खर्ची रोककर हम अपनी बचत और संसाधनों का उपयोग बच्चों को पढ़ाने लिखाने एवं परिवार की बेहतरी में करें**

**मुख्यमंत्री इंदौर के क्षिप्रा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा सह 251 जोड़ों के सामूहिक विवाह समारोह में हुए शामिल**

**यश, कीर्ति, और आनंद प्रदान करने की प्रार्थना की**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्प वर्षा कर नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना के साथ ईश्वर से नव विवाहितों को वैभव, यश, कीर्ति, और आनंद प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने नव विवाहित जोड़ों से माता-पिता की सेवा करने और समाज के कल्याण में योगदान देने का आह्वान भी किया। मुख्यमंत्री ने समारोह में नव विवाहित जोड़ों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

### ऐसे आयोजनों से फिजूलखर्ची रूकती है


पुष्पवर्षा करते सीएम।

समारोह में कथा वाचक उत्तम स्वामी जी ने कहा कि मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. यादव भी सामूहिक विवाह कार्यक्रमों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। ऐसे आयोजनों से फिजूलखर्ची रूकती है और समाज में एक अच्छा संदेश भी जाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने बेटे का विवाह सामूहिक आयोजन में कर पूरे प्रदेश में अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक एवं हेमंत खंडेलवाल सहित हितानंद शर्मा और बड़ी संख्या में नव विवाहित जोड़ों के परिजन उपस्थित रहे।

---

### महाराष्ट्र शिक्षण मंडल जबलपुर के शताब्दी समारोह में वर्चुटली शामिल हुए मप्र और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

# मप्र और महाराष्ट्र का रिश्ता भौगोलिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक चेतना और साझी विरासत का

**मुख्यमंत्री ने संस्था के 100 वर्ष पूर्ण होने पर दी बधाइयां**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र और महाराष्ट्र के बीच का संबंध केवल भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संत परंपरा, सांस्कृतिक चेतना और समाज सुधार की साझी विरासत से जुड़ा हुआ है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में चुनाव की व्यस्तता के बावजूद वे इस कार्यक्रम में शामिल हुए, क्योंकि जहां महाराष्ट्र का नाम और शिक्षण का विषय जुड़ा हो, वहां वे आए बिना नहीं रह सकते। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को जबलपुर में महाराष्ट्र शिक्षण मंडल के शताब्दी वर्ष समारोह को इंदौर से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह और परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने संस्था के 100 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा कि वर्ष 1926 में स्थापित इस संस्था ने आजादी से पहले और बाद में शिक्षा के क्षेत्र में महती भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के विचारों के आधार पर बाजीराव पेशवा, शिंदे, होलकर और गायकवाड़ राजवंशों ने मध्यप्रदेश के विकास और संस्कृति के संरक्षण में अहम योगदान दिया है।


शताब्दी समारोह में वर्चुअली शामिल हुए सीएम।

**जबलपुर के विकास की रूपरेखा में फडणवीस का विजनरी योगदान**

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि संस्कारधानी जबलपुर के विकास के वर्तमान स्वरूप की नींव रखने में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस की अहम भूमिका रही है। उन्होंने फडणवीस को एक 'विजनरी' नेता बताया। उन्होंने एक पुराना संस्मरण साझा करते हुए बताया कि जब फडणवीस विधायक थे, तब उन्होंने जबलपुर प्रवास के दौरान देर रात 'बड़ा फुहारा' और 'छोटा फुहारा' जैसी घनी बस्तियों का दौरा किया था। उस समय उन्होंने कहा था कि इच्छाशक्ति हो तो जबलपुर तेजी से आगे बढ़ सकता है। परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने अपने संस्मरण साझा किए।

**नई शिक्षा नीति और पीएम एक्सीलेंस कॉलेज**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नई शिक्षा नीति को लागू करने में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्यों में से एक है। प्रदेश सरकार ने 55 जिलों में 'पीएम एक्सीलेंस कॉलेज' प्रारंभ किए हैं। साथ ही, पाठ्यक्रमों में लोकनायकों और जननायकों की जीवनियों को शामिल किया गया है, जिससे युवा पीढ़ी प्रेरणा ले सके। उन्होंने बताया कि सरकार ने खरगोन में टंट्या मामा विश्वविद्यालय, गुना में तात्या टोपे विश्वविद्यालय और ग्वालियर में रानी अवंतिबाई विश्वविद्यालय शुरू किए हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि अब केवल इतिहास पर गर्व करने से काम नहीं चलेगा, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीकों के लिए नई पीढ़ी को तैयार करना होगा। फडणवीस ने कहा कि यदि महाराष्ट्र शिक्षण मंडल जबलपुर में मराठी भाषा सिखाने के लिए कोई नया उपक्रम या कोर्स शुरू करता है, तो महाराष्ट्र सरकार उसके लिए आवश्यक निधि और पूरा सहयोग प्रदान करेगी।*

---

**आज से प्री बजट बैठकों का दौर : सीएम आज गुरुग्राम में उद्योगपतियों से करेंगे संवाद**

# सभी वर्गों के साथ सांसदों व विधायकों से भी राय लेंगे



**सोनीपत और पानीपत में भी लेंगे फीडबैक, महिलाओं किसानों व विद्यार्थियों के साथ भी रायशुमारी की तैयारी**

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार से प्री बजट बैठकों का दौर शुरू करने जा रहे हैं, ये शुरुआत गुरुग्राम से होने जा रही है। सीएम सैनी पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के पदचिन्हों पर चलते हुए उसी हरियाणा के बजट से पहले बैठकें कर हर वर्ग किसान, व्यापारी, उद्योगपतियों, गृहिणी, विद्यार्थियों हर वर्ग के साथ में रायशुमारी की रणनीति बनाकर फील्ड में उतरने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सबसे पहली शुरुआत मंगलवार को गुरुग्राम से करने जा रहे हैं। इसके बाद में वे सोनीपत और पानीपत के कार्यक्रमों के अनुसार वहां पर भी आम लोगों, व्यापारी, उद्योगपतियों के साथ में प्री बजट बैठकों में विचार मंथन की तैयारी में हैं।

**मनोहारी होगा बजट**

हरियाणा के सीएम पूर्व सीएम व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के पदचिन्हों पर चलते ही अपने सियासी गुरु की सीख के हिसाब से कदम उठा रहे हैं। राज्य का बजट मनोहारी हो और सभी वर्गों के मन को भाये इस तरह के प्रयास किए जा रहे है। इस क्रम में सांसदों राज्यसभा और लोकसभा के साथ साथ में राज्य के विधायकों के साथ में बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सभी की ओर से मिलने वाले सुझावों और फीडबैक पर बजट में काम किया जाएगा।

**उद्योग धंधों और रोजगार पर फोकस**

सरकार का फोकस उद्योगों पर रहेगा। उद्योगों को बढ़ावा देने से ही प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। राज्य का बजट इस बार भी अंत्योदय की भावना के साथ में तैयार किया जएगा ताकि गरीब वर्गों, किसान, कमेरे, मजदूर, महिलाओं विद्यार्थियों सभी को लाभ मिल सके। बजट पर सरकार पार्टी के नेताओं के साथ विपक्ष को भी भरोसे में लेने की तैयारी कर रहे है। कांग्रेस पार्टी के विधायकों, सांसदों, सियासी दिग्गज नेताओं, पूर्व विधायकों से भी हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी आने वाले राज्य के बजट को लेकर फीडबैक और सुझाव देने की अपील कर रहे हैं। वहीं प्रदेश में पड़ रही भीषण ठंड का असर वीवीआईपी के कार्यक्रमों पर भी पड़ रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और सीएमओ के आला अफससरों के कार्यक्रम में भी कई बदलाव किए जा रहे हैं। मौसम की चुनौती के कारण पिछले कई दिनों से मौसम के हिसाब से शेड्यूल चेंज हो रहे हैं।

---

**नारियल की भूसी के भीतर छिपाया था माल**

# पुलिस ने पकड़ा करीब 6 करोड़ कीमत का गांजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर-रामानुजगंज

.अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ थाना बसंतपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने उड़ीसा से राजस्थान ले जाए जा रहे करीब 1198.460 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग पांच करोड़ 99 लाख रुपये बताई जा रही है। गांजा को ट्रक में नारियल की भूसी के भीतर छिपाकर परिवहन किया जा रहा था।

पुलिस द्वारा उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग और चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 28 दिसंबर की रात थाना बसंतपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि धनवार बॉर्डर चेक पोस्ट की ओर से एक टाटा ट्रक में नारियल की भूसी के अंदर गांजा छिपाकर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम गवाहों के साथ मौके पर पहुंची और संदिग्ध ट्रक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ट्रक के डाले में नारियल की भूसी के भीतर भूरे रंग के टेप से लिपटे 40 पैकेट गांजा बरामद हुए। जब्त गांजा का कुल वजन 1198.460 किलोग्राम पाया गया। पुलिस ने मौके से तीन अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनमें अम्रीश कुमार, पिता संतलाल, उम्र 23 वर्ष, निवासी पुरे पहलवान शेरशाह समरौता, अम्बरीश कुमार पटेल, पिता जगदेव प्रसाद पटेल, उम्र 33 वर्ष, निवासी शाह मोहम्मद, मनीष कुमार, पिता रामभवन, उम्र 20 वर्ष, निवासी मैनझर, थाना शिवरतनगंज, जिला अमेठी शामिल हैं।

## माओवादियों की साजिश नाकाम, आईईडी बरामद



**बीजापुर।** जिले के गंगालुर थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने माओवादियों की एक बड़ी साजिश को समय रहते नाकाम कर दिया। डीआरजी बीजापुर, थाना गंगालुर और बीडीएस टीम की संयुक्त कार्रवाई में करीब 10 किलोग्राम वजनी आईईडी बरामद किया गया। सोमवार को डीआरजी बीजापुर और थाना गंगालुर की संयुक्त टीम मुनगा और पेद्दाकोरमा क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान डीमाइनिंग कार्रवाई करते हुए मुनगा रोड से कुछ दूरी पर एक पगडंडी मार्ग में माओवादियों द्वारा लगाया गया शक्तिशाली आईईडी बरामद हुआ। आईईडी मिलने की सूचना पर बीडीएस बीजापुर की टीम को मौके पर बुलाया गया। टीम ने सभी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए आईईडी को मौके पर ही सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया। सुरक्षाबलों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी घटना टल गई।

**■ 10 किलो वजनी आईईडी को किया नष्ट**

**नेशनल हाईवे 45 पर देर रात की घटना**

# अनियंत्रित बुलेरो पलटने से एक की मौत, 7 अन्य घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला पेंड्रा मरवाही

निर्माणाधीन नेशनल हाईवे 45 पर रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। गौरेला से केवची मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में बोलेरो सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बोलेरो में सवार सभी लोग लखनादौन, जिला सिवनी (मध्यप्रदेश) के रहने वाले थे और बोर गाड़ी में काम करने के लिए जा रहे थे। निर्माणाधीन सड़क पर असमतल सतह और तेज गति के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिससे बोलेरो पलट गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना में रमेश अहिरवार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अमृत, राजू तिर्की (सिर में गंभीर चोट), बेनी यादव (चालक), रामनरेश निवासी तेलियामार सहित अन्य तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और निर्माणाधीन सड़क को हादसे का संभावित कारण माना जा रहा है।

## छग में ईडी की जगह जगह छापेमारी

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय ने छत्तीसगढ़ में कई स्थानों पर छापामारी की है। यह कार्रवाई रायपुर से विशाखापट्टनम (आंध्र प्रदेश) तक भारतमाला परियोजना के तहत आर्थिक कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण में मुआवजे के भुगतान में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में की गई है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, राजधानी रायपुर और महासमुंद जिले में कम से कम नौ परिसरों पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। जांच का संबंध भारतमाला परियोजना के रायपुर-विशाखापट्टनम खंड में भूमि अधिग्रहण के मुआवजे में गड़बड़ी से जुड़ा है। भारतमाला परियोजना के तहत देश में करीब 26,000 किलोमीटर आर्थिक कॉरिडोर विकसित किए जा रहे हैं, जो माल ढुलाई के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस प्रोजेक्ट में पहले से ही छत्तीसगढ़ में कई अनियमितताओं की जांच चल रही है, जिसमें करोड़ों रुपये के मुआवजे में घोटाले के आरोप लगे हैं। ईडी की यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े प्रावधानों के तहत की गई है। जांच में शामिल लोगों के ठिकानों पर दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और अन्य सबूत तलाशे जा रहे हैं। यह मामला पहले से ही राज्य में चर्चा का विषय रहा है, जहां विपक्ष ने सीबीआई जांच की मांग की थी। ईडी की जांच आगे बढ़ने से इस घोटाले की परतें खुलने की उम्मीद है।

## फडणवीस ने रामायण से संबंधित प्रदर्शनी का किया लोकार्पण

**भोपाल ।** महाराष्ट्र के सीएम देवेन्द्र फडणवीस ने जबलपुर के मानस भवन परिसर में रामायण से संबंधित प्रदर्शनी का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनी में लगे विभिन्न चित्रों, मूर्तियों व आलेखों को देखा। उन्होंने श्रीराम के आदर्शों के चित्रण, सनातन संस्कृति तथाअध्यात्मिकता की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न स्थानों में सुंदरकांड का पाठ निरंतर किया जा रहा है, ताकि धर्ममय वातावरण में यह कार्यक्रम भव्यता के साथ संपन्न हो। वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का पहला कार्यक्रम जबलपुर में 2016 में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अजय विश्नोई, डॉ. अभिलाष पांडे सहित आयोजक व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। जबलपुर में चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का आयोजन जबलपुर में 2 से 4 जनवरी तक मानस भवन में चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। यह कॉन्फ्रेंस भगवान श्रीराम के आदर्शों को आम जन तक पहुंचाने के साथ आध्यात्मिक और पौराणिकता को अक्षुण्ण बनाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

---

**प्रदेश के सभी शासकीय महाविद्यालयों को दिए दिशा-निर्देश**

# सरकारी कॉलेजों में छात्रों की बनाई जाएगी आभा आईडी, निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए अब आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत विशेष लाभ मिलने वाला है। इसके तहत प्रदेश के सभी शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की (आभा आईडी) बनाई जाएगी। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने सभी शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को आवश्यक निर्देश जारी कर किए हैं। हर शासकीय महाविद्यालय में आभा आईडी बनाने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जा रहा है। साथ ही अंतिम वर्ष में अध्ययनरत दो विद्यार्थियों को एबीडीएम चैंपियन के रूप में भी नामांकित किया जाएगा, जो इस अभियान के सफल क्रियान्वयन में सहयोग करेंगे। नियुक्त नोडल अधिकारी और चैंपियन को आयुष्मान भारत मिशन द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी कॉलेजों से शासन के निर्देशों का गंभीरता से पालन करते हुए विद्यार्थियों के आभा आईडी निर्माण को प्राथमिकता देने को कहा है, जिससे विद्यार्थी डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं से सीधे जुड़ सकें।

**क्या है आभा आईडी?**

यह एक डिजिटल हेल्थ आईडी है। इसके माध्यम से विद्यार्थी अपने स्वास्थ्य से संबंधित सभी जानकारियां जैसे डॉक्टर प्रिस्क्रिप्शन, जांच रिपोर्ट, दवाओं का विवरण आदि को एक ही डिजिटल प्लेटफार्म पर सुरक्षित रख सकते हैं। भविष्य में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने में यह आईडी अत्यंत उपयोगी साबित होगी।

**भव्य भोजपाल महोत्सव मेले का अब 4 जनवरी को होगा समापन**

# भोपाल की संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है भोजपाल महोत्सव मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बिना किसी सरकारी मदद के स्वदेशी को बढ़ावा देने और सरकार की प्रदर्शनी लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनजन तक पहुंचने वाली मेला समिति बधाई की पात्र है। यह बात प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने राजधानी के भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेले में रविवार शाम बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित करते हुए कही। इस मौके पर अध्यक्ष खंडेलवाल ने मेला समिति से बातचीत कर मेला तीन दिन और बढ़ाकर रविवार को समापन करने को कहा। उन्होंने कहा कि इससे शहरवासियों को नए साल में खरीदारी और मनोरंजन के लिए और कहीं जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि मेले में ही धार्मिक आयोजन, खान- पान, मनोरंजन, खरीदारी के साथ ही मंच पर दी जा रही सांस्कृतिक प्रस्तुतियां लोगों को एक पैकेज के रूप में मिल रही है।

**बिना किसी सरकारी मदद के स्वदेशी को बढ़ावा देने, सरकार की प्रदर्शनी लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनजन तक पहुंचने वाली मेला समिति बधाई के पात्र**



भोजपाल मेले का दृश्य।

**भोजपुरी गीतों पर झूम उठे श्रोता, गीतों ने बांधा शमां**

मेला मंच पर रविवार को भोजपुरी नाइट में भोजपुरी गायक करीना पाण्डे ने अपनी प्रस्तुति दी। करीना ने भजनों से गीतों की शुरुआत की, इसके बाद राह चलीला ता टोकेला सोनार राजा जी, कहे नथिया बढ़वा ला उधार राजा जी, प्रेम चीह्नल न आदमी कवन जात के, मिलले राजा रंगबाज़ (केकरा में दम बा), काहे नथिया गढ़वला उधार राजा जी, सवतीन ऐ पीया, मईया बारी सुकवार, डीपी में हमारे फोटो, बहारा में राजा कैसे नींद आवता साहित एक से बढकर एक भोजपुरी गीतों और भजनों की प्रस्तुति दी। वर्तमान में मेले का आलम यह है कि हर रोज यहां पैर रखने तक की जगह नहीं मिल रही है। रोजाना लाखों की संख्या में लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ मेले का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल्स हों, विशाल झूले हों या फिर देश के विभिन्न कोनों से आए हस्तशिल्प के सामान- मेले के हर कोने में उत्साह का माहौल है। शाम के समय मेले की लाइटिंग और सजावट सैलानियों को मंत्रमुग्ध कर रही है।

## चिंतन

# सुदर्शनचक्र के साथ आधुनिक हथियारों पर भी फोकस जरूरी

भारत अपनी सैन्य क्षमता को बढ़ा रहा है और लगातार आधुनिक हथियार, सेना, वायुसेना और नौसेना में शामिल कर रहा है। हाल ही में कई हथियारों के सफल परीक्षण भी किए गए हैं। इनमें गोपनीय पनडुब्बी-प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइल (एसएलबीएम) का सफल परीक्षण किया। दरअसल, यह परीक्षण परमाणु-सक्षम के-4 मिसाइल का था। यह अरिहंत-क्लास पनडुब्बी से लॉन्च की गई। इससे पहले आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम के एडवांस्ड वर्जन आकाश नेक्स्ट जेनरेशन (आकाश-एनजी) का भी सफल परीक्षण कर दुनिया को चौंका दिया। यह एक अभेद्य सुरक्षा कवच है। अब वायुसेना ने एस-400 की पहली तस्वीर जारी कर इसे दिशा 2026 कैलेंडर में शामिल किया है। जो भारत की एयर डिफेंस क्षमता के बारे में बताती है। इसे एयर डिफेंस आर्किटेक्चर में एक नए युग की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है। एस-400 को सुदर्शनचक्र के नाम से भी जाना जाता है। यह एक ऐसा सिस्टम है, जिसने हवाई खतरों को बेअसर करने की क्षमता और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान साबित परफॉर्मेंस से भारत के एयर डिफेंस में एक बड़ा बदलाव किया है। यह एयर डिफेंस सिस्टम एक अहम पड़ाव बनकर उभरा है। एस-400 सुदर्शन के शामिल होने से वायु सेना ने अपनी निवारक क्षमता, प्रतिक्रिया समय और हवाई क्षेत्र पर दबदबे को काफी बढ़ाया है, जिससे भारत की समग्र एकीकृत वायु रक्षा संरचना और राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे को मजबूती मिली है। बता दें कि एस-400 सुदर्शन को फाइटर जेट यूएवी क्रूज मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइल जैसे कई तरह के हवाई खतरों को लंबी दूरी से पता लगाने और ट्रैक करने के साथ-साथ खत्म करने के लिए डिजाइन किया गया है। अपनी मल्टी-लेयर्ड एंगेजमेंट क्षमता और हाई-प्रिसिशन टारगेटिंग के कारण इस सिस्टम को दुनिया के सबसे ताकतवर एयर डिफेंस प्लेटफॉर्म में से एक माना जाता है। इतना सब होने के बावजूद भी भारत और अब और आधुनिक हथियारों को अपने सैन्य बेड़े में शामिल करना होगा। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि आजकल छोटे ड्रोन, लोइटरिंग म्यूनिशन, ऑटोनॉमस ग्राउंड व्हीकल और रोबोटिक सिस्टम युद्ध को नाटकीय रूप से बदल रहे हैं। इसलिए ऐसे हथियारों पर भी जोर देना होगा। भारत ने भले ही ब्रह्मोस, राफेल और एस-400 जैसे हथियारों से मई के युद्ध में पाकिस्तान को चारों खाने चित कर दिया हो, लेकिन अगले युद्ध में उसे धूल में मिलाने के लिए इजराइल, ईरान और यूक्रेन वाली स्ट्रैटजी पर काम करना होगा। अब स्मार्ट प्लेटफॉर्म युद्ध को तेजी से बदल सकते हैं। जैसे यूक्रेन ने ड्रोन स्वार्म से रूस के करीब एक दर्जन बॉम्बर और फाइटर जेट को उड़ाकर पूरी दुनिया को चौंका दिया था। वहीं, इजराइल ने भी ईरान के अंदर ऐसे ही हमले कर दुश्मनों को ध्वस्त किया। अब कुछ हजार डॉलर के हथियार लाखों डॉलर के महंगे प्लेटफॉर्म को तबाह करने की क्षमता रखते हैं। इसीलिए भारत के लिए युद्ध के इस बदलते मॉडल के मुताबिक ढलना जरूरी है। यूक्रेन, गाजा युद्ध, रेड सी और नागोर्नो-कराबाख जैसे संघर्ष क्षेत्रों से साफ है कि युद्ध में महंगे हथियारों की तुलना में सस्ते हथियारों का प्रभाव काफी बढ़ चुका है। पिछले दशक में लड़ाकू विमान, टैंक, युद्धपोत और मिसाइल डिफेंस सिस्टम युद्ध के मैदान में बाजी पलट देते थे। हालांकि ये आज भी जरूरी हैं, लेकिन निर्णायक नहीं हैं। इसलिए सस्ते ड्रोन पर भी फोकस करना जरूरी है।



**पुलिस कमिश्नरी**
राजीव श्रीवास्तव

# छत्तीसगढ़ के शहरी प्रशासन का ऐतिहासिक क्षण

> तेजी से बढ़ते शहरीकरण ने भारत के लगभग हर बड़े शहर को नई चुनौतियों के सामने खड़ा कर दिया है। यातायात का बढ़ता दबाव, भीड़-प्रबंधन की जटिलताएं, संगठित अपराध, साइबर अपराध, नशीले पदार्थों की तस्करी और सार्वजनिक स्थलों पर कानून-व्यवस्था-इन सबके लिए अब पारंपरिक जिला पुलिस व्यवस्था अक्सर अपर्याप्त साबित हो रही है। इसी पृष्ठभूमि में देश के लगभग 70 शहरों में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली को समान मजिस्ट्रेटीय अधिकारों के साथ लागू करने की तैयारी चल रही है।

छत्तीसगढ़ आज जिस दौर से गुजर रहा है, वह केवल राजनीतिक या आर्थिक परिवर्तन का नहीं, बल्कि शहरी प्रशासन और पुलिसिंग के चरित्र में निर्णायक बदलाव का दौर है। राजधानी रायपुर में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू करने की प्रक्रिया इसी बदलाव का संकेत है। यह छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार होने जा रहा ऐसा प्रशासनिक प्रयोग है, जो यदि सही ढंग से लागू हुआ, तो राज्य के शहरी शासन की दिशा ही बदल सकता है।

तेजी से बढ़ते शहरीकरण ने भारत के लगभग हर बड़े शहर को नई चुनौतियों के सामने खड़ा कर दिया है। यातायात का बढ़ता दबाव, भीड़-प्रबंधन की जटिलताएं, संगठित अपराध, साइबर अपराध, नशीले पदार्थों की तस्करी और सार्वजनिक स्थलों पर कानून-व्यवस्था-इन सबके लिए अब पारंपरिक जिला पुलिस व्यवस्था अक्सर अपर्याप्त साबित हो रही है। इसी पृष्ठभूमि में देश के लगभग 70 शहरों में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली को समान मजिस्ट्रेटीय अधिकारों के साथ लागू करने की तैयारी चल रही है।

### क्यों बदली जा रही है पुलिसिंग की संरचना?

भारत की जिला-आधारित पुलिस व्यवस्था औपनिवेशिक काल की देन है। यह व्यवस्था तब प्रभावी थी, जब शहरों का आकार, जनसंख्या और सामाजिक गतिशीलता सीमित थी। आज की स्थिति बिल्कुल अलग है। महानगरों और बड़े शहरों में कानून-व्यवस्था की घटनाएँ मिनटों में आकार लेती हैं और निर्णय में देरी स्थिति को विस्फोटक बना सकती है। इसी कारण इंदौर, भोपाल, मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद और बेंगलुरु जैसे शहरों में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली को अपनाया गया। इन शहरों का अनुभव बताता है कि जब धारा 144, जुलूस-प्रदर्शन की अनुमति, भीड़-नियंत्रण, लाइसेंसिंग और त्वरित प्रतिबंधात्मक कार्रवाई जैसे अधिकार पुलिस नेतृत्व के पास होते हैं, तो प्रतिक्रिया समय कम होता है और जवाबदेही अधिक स्पष्ट हो जाती है।

### कमिश्नरी प्रणाली का मूल दर्शन

पुलिस कमिश्नरी प्रणाली का केंद्रीय विचार यह है कि शहर की कानून-व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी- पुलिस आयुक्त- के हाथ में हो। सामान्य जिला व्यवस्था में पुलिस और प्रशासन के बीच अधिकारों का विभाजन कई बार समन्वय की समस्या पैदा करता है। कमिश्नरेट मॉडल में यह समन्वय एक ही ढांचे के भीतर स्थापित किया जाता है। परिणामस्वरूप आपात स्थितियों में निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज होती है और आदेशों के क्रियान्वयन में स्पष्टता रहती है।

### रायपुर: छत्तीसगढ़ का पहला बड़ा प्रयोग

रायपुर में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू करने की घोषणा केवल एक प्रशासनिक खबर नहीं है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ में शहरी पुलिस सुधार की दिशा में पहला ठोस कदम है। पुलिस मुख्यालय द्वारा गठित समिति ने अन्य राज्यों के अनुभवों का अध्ययन कर रायपुर के लिए एक "हाइब्रिड मॉडल" का सुझाव दिया है, जिसमें कानून-व्यवस्था, ट्रैफिक, साइबर अपराध और आर्थिक अपराध जैसी शाखाओं का एकीकृत संचालन प्रस्तावित है।




प्रारंभ में 1 नवंबर को इसे लागू करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन यह समय-सीमा पूरी नहीं हो सकी। इसे विफलता मानने के बजाय एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए। राज्य सरकार यह स्पष्ट कर चुकी है कि वह कमिश्नरी प्रणाली को केवल कार्यकारी आदेश से नहीं, बल्कि स्पष्ट विधायी आधार के साथ लागू करना चाहती है। इसके लिए पुलिस अधिनियम, आपराधिक प्रक्रिया संहिता में संशोधन और कलेक्टर-पुलिस आयुक्त के बीच अधिकार-सीमा का साफ निर्धारण आवश्यक है।

### 31 दिसंबर की कैबिनेट बैठक एक संकेत, एक संदेश

प्रशासनिक हलकों में यह चर्चा है कि 31 दिसंबर को संभावित कैबिनेट बैठक में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया जा सकता है। यदि इस बैठक में इस व्यवस्था को स्वीकृति मिलती है, तो यह केवल रायपुर के लिए नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए एक संदेश होगा- कि राज्य शहरी प्रशासन में आधे-अधूरे सुधार नहीं, बल्कि दीर्घकालिक और संरचनात्मक परिवर्तन चाहता है। इस निर्णय का असर भविष्य में दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर जैसे औद्योगिक और शहरी क्षेत्रों पर भी पड़ेगा, जहां कानून-व्यवस्था की चुनौतियाँ तेजी से बदल रही हैं।

### अधिकार के साथ जवाबदेही: सबसे बड़ा सवाल

पुलिस कमिश्नरी प्रणाली को लेकर सबसे बड़ी चिंता यह है कि कहीं यह केवल अधिकारों के केंद्रीकरण का साधन न बन जाए। यह चिंता निराधार नहीं है। इसलिए छत्तीसगढ़ के लिए यह अनिवार्य है कि कमिश्नरी प्रणाली को जवाबदेही-केंद्रित मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। स्वतंत्र शिकायत निवारण तंत्र, मानवाधिकार-संवेदनशील प्रशिक्षण, सामुदायिक पुलिसिंग, पुलिस मित्र और बाल-मित्र थानों जैसी पहलें इस व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा होनी चाहिए। पुलिस का नागरिकों से संवाद जितना मजबूत होगा, कमिश्नरी प्रणाली उतनी ही प्रभावी और स्वीकार्य बनेगी।

*निष्कर्ष :* पुलिस कमिश्नरी प्रणाली छत्तीसगढ़ के लिए केवल कानून-व्यवस्था सुधारने का उपकरण नहीं, बल्कि शहरी शासन की दिशा तय करने वाला निर्णय है। यह राज्य के प्रशासनिक आत्मविश्वास की भी परीक्षा है।

यदि रायपुर में यह व्यवस्था संतुलित, पारदर्शी और संवेदनशील ढंग से लागू होती है, तो छत्तीसगढ़ न केवल अपने शहरी भविष्य को सुरक्षित करेगा, बल्कि देश के उन राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा, जिन्होंने समय रहते भविष्य की पुलिसिंग को समझ लिया।

*-पूर्व आईपीएस, सामुदायिक पुलिसिंग विशेषज्ञ*

**नववर्ष**
अखिलेश आर्येन्दु



# नई उड़ान के साथ सावधानियां भी जरूरी

सन 2025 देश-दुनिया की तमाम यादों, घटनाओं, योजनाओं, परिणामों, समस्याओं, उलझनों और उनके बेहतर सुलझनों को समेटे हमेशा के लिए विदा हो रहा है। देश-दुनिया ने पिछले 12 महीनों में कई तरह के उतार-चढ़ाव देखे। युद्ध की संबंधी कूटनीति व मंज़र देखे तो, वैश्विक क्षितिज पर सह-मात का खेल भी। विज्ञान के चमत्कार भी देखे। यूं तो हर क्षेत्र में कुछ न कुछ नया होता ही रहता है। उसमें कुछ नया हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा होता भी है, नहीं भी होता है। जो हमारी जिंदगी का हिस्सा होता है उसका असर होता है जो हमारी जिंदगी से ताल्लुक नहीं रखता, उसका असर नहीं होता, यदि होता है तो बहुत ही मामूली। हम कह सकते हैं 2025 में जो कुछ हुआ, वह अब चंद दिनों में इतिहास या बीते कालखंड का हिस्सा बन जाएगा। अतीत हमें बहुत कुछ सिखाता है और सावधान भी करता है। हम जहां हैं, जिस हालात में हैं, उस क्षेत्र में यदि अतीत से कुछ सीखना चाहें तो 2025 हमें बहुत कुछ सीखने के लिए छोड़कर हमेशा के लिए विदा ले रहा है। हमें यह संदेश देता हुआ जा रहा है कि नया साल, वाकई में नया हो-सोच, समझ, विचार, कार्य और निर्णय लेने के मामले में। नया साल संदेश देता जा रहा है कि इस साल कलेंडर बदलने या न्यू ईयर ग्रीटिंग भेजने तक खुद को सीमित न रखें।

नए साल के आगमन पर हम न जाने कितने तरह की कार्य-योजनाएं बनाते हैं। नया मकसद, नया प्लान, पुराने अधूरे प्लान को पूरा करने का संकल्प और उस संकल्प को पूरा करने के लिए नई सोच के साथ हम आगे बढ़ते हैं। बीते साल की समीक्षा के साथ नए साल के स्वागत में ऐसा नया करना चाहते हैं, जैसा अभी तक नहीं कर पाए थे। मनोवैज्ञानिकों और साधकों के मुताबिक किसी भी प्राणी के साथ हमारा व्यवहार, धारणा, मान्यता और सोच जैसी होती है वैसे ही हालात हमारे बनते जाते हैं। सद्गुणों को प्राप्त करने या उसके खोने की स्थिति भी यही है। यदि हमारे अंदर विनम्रता, दया, करुणा, सहिष्णुता, अहिंसा, प्रेम, सत्य और अन्य सद्गुणों का भंडार है तो हम किसी से कभी अप्रिय व्यवहार नहीं कर सकते और न ही संवेदनहीन ही हो सकते हैं। नए साल पर सदगुणों को बेहतर तरीके से अमल में लाने पर आगे बढ़ सकते हैं। उसने संकल्प लिया, वह अपने मकसद को हरहाल में जरूर पूरा करेगा, इसके लिए उसे चाहे जितनी बार कोशिश करनी पड़े। उसके संकल्प ने उसे अपने मकसद में कामयाब बना दिया, और वह सफल हो गया। प्रकृति में अनगिनत वस्तुएं हैं जिनसे आप प्रेरणा लेकर अपनी मंजिल हासिल कर सकते हैं। एक बार यदि निश्चय कर लिया कि चाहे जितनी शक्ति लगानी पड़े या संघर्ष करना पड़े, कदम पीछे नहीं हटेगा तो दुनिया की कोई शक्ति आप की शक्ति और संकल्प को तोड़ नहीं सकती, बल्कि कुदरत आप के हर कदम पर सहायता ही करेगी।

महान विचारक बिस्मार्क ने इंसान को आगे बढ़ने के लिए 'इच्छा-शक्ति और निर्णय-शक्ति को बहुत जरूरी माना है। इसके साथ ही उस संकल्प-शक्ति को दृढ़ करने को जरूरी माना है, जिससे संकल्प विकल्प में तबदील न हो। बुद्धि और विवेक का इस्तेमाल करते वक्त बहुत सावधानी की जरूरत होती है कि हमारा दोस्त कौन है और दुश्मन कौन है। तर्क-शक्ति से यह समझ बढ़ती है। इसी से देखे गए स्वप्न को साकार करने में सफलता हासिल होती है। अपने स्वभाव, आदतों और व्यवहार को चिंतन के तराजू पर तौलकर हम एक बेहतर कल का निर्माण कर सकते हैं। परिवर्तन तो अनिवार्य है, यह रुकने वाला नहीं है, लेकिन हमें इसके मुताबिक बदलने के पहले यह देखना जरूरी है कि हमारे लिए क्या चीज उपयोगी है और क्या अनुपयोगी है। यह बात समझने की है कि जीवन दूसरों के विचारों, सलाहों, जीवन-शैली के अंधानुकरण और प्रतियोगिता करके नहीं चलाया जा सकता है। यदि इस तरह की जिंदगी अपनाना चाहते हैं तो इतनी विसंगतियां, जटिलताएं और समस्याएं पग-पग पर आ सकती हैं, जिससे जीना ही दूभर हो सकता है। इसलिए नए साल में उड़ान तो भरें, लेकिन सावधानियों के साथ। स्वप्न देखना चाहिए। लेकिन ऐसा स्वप्न ही देखना मुफीद होता है जो अपनी योग्यता, सुरुचि और शक्ति के अनुरूप हो, जिसे साकार किया जा सके। जिसे लेकर द्वंद्व की हालात न बने। मानसिक तनाव की विकराल समस्या से शारीरिक, बौद्धिक और दूसरी तमाम तरह की समस्याएँ न पैदा हों। इससे बचने का सहज उपाय है कि हम अतिमहत्वाकांक्षी, अत्यधिक भाग दौड़ और बेकार के स्वप्न देखना छोड़ दें। स्वार्थ, अधैर्य और असंतोष की प्रवृति भी अत्यधिक घातक होती है। ये सभी प्रतिकूलताएं लक्ष्य और संकल्प को पूरा करने में बाधक बनती हैं। इसलिए सावधानी बरतें।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# स्वतंत्रता दिवस स्व नियंत्रण का पर्व



संकलित
**दर्शन**

स्वाधीनता अर्थात स्व के अधीन होने का पर्व। स्व नियंत्रण का पर्व, जहां पर स्व की इच्छाओं की प्रधानता हो, स्वयं पर स्वयं का नियंत्रण हो। वास्तव में भारत पर भारत का ही नियंत्रण हो सकता है। इस विशाल, समृद्ध, संस्कार और संस्कृति से युक्त राष्ट्र पर नियंत्रण करने की कोशिश तो बहुत से राष्ट्रों द्वारा की गई, परंतु भारत विशाल हृदय और समृद्ध विरासत के साथ सदैव खड़ा रहा। हिमालय जैसे विशाल हृदय, गंगा जैसी पावनता व वेदों के विशाल ज्ञान के भंडार के साथ जीवंत व जाग्रत बना रहा और आगे भी रहेगा। भारत ने महाभारत देखी, भारत ने राम-भरत का प्रेम देखा, कृष्ण-सुदामा की मित्रता देखी। वर्तमान भारत विश्व पटल पर अपना उत्कृष्ट स्थान रखता है। अब हम एक ऐसे भारत की ओर बढ़ें, जहां नक्शे में हर भारतीय के हस्ताक्षर हों। ऐसा भारत, जहां भारत माता की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले और धरती के गर्भ से अन्न पैदा करने के लिए पसीना बहाने वालों के लिए उपयुक्त स्थान हो। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त कहते हैं, 'सब तीर्थों का एक तीर्थ यह, हृदय पवित्र बना लें हम, आओ यहां अजातशत्रु बन, सबको मित्र बना लें हम। भारत माता का मंदिर यह, समता का संवाद जहां, सबका शिव कल्याण यहां है, पावें सभी प्रसाद यहां।' ऐसे भाव जहां हों, वह राष्ट्र केवल गौरव का अधिकारी है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी इसीलिए कहा, 'भारत जमीन का टुकड़ा नहीं, जीता जागता राष्ट्रपुरुष है। इसका कंकर-कंकर शंकर है, इसका बिंदु-बिंदु गंगाजल है।

# गुरु ज्ञान से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकता है



संकलित
**प्रेरणा**

ऋषि वशिष्ठ श्रीराम कुलगुरु थे। इन्हीं की सलाह पर राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। यज्ञ के फल से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इन्होंने वशिष्ठ पुराण, वशिष्ठ श्राद्धकल्प, वशिष्ठ शिक्षा आदि ग्रंथों की रचना भी की। जब विश्वामित्र एक राजा थे, तब एक दिन वे शिकार खेलते-खेलते बहुत दूर निकल आए। आराम करने के लिए वे ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में रुक थे। आश्रम में विश्वामित्र ने कामधेनु नंदिनी गाय को देखा। नंदिनी गाय को देख विश्वामित्र ने वशिष्ठ से कहा कि ये गाय आप मुझे दे दीजिए, लेकिन ऋषि वशिष्ठ ने कामधेनु को देने से मना कर दिया। राजा विश्वामित्र कामधेनु को बलपूर्वक अपने साथ ले जाने लगे। विश्वामित्र कामधेनु के लिए युद्ध तक करने के लिए तैयार हो गए थे पर तब ऋषि वशिष्ठ के कहने पर नंदिनी गाय ने विश्वामित्र सहित उनकी पूरी सेना को भगा दिया। राजा विश्वामित्र को अपने सैनिकों सहित वापस राज्य में लौटना पड़ा। ऋषि वशिष्ठ का ऐसा प्रभाव देखकर विश्वामित्र बहुत हैरान हो गए। विश्वामित्र ने सोचा की तप में किताना बल है की एक व्यक्ति अपने तप से सभी को प्रभावित कर सकता है। इस घटना के बाद विश्वामित्र ने राज-पाठ छोड़ दिया और तप करने लगे। वशिष्ठ जी के ज्ञान और तप के प्रभाव से विश्वामित्र की सोच बदल गई और बाद में वे भी बह्मर्षि बन गए। गुरु अपने ज्ञान और तप से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकते हैं।

## आईएनएसवी कौडिन्य



29 दिसंबर, 2025 को पोस्ट की गई इस तस्वीर में, आईएनएसवी कौंडिन्य, इंडियन नेवी का बना हुआ सेलिंग वेसल, जिसे पुरानी भारतीय तकनीकों का इस्तेमाल करके बनाया गया है, खाड़ी क्षेत्र के साथ ऐतिहासिक समुद्री संबंधों को दोहराते हुए, मस्कट, ओमान के लिए अपनी पहली यात्रा पर निकला है।

## आज की पाती

### अदालत का सही फैसला

भारत में आस्था अक्सर तर्क से बड़ी हो जाती है। यही कारण है कि यहां मंदिर के बाहर घंटियों की आवाज से ज्यादा तेज कभी-कभी सांसों की घुटन होती है, लेकिन हम सुनना नहीं चाहते। मुंबई की एक अदालत का हालिया फैसला, जिसमें सार्वजनिक स्थान पर कबूतरों को दाना डालने पर 5000 रुपए का जुर्माना लगाया गया, इसी टकराव की एक स्पष्ट और साहसी मिसाल है। यह फैसला कबूतरों के खिलाफ नहीं, बल्कि उस मानसिकता के खिलाफ है जो भावुकता के नाम पर विज्ञान, कानून और सार्वजनिक स्वास्थ्य को कुचल देती है। हमारे समाज में कबूतरों को दाना डालना पुण्य माना जाता है। लेकिन कबूतर बीमारियां भी फैलाते हैं, इस दृष्टि से यह फैसला सही लगता है।

*-मनोज कुशवाह, धमतरी*

## करंट अफेयर

# राष्ट्रपति ने ब्लू हाउस से शुरू किया कामकाज



दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने सोमवार को देश के पारंपरिक राष्ट्रपति भवन 'चोंग वा डे' से आधिकारिक तौर पर अपना कामकाज शुरू कर दिया। इस साल जून में राष्ट्रपति पद संभालने के बाद राष्ट्रपति ली पहली बार राष्ट्रपति भवन 'चोंग वा डे' में गए। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति भवन को 'ब्लू हाउस' के नाम से भी जाना जाता है। पद से हटाए गए पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल द्वारा राष्ट्रपति कार्यालय को रक्षा मंत्रालय परिसर में स्थानांतरित किए जाने के तीन साल से अधिक समय बाद किसी राष्ट्रपति ने 'ब्लू हाउस' से कामकाज शुरू किया। दक्षिण कोरिया में नौ मई, 2022 के बाद यह पहली बार था जब किसी राष्ट्रपति ने 'चोंग वा डे' का दौरा किया। नौ मई, 2022 पूर्व राष्ट्रपति मून जे-इन के कार्यकाल का अंतिम दिन था। इससे पहले, यून ने रक्षा मंत्रालय की एक परिवर्तित इमारत से राष्ट्रपति पद का अपना कार्यभार संभाला था। यून ने 'चोंग वा डे' के कुछ हिस्सों को पर्यटन स्थल के रूप में आम जनता के लिए खोल दिया था, जिससे लाखों पर्यटक आकर्षित हुए। यून को पद से हटाए जाने के बाद जून में अचानक हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने वाले ली ने राष्ट्रपति कार्यालय को 'ब्लू हाउस' में वापस स्थानांतरित करने में कई सप्ताह का समय लिया।

## ऑफ बीट

# आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे



क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं – लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है – एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा – 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।

## ट्रेंड

### घुसपैठियों को बाहर करेंगे



कांग्रेस ने आईएमडीटी एक्ट लाकर असम में घुसपैठियों के बसने का रास्ता खोल दिया। भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो घुसपैठियों को भारत के लिए खतरा मानती है, इसलिए भाजपा ही घुसपैठिया मुक्त भारत बना सकती है। भाजपा सरकार देश से घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर करेगी।

-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री

### हम आत्मनिर्भर बनें



हम चाहे किसी भी देश, धर्म, जाति या संप्रदाय के हों, भोजन और पानी की तरह शांति भी हमारी मूल आवश्यकता है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तभी साकार होगा, जब देश में शांति हो और हम आत्मनिर्भर बनें। इसके बाद हम गर्व से कहेंगे हमारा देश विकसित हैं। -राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

### भयावह घृणा अपराध



देहरादून में ऐंजल चकमा और उनके भाई के साथ जो हुआ, वह एक भयावह घृणा अपराध है। नफरत रातोंरात पैदा नहीं होती। वर्षों से इसे रोजाना, हमारे युवाओं को, जहरीली सामग्री और गैर-जिम्मेदार बयानों के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा। भाजपा नफरत फैला रही है। -राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### केंद्र सरकार जिम्मेदार



बंगाल में एक और बीएलओ की आत्महत्या, पूरे देश में अब तक कुल 33 मौतें, एक कथित घुसपैठिया ठीक नहीं, लेकिन 33 बीएलओ की मौत ठीक है? इसके लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है। पता नहीं कितने और लोगों की जान लेगी।

-कपिल सिब्बल, राज्यसभा सांसद

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

गुवाहाटी में गरजे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

# असम ही नहीं पूरे देश में बांग्लादेशी घुसपैठियों की करेंगे पहचान

## असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह असम के एक दिन के दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। शाह ने पहले असम के नगांव जिले में वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान बटाद्रवा का उद्घाटन किया। बटाद्रवा को 227 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित किया गया है। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और पवित्र मार्गेरिटा और राज्य के संस्कृति मंत्री बिमल बोरा मौजूद रहे। दौरे की शुरुआत गुवाहाटी में 'शहीद स्मारक क्षेत्र' में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करके की।


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह


अमित शाह ने 'ज्योति-बिष्णु अंतर्जातिक कला मंदिर' का उद्घाटन किया

### 291 करोड़ की लागत से तैयार नया सभागार

शाह ने असम के गुवाहाटी में पूर्वोत्तर क्षेत्र के सबसे बड़े सभागार 'ज्योति-बिष्णु अंतर्जातिक कला मंदिर' का उद्घाटन किया। 291 करोड़ की लागत से निर्मित इस सभागार में 5,000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है और यह शहर के खानापारा क्षेत्र में 14.85 एकड़ भूमि में स्थापित परिसर का हिस्सा है। मुख्य सभागार के अलावा मौजूद अन्य सुविधाओं में एक कन्वेंशन सेंटर, 5 वीआईपी सुइट, 450 वाहनों की पार्किंग है।

### एक लाख बीघा जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई

बोरदुरवा में अमित शाह ने कहा, वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव ने 'एक भारत' का आह्वान किया था, जिसका अब पीएम नरेंद्र मोदी पालन कर रहे हैं। शाह ने दावा किया कि सरमा सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों से 1 लाख बीघा से ज्यादा जमीन खाली करवाई है। हम न सिर्फ असम से बल्कि पूरे भारत से सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करेंगे।

### कांग्रेस घुसपैठियों को आगे बढ़ाती रही

शाह ने कहा कि कांग्रेस ने इतने वर्षों तक राज किया, लेकिन उसने असम आंदोलन में जान देने वालों के लिए कुछ नहीं किया। कांग्रेस पार्टी वर्षों तक घुसपैठियों को आगे बढ़ाती रही और 1983 में आईएमडीटी एक्ट लाकर उन्होंने घुसपैठियों को यहां बसने का कानूनी रास्ता बनाया।

### संत शंकरदेव के जन्मस्थल का उद्घाटन किया

बटाद्रवा पहुंचने पर गृह मंत्री का 'गायन-बयान' (गायक और ढोल वादक) द्वारा पारंपरिक स्वागत किया गया। शाह ने संत शंकरदेव के जन्मस्थल का पुनर्विकास के बाद उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद शाह केंद्रीय भवन में भी गए जहां 'गुरु आसन' (पूजनीय संत की सीट) रखी है। सीएम सरमा ने कहा कि यह परियोजना महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव की विरासत का सम्मान करते हुए पूरी की गई है।

### तीन दिवसीय दौरे पर पश्चिम बंगाल पहुंचे

गृह मंत्री शाह पश्चिम बंगाल के तीन दिवसीय दौरे पर सोमवार रात कोलकाता पहुंचे। वह अगले साल राज्य में होने वाले महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। 30 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री मीडिया से बातचीत करेंगे। इसके अलावा वह मध्य कोलकाता स्थित इस्कॉन मंदिर और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यालय का दौरा करेंगे, जहां वे संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। अपने दौरे के अंतिम दिन 31 दिसंबर को अमित शाह कोलकाता में आयोजित एक कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

---

## खबर संक्षेप


### विधायक के खिलाफ चेक बाउंस पर मामला दर्ज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के भाजपा विधायक शरणु सालगर के खिलाफ 99 लाख रुपए के चेक बाउंस के संबंध में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि उन पर आरोप है कि उन्होंने 2023 के विधानसभा चुनावों के दौरान लिए गए की कर्ज की राशि वापस नहीं की। विधायक ने अपने दूर के रिश्तेदार से राशि उधार ली थी।



### 4 नाबालिगों ने प्रवासी मजदूर पर किया हमला

**चेन्नई।** तमिलनाडु पुलिस ने चेन्नई के पास एक प्रवासी मजदूर पर कथित तौर पर हमला करने के आरोप में चार किशोरों को गिरफ्तार किया है। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें ट्रेन के अंदर एक प्रवासी मजदूर को परेशान करने और हमला करते हुए दिखाया गया।



### टाटानगर-एर्नाकुलम ट्रेन में आग, 1 की मौत

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश में यहां से 66 किलोमीटर दूर यलमंचिली के पास टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस के दो डिब्बों में आग लग जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस को आग लगने की सूचना रात 12 बजकर 45 मिनट पर मिली। पुलिस ने बताया कि प्रभावित डिब्बों में से एक में 82 और दूसरे में 76 यात्री सवार थे।



### उपराष्ट्रपति पुडुचेरी, केरल और तमिलनाडु के दौरे पर

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन पुडुचेरी, केरल और तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को पुडुचेरी पहुंचे हैं, जहां उनका गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया गया। पुडुचेरी हवाई अड्डे पर उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन, सीएम एन. रंगासामी ने उनका स्वागत किया।



---

## अरावली खनन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया

कोर्ट ने केंद्र और अन्य पक्षों को नोटिस जारी किया

# अपने ही फैसले पर पर लगाई रोक केंद्र सरकार से मांगा स्पष्ट 'जवाब'

सोमवार को अवकाश पीठ में हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों को मिलाकर एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का प्रस्ताव भी रखा। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और अन्य पक्षों को नोटिस जारी करते हुए कहा कि इस मामले में आगे की सुनवाई 21 जनवरी को होगी


**21** जनवरी को होगी मामले में आगे की सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अरावली खनन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपने पुराने फैसले पर रोक लगा दी। सरकार से स्पष्ट जवाब मांगते हुए शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि इस मामले में स्पष्टीकरण जरूरी है। बता दें कि कोर्ट ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। अरावली पहाड़ियों और पर्वत श्रृंखलाओं की परिभाषा नए सिरे से तय किए जाने के इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 20 नवंबर के फैसले में दिए गए निर्देशों को स्थगित रखा जाएगा।

अपने आदेश में अदालत ने कहा, इसमें कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन पर स्पष्टीकरण आवश्यक हैं। सोमवार को अवकाश पीठ में हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों को मिलाकर एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का प्रस्ताव भी रखा। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और अन्य पक्षों को नोटिस जारी करते हुए कहा कि इस मामले में आगे की सुनवाई 21 जनवरी को होगी।


अरावली पहाड़ियां और सुप्रीम कोर्ट

### मंत्री ने किया आदेश का स्वागत

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए ट्वीट करते हुए लिखा कि मैं अरावली पर्वतमाला से संबंधित अपने आदेश पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक तथा इस विषय से जुड़े मुद्दों के अध्ययन के लिए एक नई समिति के गठन के निर्देशों का स्वागत करता हूँ। अरावली पर्वतमाला के संरक्षण और पुनर्स्थापन के लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से जो भी सहयोग मांगा जाएगा, उसे उपलब्ध कराने के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। वर्तमान स्थिति में, नई खनन लीज़ जारी करने या पुरानी खनन लीज़ के नवीनीकरण के संबंध में खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रहेगा।



### जयराम ने मांगा भूपेंद्र यादव से इस्तीफा

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** सुप्रीम कोर्ट ने अरावली पहाड़ियों और अरावली रेंज को लेकर केंद्र सरकार द्वारा दी गई नई परिभाषा को स्वीकार करने के अपने पहले के आदेश को फिलहाल "स्थगित" कर दिया है। यह आदेश 20 नवंबर को दिए गए पूर्व निर्णय के संदर्भ में आया है। अदालत ने संकेत दिया है कि इस संवेदनशील मुद्दे पर दोबारा विचार और विस्तृत अध्ययन किया जाएगा।
इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस सांसद और पर्यावरण मामलों के जानकार जयराम रमेश ने इसे सरकार की मंशा पर सवाल खड़ा करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव उन पर और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर अरावली मुद्दे को लेकर राजनीति करने के आरोप लगा रहे थे, लेकिन आज सुप्रीम कोर्ट में दूध का दूध और पानी का पानी हो गया।
जयराम रमेश ने कहा कि सरकार अरावली जैसे अत्यंत संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचाने पर आमादा थी। अरावली न सिर्फ राजस्थान, बल्कि दिल्ली, हरियाणा और गुजरात के लिए भी जीवनरेखा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के 19 जिले अरावली से प्रभावित हैं और इसके संरक्षण की जिम्मेदारी सरकार की है, लेकिन सरकार इसके विपरीत काम कर रही थी। उन्होंने यह भी कहा कि फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया और सुप्रीम कोर्ट की सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी दोनों ही इस नई परिभाषा के खिलाफ थे। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इसे स्थगित करना एक सकारात्मक संकेत है।



#### फैसला सांस लेने के अधिकार की जीत

जयराम रमेश ने स्पष्ट किया कि यह फैसला किसी राजनीतिक दल या व्यक्ति की जीत नहीं है, बल्कि पर्यावरण और स्वच्छ हवा में सांस लेने के अधिकार की जीत है। हालांकि उन्होंने इसे केवल एक अंतरिम जीत बताया और कहा कि अरावली को बचाने की लड़ाई अभी लंबी है। कांग्रेस सांसद ने पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि मंत्री ने उन पर गंभीर आरोप लगाए थे, जो आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले से गलत साबित हो गए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से भी इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की।

#### अरावली में हरियाली वापस लाएं

जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस की मांग स्पष्ट है- अरावली में हरियाली वापस लाई जाए, क्योंकि यह सिर्फ पर्यावरण ही नहीं, बल्कि जीवन और भविष्य की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे देश के पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी।

---

## देहरादून में नस्लीय हमले में त्रिपुरा के छात्र की हत्या के दोषियों को सख्त सजा मिले- कांग्रेस



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देहरादून में नस्लीय हमले में त्रिपुरा के 24 वर्षीय छात्र एंजेल चकमा की हत्या पर कांग्रेस ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दोषियों को सख्त सजा देने की मांग की है। पार्टी ने कहा कि मामले में शीघ्र कानूनी कार्रवाई हो, फरार मुख्य आरोपी को तत्काल गिरफ्तार किया जाए और एफआईआर दर्ज करने में हुई देरी के कारणों की जांच कराई जाए। लोकसभा में पार्टी के उपनेता और असम कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई ने अपने संबोधन की शुरुआत में एंजेल चकमा के अंतिम शब्दों को दोहराते हुए कहा कि "मैं भारतीय हूं, मैं चीन से नहीं आया हूं।" उन्होंने जोर देकर कहा कि नॉर्थ ईस्ट के लोग भारतीय हैं, चीनी नहीं। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने घटना का ब्यौरा देते हुए बताया कि 9 दिसंबर को त्रिपुरा का निवासी एंजेल चकमा और उसका भाई उत्तराखंड के देहरादून में बाजार गए थे। वहां कुछ लोगों ने उसे 'चीनी' कहकर चिढ़ाया। जब एंजेल ने पलटकर कहा कि-"मैं भारतीय हूं, चीनी नहीं हूं। मैं भारतीय होने का क्या प्रमाण दूं?" तो पांच लोगों ने उस पर पीछे से हमला कर दिया। 14 दिनों तक जिंदगी और मौत की जंग लड़ने के बाद एंजेल ने दम तोड़ दिया।

### एफआईआर दर्ज करने में 12 दिन क्यों?

गोगोई ने इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि आज भी नॉर्थ ईस्ट के लोगों को अपनी भारतीयता का प्रमाण देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नॉर्थ ईस्ट के युवा शिक्षा के लिए देश के हर कोने में जाते हैं, एंजेल भी इसी उद्देश्य से उत्तराखंड गए थे। कांग्रेस नेता ने स्थानीय पुलिस की भूमिका पर गंभीर चिंता व्यक्त की। एंजेल चकमा के परिजनों के बयानों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि घटना के लगभग 12 दिन बाद एफआईआर दर्ज की गई और छात्रों के प्रदर्शन के बाद ही कार्रवाई शुरू हुई।

### असम में मूल निवासियों को बाहरी बता रहे

गोगोई ने सवाल उठाया कि क्या देश के विभिन्न हिस्सों में नॉर्थ ईस्ट के युवाओं के साथ पुलिस थानों में इसी तरह का व्यवहार किया जा रहा है। यह किसी राज्य या समाज को दोष देने का मुद्दा नहीं है, बल्कि व्यवस्था और मानसिकता पर मंथन करने की जरूरत है। कांग्रेस नेता ने कहा कि मौजूदा सरकार "वन इंडिया" की बात तो करती है, लेकिन उसमें बस रही विविधताओं की बात नहीं करती। उन्होंने असम के कारबी आंगलोंग का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां के मूल निवासियों को भी बाहरी बताया जा रहा है। गोगोई ने सुझाव दिया कि सरकार को देश के अन्य हिस्सों के लोगों को नॉर्थ ईस्ट के पर्यटन और इतिहास से रूबरू कराने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

---

## टीएमसी विधायक ने जताई आपत्ति

# बीएलए न होने हुगली में रोकी गई एसआईआर के तहत आपत्तियां

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के दौरान हुगली जिले के चिनसूड़ा-मोगरा ब्लॉक कार्यालय में सोमवार को एसआईआर के तहत दावों और आपत्तियों पर उस समय सुनवाई रोक दी गई, जब तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक असित मजूमदार ने बूथ-स्तर के एजेंट (बीएलए) को सुनवाई में शामिल न करने का विरोध किया। मजूमदार ने कहा कि बीएलए को प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहने की अनुमति दी जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि या तो बीएलए को सुनवाई में आने दिया जाए या लिखित में बताया जाए कि उन्हें अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके बाद ब्लॉक कार्यालय के प्रवेश और निकास द्वार बंद कर दिए गए।


एसआईआर की प्रक्रिया करते अधिकारी

## आयुष दवाओं की गुणवत्ता पर कदम


# 108 लैब्स को मिली जांच की मंजूरी, कार्यक्षमता भी मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने बताया है कि देशभर में आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी दवाओं की गुणवत्ता जांच के लिए 108 प्रयोगशालाओं को मंजूरी दी गई है। ये सभी लैब्स ड्रग्स रूल्स, 1945 के प्रावधानों के तहत स्वीकृत या लाइसेंस प्राप्त हैं। उन्होंने बताया कि 34 राज्य स्तरीय ड्रग टेस्टिंग लैब्स को उनके इंफ्रास्ट्रक्चर और कार्यक्षमता को मजबूत करने के लिए सहयोग दिया गया है। इसके साथ ही सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेदिक साइंसेज के तीन क्षेत्रीय शोध संस्थानों को भी ड्रग्स रूल्स, 1945 के तहत मंजूरी मिली है। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी और होम्योपैथी दवाओं की निगरानी के लिए फार्मा को विजिलेंस प्रोग्राम लागू किया गया है जो केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।


मंत्री प्रतापराव जाधव

## नए साल पर 'बजरंग सेतु' की सौगात




**ऋषिकेश।** उत्तराखंड में नए साल की शुरुआत के साथ ही ऋषिकेश के लोगों और देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों व पर्यटकों को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। यह सेतु 1929 में बना ऐतिहासिक लक्ष्मण झूला की जगह लेगा। गंगा नदी पर निर्माणाधीन अत्याधुनिक बजरंग सेतु को जल्द ही आम जनता के लिए खोलने की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार, पुल का निर्माण कार्य 26 जनवरी तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। करीब 132 मीटर लंबे इस आधुनिक सस्पेंशन ब्रिज की निर्माण लागत लगभग 68 करोड़ रुपए है।

---

## क्लर्क ने 20 साल में बनाई 100 करोड़ की संपत्ति!

# हाईकोर्ट के आदेश पर सीआईडी करेगी नई जांच

एजेंसी ▶▶ तिरुपति

दुनिया के सबसे अमीर मंदिर तिरुपति बालाजी में भक्तों के चढ़ावे से दशकों तक चोरी करने वाला क्लर्क सीवी रवि कुमार अप्रैल 2023 में सीसीटीवी पर संदिग्ध व्यवहार करते पकड़ा गया था। कबूलनामे उसने कहा कि वह मंदिर में 20 साल से अधिक समय तक चोरी की, जिससे 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्तियां खरीदीं। यह पूरा मामला लोक अदालत में समझौते के बाद बंद हो गया था। अब आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने सेटलमेंट रद्द कर सीआईडी से नई जांच के आदेश दिए हैं, जिससे बड़े कवर-अप के आरोप लग रहे हैं।


तिरुपति बालाजी मंदिर

### चढ़ावे गिनने का काम करता था

1990 के दशक की शुरुआत में सीवी रवि कुमार पेद्दा जीयनगर मठ में शामिल हुआ। तब उसकी उम्र 20 साल थी। 2023 तक वह एक क्लर्क के रूप में काम कर रहा था और उसे हर दिन करोड़ों रुपए के चढ़ावे गिनने का काम सौंपा गया था, जो हर दिन 4 करोड़ से 6 करोड़ रुपए के बीच होता था।

### सुरक्षा गार्ड ने पकड़ा

सीसीटीवी फुटेज देख रहे एक सुरक्षा गार्ड ने देखा कि रवि कुमार की तलाशी ली गई, और रवि कुमार अपनी जांघों के बीच छिपाए हुए नौ 100 डॉलर के नोटों के साथ पकड़ा गया। 30 मई को तिरुमाला पुलिस ने अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोर्ट में मामले में चार्जशीट दायर की। 9 सितंबर, 2023 को सेटलमेंट कर मामला दबा दिया गया।

---

## ओलचिकी लिपि के शताब्दी समारोह में शामिल हुई राष्ट्रपति मुर्मू

# परंपरागत ज्ञान, संस्कृति और अस्मिता को संरक्षित करना जरूरी

एजेंसी ▶▶ रांची

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मूने सोमवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के करनडीह स्थित आदिवासी पूजास्थल 'दिशोम जाहेरथान' परिसर में संथाली भाषा की ओलचिकी लिपि के शताब्दी समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए परंपरागत ज्ञान, संस्कृति और अस्मिता को संरक्षित रखने का आह्वान किया। उन्होंने ओलचिकी लिपि के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू को श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन से पहले राष्ट्रपति मुर्मू ने संथाली भाषा में करीब तीन मिनट तक पारंपरिक 'नेहोर गीत' गाया। उन्होंने कहा कि यह प्रार्थना गीत उन्होंने बचपन में सीखा था, जिसमें 'जाहेर आयो' (प्रकृति माता) से समाज को सदैव उजाले के मार्ग पर ले जाने की कामना की गई है।

मुर्मू ने संथाली भाषा में पारंपरिक 'नेहोर गीत' गाया

राष्ट्रपति ने संथाली भाषा में ही अपना पूरा संबोधन दिया

### संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करें


शताब्दी समारोह का उद्घाटन करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

उन्होंने जोर दिया कि संथाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किए जाने के बाद यह आवश्यक है कि देश के नियम-कानून और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी संथाली भाषा में समाज के लोगों तक पहुंचे।

### आदिवासियों के विकास में करेंगे सहयोग

समारोह को राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी संबोधित किया। राज्यपाल ने कहा कि लोकभवन के द्वार आम लोगों के लिए सदैव खुले हैं और आदिवासियों के विकास से जुड़े हर प्रयास में लोक भवन सहयोग करेगा। सीएम सोरेन ने भी संथाली भाषा, संस्कृति और आदिवासी पहचान के संरक्षण के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

### संथाली लेखकों के योगदान को सराहा

आदिवासी समाज के स्वाभिमान और अस्तित्व की रक्षा में संथाली लेखकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना करते हुए मुर्मू ने कहा कि आप अपने दैनिक जीवन से समय निकालकर ओल चिकी लिपि और संथाली भाषा के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं और ओलचिकी लिपि के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू के अधूरे सपनों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने ओलचिकी लिपि में संविधान के प्रकाशन को एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## खबर संक्षेप



### 13 साल के जगरीत ने जीती फिडे रेपिड रेटिंग प्रतियोगिता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शतरंज खिलाड़ी जगरीत मिश्रा ने ग्रेटर नोएडा में पहले शतरंज वेदा फिडे रेपिड रेटिंग टूर्नामेंट में नौ दौर में 8.5 अंक के साथ खिताब जीता। तेरह साल के जगरीत ने इस जीत की बदौलत 90 रेटिंग अंक हासिल किए।माउंट कार्मेल स्कूल के छात्र जगरीत को इस जीत से 25 हजार रुपए की इनामी राशि मिली। टूर्नामेंट में 592 भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स, फिडे मास्टर्स और कैंडिटेड मास्टर्स भी शामिल रहे। जगरीत ने हाल में मोंटेनेग्रो के ग्रैंडमास्टर ब्लागोजेविच ड्रागिसा (ईएलओ 2446) को हराया था।

### मुल्तान सुल्तांस टीम का प्रबंधन करेगा पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पुष्टि की है कि शासी निकाय पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के अगले सत्र में मुल्तान सुल्तांस फ्रेंचाइजी का प्रबंधन करेगा। नक़वी ने कहा कि समय की कमी के कारण बोर्ड पीएसएल के अगले सत्र के दौरान मुल्तान फ्रेंचाइजी का संचालन के लिए किसी पूर्व क्रिकेटर की अध्यक्षता में समिति का गठन करेगा। उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'पीएसएल की टीम मुल्तान सुल्तांस की नीलामी होने के बाद हम समिति का गठन करेंगे।' पीएसएल के 2016 में शुरू होने के बाद से यह पहली अवसर होगा जबकि बोर्ड सीधे तौर पर एक फ्रेंचाइजी का संचालन करेगा। माना जा रहा है कि उसका यह कदम एक ब्रांड के रूप में पीएसएल की प्रतिष्ठा को खतरे में डाल सकता है।

### 13 जनवरी से इंडिया ओपन टिकटों की बिक्री शुरू



**नई दिल्ली।** बीडब्ल्यूएफ इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन केडी जाधव इंडोर हॉल की जगह इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में 13 से 18 जनवरी तक होगा। भारत को अगले साल अगस्त में प्रतिष्ठित विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करनी है और ऐसे में 9 लाख 50 हजार डॉलर इनामी इंडिया ओपन इस वैश्विक टूर्नामेंट के परीक्षण स्थल के रूप में काम करेगा। नए स्थल में आठ हजार से अधिक दर्शकों के बैठने की क्षमता है, जो पिछले स्थल की तुलना में दोगुने से अधिक है। इंडिया ओपन के टिकट ऑनलाइन 'टिकमिंट' पर उपलब्ध होंगे, जिनकी कीमत 400 रुपए से शुरू होकर 1750 रुपए तक होगी।

### आईएलटी20 : अबूधाबी नाइट राइडर्स की प्लेऑफ में एंट्री



**दुबई।** माइकल पेप्पर और फिल साल्ट की शानदार पारियों की मदद से अबूधाबी नाइट राइडर्स ने लीग चरण के आखिरी मैच में गल्फ जायंट्स को 32 रन से हराकर आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ में जगह बनाई। नाइट राइडर्स अब एक जनवरी को एलिमिनेटर में दुबई कैपिटल्स का सामना करेगा। डेजर्ट वाइपर्स मंगलवार को क्वालीफायर एक में एमआई एमिरेट्स से भिड़ेगा। पेप्पर (51 गेंदों में 83 रन) और साल्ट (56 गेंदों में नाबाद 72 रन) के बीच पहले विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की मदद से नाइट राइडर्स ने एक विकेट पर 179 रन बनाए। इसके जवाब में गल्फ जायंट्स की टीम 9 विकेट पर 147 रन ही बना पाई।

# नवीनतम 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' में किर्गियोस का दबदबा, सबालेंका को दी मात

एजेंसी ▶▶| दुबई

- टाइमआउट के दौरान एरिना ने किया डांस
- मुकाबले के सबसे महंगे टिकट लगभग 800 डॉलर में बिके


निक किर्गियोस ने टेनिस में 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' यानी दो अलग-अलग लिंग के खिलाड़ियों के बीच मुकाबले में महिला वर्ग में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका को 6-3, 6-3 से हराया। यह एक प्रदर्शनी मैच था, जिसे लैंगिक समानता के लिए एक और ऐतिहासिक क्षण के बजाय हल्के फुल्के मनोरंजन के लिए याद किया जाएगा।

दोनों खिलाड़ी आपस में हंसी ठिठोली कर रहे थे। इस दौरान कुछ अंडर आर्म सर्विस भी देखने को मिली। यहां तक कि दुबई के 17,000 सीटों वाले कोकाकोला एरीना में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए टाइमआउट के दौरान सबालेंका का नृत्य भी देखने को मिला। इस मुकाबले के सबसे महंगे टिकट लगभग 800 डॉलर में बिके।



### दोनों खिलाड़ियों को दिया गया एक सर्विस का मौका

विंबलडन 2022 के उपविजेता किर्गियोस ने कलाई और घुटने की चोटों के कारण पिछले तीन वर्षों में केवल छह टूर-स्तरीय मैच खेले लेकिन वह कई बार अपनी क्षमता के अनुरूप खेलते हुए दिखाई दिए। उन्हें सबालेंका के कोर्ट के हिस्से के लगभग 10 प्रतिशत छोटे होने का नुकसान उठाना पड़ा लेकिन इसके बावजूद उन्होंने जीत दर्ज की। खिलाड़ियों को प्रत्येक प्वाइंट के लिए दो के बजाय केवल एक सर्विस करने का मौका दिया गया था। जब किर्गियोस ने अपने तीसरे मैच प्वाइंट पर जीत हासिल की तब तक वह पसीने से भीग चुके थे और दोनों खिलाड़ी नेट पर गले मिलते समय मुस्कुरा रहे थे।



### टेनिस के लिए शानदार कदम

ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी किर्गियोस ने मैच के बाद कहा, 'मैं शुरू में थोड़ा नर्वस था लेकिन मुझे लगता है कि यह टेनिस के लिए एक शानदार कदम है।' सबालेंका ने कहा,'यह मैच अगले सत्र के लिए अच्छी तैयारी है। मुझे इसमें बहुत मजा आया और मुझे लगता है कि अगली बार जब मैं उनके खिलाफ खेलूंगी तो मुझे उनकी रणनीति, उनकी ताकत और उनकी कमजोरियों के बारे में पता होगा और यह निश्चित रूप से एक बेहतर मुकाबला होगा।' तथाकथित 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' नाम 1973 में बिली जीन किंग और बॉबी रिग्स के बीच हुए मैच से लिया गया था। किंग ने ह्यूस्टन एस्ट्रोडोम में खेले गए उस मुकाबले को सीधे सेटों में जीता था।

---

**विजय हजारे ट्रॉफी**

**अच्छी शुरुआत के बावजूद सूर्यवंशी नहीं खेल पाए बड़ी पारी**

# 310 के स्ट्राइक रेट से चला वैभव का बल्ला, 10 गेंद पर ठोके 31 रन

एजेंसी ▶▶| रांची

वैभव सूर्यवंशी ने विजय हजारे ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप के तीसरे मैच में बिहार के लिए पारी की शुरुआत की और मेघालय के खिलाफ सिर्फ 10 गेंदों में 31 रन ठोक डाले। इस दौरान वैभव ने 6 चौके और 1 छक्का लगाया। उनका स्ट्राइक रेट 310 का रहा। लेकिन 14 साल के इस युवा क्रिकेटर को आकाश कुमार ने पवेलियन भेज दिया। 218 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें ओवर की पहली गेंद पर दिप्पू ने वैभव का कैच पकड़ लिया। रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में मेघालय के खिलाफ इस मैच से वैभव से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन अच्छी शुरुआत के बावजूद वो इसे बड़ी पारी में नहीं बदल पाए।

वहीं सीजन के पहले मैच में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ उन्होंने सिर्फ 84 गेंदों पर 190 रन बनाए थे। उस मैच में बिहार ने रिकॉर्ड 397 रनों से जीत हासिल की थी। वैभव ने महज 36 गेंदों में सेंचुरी पूरी की, जो किसी भारतीय बल्लेबाज की लिस्ट ए क्रिकेट में चौथी सबसे तेज सेंचुरी है। इसके बाद उन्होंने 59 गेंदों में 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया।



### मुंबई ने छत्तीसगढ़ को हराया, शारदुल ने की शानदार गेंदबाजी

**जयपुर।** कप्तान शारदुल ठाकुर की शानदार गेंदबाजी से मुंबई ने विजय हजारे वनडे ट्रॉफी के ग्रुप सी मैच में सोमवार को छत्तीसगढ़ को 9 विकेट से हराकर अपनी जीत की हैट्रिक पूरी की। टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करने के बाद शारदुल ने सुबह में तेज गेंदबाजों की मददगार परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए पांच ओवर के अंदर छत्तीसगढ़ का स्कोर चार विकेट पर 10 रन कर दिया। कप्तान अमनदीप खरे (63) और अजय मंडल (46) के बीच पांचवें विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी के बावजूद छत्तीसगढ़ की टीम शुरुआती झटकों से कभी नहीं उबरी। टीम 38.1 ओवर में 142 रन पर आउट हो गई। स्पिनर शम्स मुलानी ने आखिरी छह में से पांच विकेट झटक कर छत्तीसगढ़ की पारी को सस्ते में समेटने में योगदान दिया। मुलानी ने 31 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे छत्तीसगढ़ ने आखिरी छह विकेट 27 रन के अंदर गंवा दिए। अंगकृष रघुवंशी (66 गेंदों पर 68 नाबाद) और अनुभवी सिद्धेश लाड (42 गेंदों पर 48 नाबाद) ने दूसरे विकेट के लिए 102 रन की अटूट साझेदारी कर महज 24 ओवरों में ही मुंबई को नौ विकेट से एकतरफा जीत दिला दी।

### 6 जनवरी को विजय हजारे ट्रॉफी खेलेंगे कोहली

**नई दिल्ली।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने बताया कि दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली 6 जनवरी को बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) में रेलवे के खिलाफ दिल्ली का विजय हजारे ट्रॉफी मैच खेलेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्रीय अनुबंध हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कम से कम दो मैचों में भाग लेना अनिवार्य किया था। कोहली हालांकि इस महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला की तैयारी के लिए तीसरा मैच भी खेलना चाहते हैं।

### जुरेल ने 101 गेंद में खेली 160 रन की पारी

विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने विजय हजारे ट्रॉफी में तूफानी शतक लगाया। उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलते हुए उन्होंने बड़ौदा के खिलाफ मुकाबले में 160 रन की नाबाद विस्फोटक पारी खेली। यह उनके लिस्ट ए करियर का पहला शतक है। ध्रुव जुरेल ने तीसरे नंबर पर आकर 101 गेंद का सामना किया और 15 चौके व आठ छक्के लगाए। उनकी शतकीय पारी से यूपी ने सात विकेट पर 369 रन का विशाल स्कोर बनाया। जुरेल ने कप्तान रिंकू सिंह के साथ चौथे विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की। इसस यूपी ने 200 का स्कोर पार किया। रिंकू ने भी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 67 गेंद में दो चौकों व तीन छक्कों से 63 रन की पारी खेली। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी के लगातार तीसरे मैच में 50 प्लस स्कोर बनाया। पहले मैच में 67 और दूसरे में नाबाद 106 रन उनके बल्ले से आए थे।

**महिला टी-20**

## क्लीन स्वीप पर भारत की नजर सम्मान बचाने उतरेगा श्रीलंका



एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपने आक्रामक खेल को जारी रखते हुए श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार 30 दिसंबर को होने वाले पांचवें और अंतिम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत दर्ज करके पांच मैच की श्रृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप करने की कोशिश करेगी।

यह श्रृंखला अगले साल जून-जुलाई में इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। श्रीलंका के खिलाफ वर्तमान श्रृंखला के बाद भारतीय टीम विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में तीन-तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। भारतीय टीम 2024 में टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर हो गई थी लेकिन इसके बाद उसने अपनी शैली में बदलाव किया और अधिक आक्रामकता अपनाई, जिससे उसे अनुकूल परिणाम मिले।

### श्रृंखला हम सभी के लिए शानदार

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, 'यह श्रृंखला हम सभी के लिए शानदार रही। पिछले विश्व कप के बाद हमने इसी बात पर चर्चा की थी कि हमें अपने स्तर को ऊपर उठाना होगा और टी20 में अधिक आक्रामक होकर खेलना होगा।' शुरुआती तीन मैचों में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया।

### टीमें इस प्रकार

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, हरलीन देयोल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

**श्रीलंका :** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका राणावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका सेववंडी, मल्की मदारा।

---

### मसूद ने लगाया दोहरा शतक इंजमाम का तोड़ा रिकॉर्ड

**कराची।** पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान शान मसूद ने 177 गेंद पर दोहरा शतक पूरा करके प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किसी पाकिस्तानी बल्लेबाज के सबसे तेज दोहरे शतक का नया रिकॉर्ड बनाया। मसूद ने दिग्गज बल्लेबाज इंजमाम उल हक के तीन दशक पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। मसूद ने प्रेसिडेंट्स कप विभागीय टूर्नामेंट के पहले दिन सुइ नॉर्दर्न गैस की तरफ से खेलते हुए सहार एसोसिएट्स के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की।इससे पहले यह रिकॉर्ड पूर्व कप्तान इंजमाम के नाम था, जिन्होंने 1992 में इंग्लैंड के दौरे के एक मैच में 188 गेंदों में दोहरा शतक बनाया था। मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक मसूद 185 गेंदों पर 212 रन बनाकर नाबाद थे। पाकिस्तान की धरती पर सबसे तेज दोहरा शतक बनाने का रिकॉर्ड अब भी भारत के वीरेंद्र सहवाग के नाम है, जिन्होंने 2006 में लाहौर टेस्ट में 182 गेंदों में दोहरा शतक पूरा किया था।



# 4 ओवर, 7 रन, 8 विकेट, 22 साल के गेंदबाज ने टी20 में किया करिश्मा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भूटान के स्पिनर सोनम येशे पुरुषों के टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 8 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। बाएं हाथ के स्पिनर सोनम येशे ने भूटान के गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी में म्यांमार के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की।

इस 22 वर्षीय गेंदबाज ने 7 रन देकर 8 विकेट लिए, जिससे भूटान ने म्यांमार को 45 रन पर आउट कर दिया। इससे पहले भूटान ने नौ विकेट पर 127 रन बनाए थे। भूटान क्रिकेट ने एक्स पर पोस्ट किया, 'एक यादगार स्पेल। सोनम येशे ने अविश्वसनीय प्रदर्शन करके चार ओवर में सात रन देकर आठ विकेट लिए और इस तरह से नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।' इससे पहले किसी भी गेंदबाज ने किसी भी तरह के टी20 मैच में आठ विकेट लेने का कारनामा नहीं किया था।



### मलेशिया के तेज गेंदबाज इद्रस का टूटा रिकॉर्ड

इससे पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड मलेशिया के तेज गेंदबाज स्याजरुल इद्रस के नाम था, जिन्होंने 2023 में चीन के खिलाफ 8 रन देकर 7 विकेट लिए थे। इनके अलावा बहरीन के अली दाऊद ही एकमात्र ऐसे गेंदबाज हैं, जिन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सात विकेट लिए हैं। उन्होंने इस साल की शुरुआत में भूटान के खिलाफ 19 रन देकर सात विकेट हासिल किए थे। अगर टी20 मैचों की बात करें तो नीदरलैंड के ऑलराउंडर कॉलिन एकरमैन ने 2019 में लीसेस्टरशर की तरफ से बर्मिंघम बियर्स के खिलाफ 18 रन देकर सात विकेट जबकि बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने इस साल के शुरू में दरबार राजशाही के लिए खेलते हुए ढाका कैपिटल्स के खिलाफ 19 रन देकर सात विकेट चटकाए थे।

**एशेज**

## एमसीजी पर आईसीसी का फैसला मैच रेफरी ने दिए डिमेरिट अंक

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने मेलबर्न में इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के बीच खेले गए चौथे एशेज टेस्ट की पिच को असंतोषजनक करार दिया और एमसीजी पर एक डिमेरिट अंक भी लगा दिया। मैच रैफरी जैफ क्रो ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट में कहा था कि पिच गेंदबाजों की जरूरत से ज्यादा मदद कर रही थी। चौथे टेस्ट के पहले दिन 20 विकेट गिरे। इंग्लैंड ने दो दिन के भीतर टेस्ट जीत लिया था। आईसीसी ने कहा ,'चौथे एशेज टेस्ट के लिए मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की पिच असंतोषजनक थी, जिसके लिए आईसीसी पिच और आउटफील्ड मॉनिटरिंग प्रक्रिया के तहत एमसीजी पर एक डिमेरिट अंक लगाया गया है।' छह डिमेरिट अंक होने पर मैदान पर एक साल तक का प्रतिबंध लग सकता है। क्रो ने कहा,' एमसीजी की पिच गेंदबाजों की जरुरत से ज्यादा मदद कर रही थी। पहले दिन 20 और दूसरे दिन 16 विकेट इस पर गिरे और कोई बल्लेबाज अर्धशतक भी नहीं बना सका। यह पिच असंतोषजनक थी और एमसीजी पर एक डिमेरिट अंक लगाया गया है।' इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने भी पिच की निंदा की थी।



---

**यादें 2025: महिला टीम ने जीता वनडे विश्व कप, टेस्ट क्रिकेट में जूझती रही पुरुष टीम**

# वैश्विक टूर्नामेंट में टीम इंडिया ने बनाया दबदबा

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वर्ष 2025 में वनडे विश्व कप जीतकर आईसीसी ट्रॉफी हासिल करने के अपने लंबे इंतजार को खत्म किया लेकिन भारतीय पुरुष टीम टेस्ट क्रिकेट में जूझती नजर आई, जिससे उसकी सीमित ओवरों की क्रिकेट में सफलता भी फीकी पड़ गई। वर्ष 2025 में वैश्विक टूर्नामेंट में भारत की पुरुष और महिला टीम ने अपना दबदबा बनाया। पुरुष टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी (वनडे) और एशिया कप (टी20) में जीत हासिल की, जबकि महिला टीम ने पहली बार 50 ओवर का विश्व कप जीता। लेकिन पुरुषों के खेल में दक्षिण अफ्रीका के हाथों टेस्ट मैचों में 0-2 से मिली करारी हार ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में लाल गेंद के प्रारुप में भारत की कमियों को उजागर कर दिया।




### रो-को के वनडे में संन्यास को लेकर चर्चा

स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पिछले साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया के दौरे के दौरान संन्यास की घोषणा कर दी थी। इससे भारतीय टीम किसी हद तक कमजोर पड़ गई। रोहित और कोहली के वनडे में भविष्य को लेकर पूरे साल चर्चा होती रही। इन दोनों ने हालांकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के घरेलू क्रिकेट में खेलने की अनिवार्यता का सम्मान किया और दिखा दिया कि वह अभी वनडे प्रारुप को अलविदा कहने के मूड में नहीं हैं।

### पुजारा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

एक और दिग्गज टेस्ट खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा ने भी औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया, जिससे मध्य क्रम में बड़ा शून्य पैदा हो गया है। भारतीय टीम मध्यक्रम में अब एक मजबूत बल्लेबाज की तलाश के लिए संघर्ष कर रहा है। भारत ने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र (2025-27) में अपनी यात्रा की नींव नए कप्तान शुभमन गिल और उभरते खिलाड़ियों के एक समूह के साथ रखी थी और अब तक के परिणाम बेहद मिले-जुले रहे हैं।



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **कृष्णा पत्नीः** सुरेंद्र उर्फ प्रकाश **पताः** 43, रिजकराम पार्क, गांव रानीखेड़ा दिल्ली, ने **FIR No. 288/2005 U/s 506(2)/34 IPC थानाः कंझावला, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कृष्णा** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गई है कि उक्त अभियुक्त **कृष्णा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 288/2005 U/s 506(2)/34 IPC थानाः कंझावला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **कृष्णा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अपूर्व भारद्वाज
जेएमएफसी–02, कमरा नंबर 113
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/17598/RD/2025
(Court Matter)




# अपनी पहली ऐतिहासिक यात्रा पर गुजरात से ओमान रवाना हुआ नौसेना का 'कौंडिन्य' जहाज

## एक्स पोस्ट में पीएम ने इस यात्रा के लिए जहाज के निर्माताओं और चालक दल के सदस्यों को दी हार्दिक बधाई

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत की समृद्ध प्राचीन समुद्री विरासत का अनुपम प्रतीक और सिलाई-जहाज तकनीक से निर्मित नौसेना का 'आईएनएसवी कौंडिन्य' जहाज सोमवार को अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए गुजरात के पोरबंदर से ओमान के मस्कट के लिए रवाना हो गया है। इसे नौसेना की पश्चिमी कमांड के प्रमुख (एफओसी-इन-सी) वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन और भारत में ओमान की राजदूत ईसा सालेह अल शिबानी ने हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर नौसेना के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। नौसेना ने 29 दिसंबर को एक आधिकारिक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

*बोले मोदी, देश की प्राचीन सिलाई-जहाज निर्माण तकनीक से बना ये जहाज भारत की समृद्ध समुद्री परंपराओं का प्रतीक है*



### पीएम ने दिया बधाई संदेश

*वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपनी एक एक्स पोस्ट के जरिए कौन्डिय की विदेश यात्रा के लिए जहाज के डिजाइनरों, निर्माताओं, चालक दल के सदस्यों और नौसेना के समर्पित प्रयासों के लिए बल को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि आज यह जहाज अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत मस्कट रवाना हो रहा है। ये देश की प्राचीन सिलाई-जहाज तकनीक से बनाया गया है। जो कि हमारी समृद्ध समुद्री परंपराओं का शानदार प्रतीक है। नौसेना के चालक दल को शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने अपनी पोस्ट में कहा कि उनकी यात्रा सुरक्षित और यादगार रहे। क्योंकि वे खाड़ी क्षेत्र और उससे परे हमारे ऐतिहासिक संबंधों को पुनर्जीवित कर रहे हैं।*

### इस प्रकार बना कौंडिन्य

*नौसेना ने आईएनएसवी कौंडिन्य को परंपरागत सिलाई-जहाज तकनीक का इस्तेमाल करके बनाया है। इस दौरान कई शताब्दियों पुराने प्राकृतिक तत्वों और पद्धति पर आधारित तकनीक का प्रयोग किया गया। नौसेना का मानना है कि जहाज का ये पूरा निर्माण कार्य एक प्रकार से देश के पुरातन स्रोतों और आईकोनोग्राफिक प्रमाणों से प्रेरित था। जहाज भारत की समृद्ध और स्वदेशी सिलाई-जहाज निर्माण और समुद्री यात्राओं की विरासत को बेहद खूबसूरती के साथ प्रदर्शित करता है। पोरबंदर से मस्कट तक की ये यात्रा हमारे प्राचीन व्यापारिक मार्गों से एक बार फिर से जुड़ने की कोशिश का हिस्सा है। जो भारत के पश्चिमी तट को पुनः ओमान से जोड़ेगी। एक ऐसा क्षेत्र जो कभी समूचे हिंद महासागर से व्यापार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सभ्यता कालीन संवादों के लिए प्रसिद्ध रहा है।*

### चालक दल में शामिल 17 नौसैन्य कर्मी

नौसेना ने कहा कि जहाज के कप्तान कमांडर विकास श्योरण होंगे। जबकि इस यात्रा के ऑफिसर-इन-चार्ज की जिम्मेदारी एक अन्य वरिष्ठ नौसैन्य कमांडर वाई.हेमंत कुमार संभालेंगे। कमांडर कुमार नौसेना के वह अधिकारी हैं, जो इस जहाज निर्माण की परियोजना की शुरुआत से इससे जुड़े रहे हैं। कौंडिन्य के चालक दल में 4 अधिकारी और 13 नाविक शामिल हैं। कौंडिन्य की ये यात्रा एक प्रकार से भारत के उन प्रयासों में मील का पत्थर साबित होगा। जो प्राचीन समुद्री विरासत को फिर से जीवित करने, उसे समझने और उसका जश्न मनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

### मजबूत होंगे द्विपक्षीय संबंध

कौंडिन्य की यात्रा से भारत और ओमान के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक मजबूती मिलने की संभावना है। जिसमें दोनों की साझा समुद्री विरासत के साथ ही प्रगाढ़ सांस्कृतिक और आमजन के संबंध भी शामिल हैं। जहाज का मस्कट जाना दोनों देशों के दोस्ती के मजबूत बंधन के अलावा आपसी विश्वास और सम्मान को भी शक्तिशाली रूप से प्रदर्शित करता है। साथ ही ये दोनों के बीच किसी जमाने में मौजूद रहे शताब्दियों पुराने समुद्री संबंधों को भी आपस में जोड़ता है। गुजरात और ओमान के बीच स्थापित गहरे ऐतिहासिक संबंध भी इससे उजागर होते हैं। जो वर्तमान में सहयोग की एक परंपरा के रूप में निरंतर आधार पर सभी के सामने विद्यमान हैं।

### नौसेना ने प्रदर्शित की प्रतिबद्धता

जहाज की यात्रा से भारतीय नौसेना समुद्री कूटनीति, विरासत के संरक्षण और क्षेत्रीय सहयोग को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित कर रही है। देश के सभ्यतागत समुद्री परिदृश्य के दृष्टिकोण से जहाज की ये विदेश यात्रा किसी मील के पत्थर से कम नहीं है। भारत की हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में एक जिम्मेदार समुद्री देश की भूमिका और उसकी सांस्कृतिक जड़ों को भी यह भली भांति दर्शाता है।

## खबर संक्षेप

### तुर्की में पुलिस मुठभेड़, 6 आतंकवादी ढेर

**अंकारा।** तुर्की में पुलिस से मुठभेड़ में इस्लामिक स्टेट के छह आतंकवादी मारे गए। इस दौरान तीन पुलिसकर्मी भी मारे गए। तुर्की के गृहमंत्री ने यह जानकारी दी है। यह मुठभेड़ सोमवार को इस्तांबुल के दक्षिण में स्थित यालोवा प्रांत में उस समय हुई, जब पुलिस ने एक ऐसे घर में छापेमारी की जहां आतंकवादी छिपे हुए थे। गृह मंत्री अली येरलिकाया ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस के आठ अन्य अधिकारी और एक गार्ड घायल हो गया।



### कार दुर्घटना में 2 भारतीय मूल की छात्राओं की मौत

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका में शनिवार को एक सड़क हादसे में दो भारतीय मूल की छात्राओं की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। हादसा कैलिफोर्निया में हुआ। पीड़ितों की पहचान महबूबाबाद जिले के गरला मंडल की रहने वाली 25 साल की पुलखंडम मेघना रानी और मुल्कनूर गांव की 24 साल की कडियाला भावना के रूप में हुई है। दोनों तीन साल पहले मास्टर डिग्री की पढ़ाई के लिए अमेरिका गई थीं।



### एचआरसीबीएम की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# बांग्लादेश में हिंदू परिवार के 5 घरों में कट्टरपंथियों ने लगाई आग, लोग बाड़ काटकर जान बचा सके

एजेंसी ⏭ ढाका

*ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फॉर बांग्लादेश माइनॉरिटिज एचआरसीबीएम की रिपोर्ट के अनुसार जून से दिसंबर तक हिंदुओं के खिलाफ ईशनिंदा के 71 मामले सामने आए। पीरोजपुर के डुमरीताला गांव में एक हिंदू परिवार के पांच घर जलाए गए, जिसे अल्पसंख्यकों पर लक्षित हमला माना जा रहा है।*

बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिराए जाने के बाद से ही अल्पसंख्यकों पर हमले लगातार बढ़ गए हैं। ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फॉर बांग्लादेश माइनॉरिटिज एचआरसीबीएम की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि इस साल जून से दिसंबर तक बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ ईशनिंदा के आरोपों से जुड़ी कम से कम 71 घटनाएं सामने आई हैं।

मुस्लिम बहुल देश के पीरोजपुर जिले के डुमरीताला गांव में एक हिंदू परिवार के कम से कम पांच घरों को आग लगा दी गई, जिसे अल्पसंख्यकों पर एक टारगेटेड हमला माना जा रहा है।

स्थानीय अधिरकारियों के अनुसार, आग लगने का सही कारण अभी तक पता नहीं चला है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि हमलावरों ने कथित तौर पर एक कमरे में कपड़ा भरकर आग लगा दी, जिससे आग तेजी से पूरे घर में फैल गई। वही स्थानीय पुलिस ने पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया है।

शेख हसीना सरकार गिरने के बाद अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े

घर का पूरा सामान जलकर खाक हुआ, पालतू जानवर भी मारे गए

### आग लगने के बाद डरा हुआ है साहू परिवार


बांग्लादेश में हिंदुओं के घरों को आग लगाते हुए कट्टरपंथी

मीडिया को मिली जानकार के मुताबिक, ढाका में साहू परिवार अभी भी डरा हुआ है। उन्होंने कैमरे के सामने आने से मना कर दिया और कहा कि उन्हें नहीं पता कि आग कैसे लग गई, पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि जब वे सुबह-सुबह आग लगने पर जागे, तो वे शुरू में अंदर फंस गए थे, क्योंकि दरवाजे बाहर से बंद थे। प्रभावित परिवारों के सभी आठ सदस्य बांस की बाड़ काटकर भागने में कामयाब रहे। हालांकि उस घर का पूरा सामान जलकर खाक हो गया और उनके पालतू जानवर भी मारे गए। यह घटना जिस जगह हुई वह राजधानी ढाका से लगभग 240 किमी दूर है।

### जून से दिसंबर तक हिंदू अल्पसंख्यकों पर 71 हमले

ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फॉर बांग्लादेश माइनॉरिटीज एचआरसीबीएम ने एक रिपोर्ट में बताया कि इस साल जून से दिसंबर तक बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ ईशनिंदा के आरोपों से जुड़ी कम से कम 71 घटनाएं सामने आईं। एचआरसीबीएम ने चांदपुर, चट्टोग्राम, दिनाजपुर, लालमोनिरहाट, सुनामगंज, खुलना, कोमिला, गाजीपुर, टांगेल और सिलहट सहित 30 से ज्यादा जिलों के मामलों को डॉक्यूमेंट किया है।

### पुलिस ने 5 संदिग्धों को किया गिरफ्तार

*पीरोजपुर के पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मंजूर अहमद सिद्दीकी ने आग लगने वाली जगह का दौरा किया और शिकायतकर्ताओं को आश्वासन दिया कि घटना की तुरंत जांच की जाएगी। स्थानीय पुलिस ने पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जबकि जांच जारी रहने के साथ बाकी आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें स्थानीय लोग कई घरों में फैली भीषण आग को बुझाने की कोशिश करते दिख रहे हैं।*

### संघर्ष विराम को जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई

## मध्यस्थता...या कूटनीति? चीन में मिले थाईलैंड और कंबोडिया के विदेश मंत्री


फाइल फोटो

एजेंसी ⏭ बीजिंग

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच जारी तनाव के बीच दोनों देशों के विदेश मंत्री सोमवार को चीन के युन्नान प्रांत में चीन के विदेश मंत्री से मिले। दोनों देशों के संघर्ष में अब चीन मध्यस्थ की भूमिका में है और इसके जरिए चीन दुनिया की वैश्विक कूटनीति में अपनी मौजूदगी को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। चीन में थाईलैंड और कंबोडिया के विदेश मंत्रियों की मुलाकात, दोनों देशों के बीच ताजा संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर के बाद हो रही है। संघर्ष विराम के साथ ही दोनों देशों का संघर्ष फिलहाल थम गया है, जिसमें अब तक 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और सीमा के दोनों तरफ हजारों लोगों को विस्थापन झेलना पड़ा है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने थाईलैंड और कंबोडिया के विदेश मंत्रियों की बैठक बुलाई थी। चीनी विदेश मंत्री वांग ने बैठक के बाद कहा, युद्ध की आग को फिर से भड़कने देना निश्चित रूप से दोनों देशों के लोग नहीं चाहते हैं, और न ही चीन ऐसा देखना चाहता है। इसलिए, हमें दृढ़ता से आगे देखना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए।

कंबोडिया के विदेश मंत्री प्राक सोखोन ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि नवीनतम संघर्ष विराम चलेगा और दोनों देशों के लिए अपने संबंधों पर काम करने और अपने मतभेदों को सुलझाने के लिए एक सकारात्मक माहौल बनेगा।

### चीन बढ़ा रहा राजनीतिक ताकत

*ये बैठकें चीन की एक अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थ के तौर पर अपनी भूमिका को मजबूत करने और खासकर, एशियाई क्षेत्रीय संकटों में अपने प्रभाव को बढ़ाने की ताजा कोशिशों को दिखाती हैं। जैसे-जैसे चीन बढ़ रहा है और क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर एक बड़ी आर्थिक और राजनीतिक ताकत बन रहा है, बीजिंग ने पिछले एक दशक से ज़्यादा समय से कूटनीतिक मामलों में तीसरे पक्ष के तौर पर अपनी आवाज बढ़ाने के लिए कई तरीकों से काम किया है।*

### बांग्लादेशी हिंदुओं की रक्षा की मांग कर रहे थे भारतीय

## फिर करतूत...लंदन में खालिस्तानियों का हुड़दंग, भारत विरोधी नारे लगाए

एजेंसी ⏭ लंदन

लंदन स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर हिंदू समुदाय के एक प्रदर्शन में खालिस्तानी समर्थकों ने हुड़दंग मचाया। भारतीय और बांग्लादेशी हिंदू बांग्लादेश में बढ़ रहे हिंदुओं की मौत और हिंसा से जुड़े मामलों को लेकर 27 दिसंबर को प्रदर्शन कर रहे थे।

इसी बीच 'सिख फॉर जस्टिस' संगठन एसएफजे से जुड़े खालिस्तानी कार्यकर्ताओं ने वहां आकर भारत विरोधी नारे लगाए और खालिस्तानी झंडे लहराए। खालिस्तानियों के हाथ में पोस्टर थे, जिन पर 'शहीद निज्जर' शहीद हादी एसेसिनेशनंस बाय मोदी' लिखा हुआ था। पोस्टर में प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर पर माला चढ़ी हुई थी। खालिस्तानियों ने प्रदर्शनकारियों के साथ धक्का-मुक्की की और भारत विरोधी नारे भी लगाए। उन्होंने भारत सरकार पर हादी को मारने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारी



बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की रक्षा की मांग कर रहे थे। वे भारत से बॉर्डर खोलने की अपील कर रहे थे ताकि बांग्लादेशी हिंदू हिंसा से बचकर भारत आ सकें। प्रदर्शन में दीपू चंद्र दास और अमृत मंडल की लिंचिंग का जिक्र किया गया। प्रदर्शनकारियों में से एक डॉ. सुबोध बिस्वास ने कहा कि हिंदू संगठन क्यों सक्रिय नहीं हो रहे? इस संकट में बांग्लादेश के हिंदू सिर्फ भारत पर भरोसा कर सकते हैं। प्रदर्शन में शामिल सनातन जागरण मंच के एक कार्यकर्ता ने कहा कि, बांग्लादेश में 2.5 करोड़ हिंदू हैं। यह छोटी संख्या नहीं है। भारत के हिंदू संगठन सिर्फ जुबानी बातें कर रहे हैं, लेकिन इसे हम एक नरसंहार की तरह देख रहे हैं।

### नए साल से पहले पर्यटकों की संख्या में हुआ इजाफा

# पहलगाम में लौटी बहार, पर्यटकों के चेहरों पर आई खुशी

एजेंसी ⏭ अनंतनाग

*पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए हमले के बाद जम्मू और कश्मीर के पर्यटन पर बड़ा प्रभाव पड़ा था। जिसके बाद से वहां के पर्यटकों की संख्या में कमी देखने को मिली थी।*

कई महीनों के बाद पहलगाम एक बार फिर चारों ओर से सजा-संवरा और जीवंत नजर आ रहा है। देश के अलग-अलग हिस्सों से आए पर्यटक घाटी की खूबसूरती का लुत्फ उठाते दिखाई दे रहे हैं। बाजारों में रौनक है, होटल गुलजार हैं और सड़कों पर पर्यटकों की आवाजाही बढ़ गई है। पर्यटकों का कहना है कि जब वे घर से निकले थे तो मन में यह आशंका थी कि शायद वे पहलगाम नहीं जाएंगे लेकिन यहां पहुंचकर उनका अनुभव पूरी तरह बदल गया। एक पर्यटक ने कहा, यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। पहलगाम की वादियां, मौसम और लोगों की मेहमाननवाजी दिल को छू जाती है।



'लव पहलगाम' स्थान पर फोटो लेता परिवार



पहलगाम में नाचते पर्यटक

### वादी सैलानियों की पहली पसंद बनी

कई जगहों पर पर्यटक हिंदी नगमों पर झूमते और नाचते हुए नजर आ रहे हैं। स्थानीय कारोबारियों और पर्यटन से जुड़े लोगों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में पर्यटकों की संख्या और बढ़ेगी जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। पहलगाम में लौटी यह रौनक एक बार फिर साबित कर रही है कि शांति और भरोसे के साथ यह वादी सैलानियों की पहली पसंद बनी रह सकती है।

### पहले से अब अच्छा है माहौल- पर्यटक

एक अन्य पर्यटक ने बताया कि वे तीसरी बार पहलगाम आए हैं और अब पहले से माहौल ओर अच्छा हो गया है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोग बहुत सपोर्टिव हैं और हर तरह से मदद कर रहे हैं। उनका बोलने का लहजा बहुत प्यारा है और नए साल को देखते हुए देश के अलग-अलग राज्यों से पर्यटक बर्फबारी का मजा लेने के लिए कश्मीर पहुंच रहे हैं और सुंदर वादियों के नजारों का लुफ्त भी उठा रहे हैं।

### पहलगाम हमले के बाद पर्यटन पर पड़ा था भारी प्रभाव

पहलगाम हमले के बाद जम्मू और कश्मीर के पर्यटन पर बड़ा प्रभाव पड़ा था। जम्मू और कश्मीर का मुख्य व्यवसाय ही पर्यटन है, यहां की दुकानों से लेकर होटल तक पर्यटकों के आने पर ही चलते हैं। ऑफ सीजन में स्थानीय लोगों की कमाई कम होती है, लेकिन बर्फबारी के सीजन में घाटी और स्थानीय लोगों के चेहरों पर अलग ही मुस्कान आ जाती है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109